संपूर्ण हिन्दी साप्ताहिक

# न्यूज स्केल

आपकी बात, खबर आपकी

**सुविचार**

असफलता केवल यह साबित करती है कि सफलता का प्रयास जारी है।



2000 – भारतीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी क्षेत्र में कई नई परियोजनाओं की शुरुआत हुई।

पूर्णिया रविवार 5 अक्टूबर 2025 email : newsscalepurnea@gmail.com | डिजिटल संस्करण | RNI NO. JHAHIN/2015/74242 | वर्ष 02, अंक 193

# प्रधानमंत्री ने बिहार के युवाओं से किया संवाद, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने राज्य के विकास में योगदान के लिए दिया धन्यवाद

**पटना, (हि.स.)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित कौशल दीक्षांत समारोह-2025 में औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) के टॉपर्स को सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्होंने 62 हजार करोड़ रुपए से अधिक की युवा-केंद्रित विभिन्न पहलों का उद्घाटन किया। कार्यक्रम में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी जुड़े।

**युवाओं के लिए बड़ी योजनाओं का शुभारंभ :** प्रधानमंत्री मोदी ने बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना का पुनर्निर्माण किया और कक्षा 9-10 के 25 लाख विद्यार्थियों को प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) के जरिए 450 करोड़ रुपये की छात्रवृत्ति राशि का हस्तांतरण किया। इसके अतिरिक्त 'बिहार युवा आयोग' का शुभारंभ किया गया और 'मुख्यमंत्री निश्चय स्वयं सहायता भत्ता योजना' के लाभुकों को राशि का वितरण किया गया। भारत रत्न जननायक कर्पूरी ठाकुर कौशल विश्वविद्यालय का उद्घाटन और एनआईटी, पटना के बिहटा कैंपस का लोकार्पण भी प्रधानमंत्री ने किया।





**शिक्षा और अनुसंधान में नए अवसर :** 'पीएम-उषा अभियान' के तहत बिहार के चार विश्वविद्यालयों—पटना विश्वविद्यालय, भूपेंद्र नारायण मंडल विश्वविद्यालय, जयप्रकाश विश्वविद्यालय और नालंदा मुक्त विश्वविद्यालय में नई शैक्षणिक एवं अनुसंधान सुविधाओं का शिलान्यास किया गया। साथ ही नवचयनित 3942 युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किये गए।

**प्रधानमंत्री का बिहार के युवाओं पर जोर :** प्रधानमंत्री ने कहा कि आज का भारत कौशल को अत्यधिक प्राथमिकता देता है। उन्होंने बिहार की शिक्षा व्यवस्था में सुधार और युवा पलायन की समस्याओं का जिक्र करते हुए कहा कि नीतीश कुमार की सरकार ने इसे पटरी पर लाया है। उन्होंने बिहार में नए कौशल विश्वविद्यालय और रोजगार के अवसरों के निर्माण की सराहना की।

**युवाओं के लिए उपलब्ध अवसर और भविष्य की योजनाएं :** नीतीश कुमार ने बताया कि वर्ष 2015 से 'बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना', 'स्वयं सहायता भत्ता योजना' और 'कुशल युवा कार्यक्रम' चलाए गए, जिनका विस्तार किया जा रहा है। 2020 के बाद से 50 लाख युवाओं को नौकरी और रोजगार दिया गया है। अगले पांच वर्षों में 1 करोड़ युवाओं को रोजगार देने का लक्ष्य तय किया गया है। मुख्यमंत्री ने बिहार में सभी क्षेत्रों—शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, बिजली—में विकास और केंद्र सरकार के सहयोग की भी जानकारी दी।

कार्यक्रम में बिहार की शिक्षा और युवाओं के लिए किए गए प्रयासों पर आधारित एक लघु फिल्म दिखाई गई। बिहार के युवाओं ने प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के समक्ष अपने अनुभव साझा किए, जिससे कार्यक्रम और भी प्रेरणादायक बना।

**मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का संदेश :** मुख्यमंत्री ने कहा कि यह कार्यक्रम युवाओं के कौशल विकास और क्षमता निर्माण का प्रतीक है। उन्होंने बताया कि बिहार में युवा आयोग और जननायक कर्पूरी ठाकुर कौशल विश्वविद्यालय की स्थापना हुई है, एनआईटी, पटना के बिहटा कैंपस का लोकार्पण हुआ है और 25 लाख विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति दी जा रही है। केंद्र सरकार ने बिहार के लिए 19 नए केंद्रीय विद्यालयों की स्वीकृति भी प्रदान की है।

1: 'बिहार युवा आयोग' और भारत रत्न कर्पूरी ठाकुर कौशल विश्वविद्यालय का उद्घाटन किया गया।

2: 'पीएम-उषा अभियान' के तहत चार विश्वविद्यालयों में नई शैक्षणिक और अनुसंधान सुविधाओं का शिलान्यास।

3: नवचयनित 3942 युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरण और बिहार के युवाओं को नौकरी-रोजगार के अवसर बढ़ाने की घोषणा।

4: मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बिहार में शिक्षा, कौशल और रोजगार क्षेत्र में किए गए विकास कार्यों का विवरण साझा किया।

## चुनाव आयोग ने मान्यता प्राप्त दलों के प्रतिनिधियों के साथ की बैठक,निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव कराने पर जोर

**पटना, (हि.स.)।** मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार की अध्यक्षता में शनिवार को चुनाव आयोग ने बिहार के सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के साथ बैठक आयोजित की। बैठक में चुनाव आयुक्त डॉ. सुखबीर सिंह संधु, डॉ. विवेक जोशी, मुख्य चुनाव अधिकारी विनोद सिंह गुंजियाल और आयोग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।



**चुनाव में पारदर्शिता और सहयोग पर जोर :** बैठक के बाद आयोग ने कहा कि राजनीतिक दल लोकतंत्र की आधारशिला हैं और उन्हें चुनावी प्रक्रिया के हर पड़ाव पर पारदर्शी रूप से भाग लेना चाहिए। आयोग ने सभी दलों से चुनाव के पर्व को सौहार्दपूर्ण ढंग से मनाने, मतदाताओं का सम्मान करने और प्रत्येक बूथ पर अपने पोलिंग एजेंट नामित करने की अपील की।

**विशेष मतदाता पुनरीक्षण और नए प्रावधानों की सराहना**

राजनीतिक दलों ने आयोग द्वारा आयोजित विशेष मतदाता पुनरीक्षण (SIR) की पारदर्शिता और दृढ़ता की प्रशंसा की। साथ ही, सभी दलों ने मतदान केंद्र पर 1,200 मतदाताओं की अधिकतम संख्या निर्धारित करने और पोस्टल वोटों की गिनती एवं फॉर्म 17सी जैसे हालिया कदमों की सराहना की।

**चुनाव की समयावधि और चरणों पर सुझाव :** बैठक में दलों ने बिहार के मतदाताओं की अधिक भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए छठ पर्व के तुरंत बाद चुनाव कराने की मांग की। इसके अतिरिक्त, उन्होंने चुनाव को कम से कम चरणों में आयोजित करने का सुझाव दिया। सभी दलों ने स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव सुनिश्चित करने में आयोग पर पूर्ण विश्वास व्यक्त किया।

## यूके के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर आठ को दो दिवसीय दौरे पर भारत आएंगे

**नई दिल्ली, (हि.स.)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के निमंत्रण पर यूनाइटेड किंगडम (यूके) के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर 08 अक्टूबर को दो दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर भारत आएंगे। यह प्रधानमंत्री स्टार्मर की भारत की पहली आधिकारिक यात्रा होगी। इस दौरान दोनों नेता 09 अक्टूबर को मुंबई में मुलाकात करेंगे और 'विजन 2035' के तहत भारत-यूके व्यापक रणनीतिक साझेदारी के विभिन्न पहलुओं की समीक्षा करेंगे।



**व्यापार, निवेश और नवाचार पर चर्चा :** प्रधानमंत्री मोदी और स्टार्मर व्यापार और निवेश, तकनीक, नवाचार, रक्षा एवं सुरक्षा, जलवायु, ऊर्जा, स्वास्थ्य, शिक्षा और जन-संवाद जैसे प्रमुख क्षेत्रों पर चर्चा करेंगे। दोनों नेता भारत–यूके व्यापक आर्थिक और व्यापार समझौते (सीईटीए) से उत्पन्न अवसरों पर उद्योग जगत के प्रतिनिधियों के साथ विचार-विमर्श करेंगे।

**ग्लोबल फिनटेक फेस्ट में भागीदारी :** दोनों प्रधानमंत्री मुंबई में आयोजित छठे ग्लोबल फिनटेक फेस्ट में भी भाग लेंगे और मुख्य भाषण देंगे। यह यात्रा प्रधानमंत्री मोदी के जुलाई 2025 के यूके दौरे से उत्पन्न सहयोग को और मजबूती प्रदान करेगी और भारत-यूके साझेदारी को नए आयाम देगी।

### पीटर मुथारिका ने दूसरी बार संभाली मलावी की सत्ता

**ब्लैंटायर (मलावी), (हि.स.)।** मलावी के पीटर मुथारिका ने शनिवार को देश के राष्ट्रपति पद की शपथ लेकर अपने दूसरे कार्यकाल की शुरुआत की। 85 वर्षीय मुथारिका ने पिछले महीने हुए चुनावों में 56 प्रतिशत से अधिक मत प्राप्त कर 70 वर्षीय निवर्तमान राष्ट्रपति लाजरस चकवेरे को पराजित किया। यह मुथारिका और चकवेरे के बीच चौथा राष्ट्रपति मुकाबला था। शपथ ग्रहण समारोह ब्लैंटायर के स्टेडियम में आयोजित हुआ, जिसमें डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव पार्टी के समर्थक, सरकारी अधिकारी और अफ्रीकी देशों के राष्ट्राध्यक्ष उपस्थित थे। अपने उद्घाटन भाषण में मुथारिका ने कहा कि देश गंभीर आर्थिक संकट का सामना कर रहा है, जिसमें खाद्य संकट, बढ़ती जीवनयापन लागत और विदेशी मुद्रा की कमी शामिल है। उन्होंने भ्रष्टाचार को समाप्त करने और अर्थव्यवस्था सुधारने का वादा किया। मुथारिका ने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से निवेश का आह्वान किया और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को विशेष रूप से संबोधित किया। इस बीच, चकवेरे ने उन्हें सफलता और अच्छे स्वास्थ्य की शुभकामनाएं दी हैं।

## राजद कार्यकर्ताओं के असंतोष पर भाजपा का तंज, कहा- सूत न कपास जुलाहों में लट्ठम-लट्ठा

**नई दिल्ली, (हि.स.)।** बिहार में विधानसभा चुनाव से पहले राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के अंदर असंतोष की खबरें बढ़ रही हैं। शनिवार को पार्टी कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने राजद प्रमुख लालू प्रसाद यादव और पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी के सरकारी आवास का घेराव किया। इस पर केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि बिहार में जो हो रहा है, वह सभी लोग आश्चर्य के साथ देख रहे हैं। उन्होंने कहा कि युवाओं, महिलाओं, किसानों और गरीबों के सशक्तिकरण को देखकर विपक्ष कुंठित है।



**परिवारवाद बनाम कुर्सीवाद** भाजपा नेता शिवराज सिंह ने कहा कि राजद में परिवारवाद कुर्सीवाद में उलझ गया है। मुख्यमंत्री पद का दावेदार कौन होगा और किसको कौन सी सीट मिलेगी, इस पर पार्टी और गठबंधन में अंदरूनी लड़ाई चल रही है। उन्होंने राजद और कांग्रेस के कार्यकर्ताओं में असंतोष का उल्लेख करते हुए कहा कि "सूत न कपास जुलाहों में लट्ठम-लट्ठा" जैसी स्थिति बनी है।

**राहुल गांधी पर निशाना :** शिवराज सिंह ने कांग्रेस सांसद और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर भी तीखा हमला किया। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी की कुंठा विदेशों में दिखती है और देश को बदनाम करने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने आश्वस्त किया कि जनता उन्हें कभी स्वीकार नहीं करेगी और इस बार बिहार में एनडीए रिकॉर्डतोड़ बहुमत के साथ सरकार बनाएगी।

## तमिलनाडु में खासी की दवा में मिले हानिकारक तत्व, स्वास्थ्य मंत्रालय ने छह राज्यों में 19 दवा निर्माण इकाइयों में शुरू की जांच

**नई दिल्ली, (हि.स.)।**

» **स्वास्थ्य मंत्रालय ने दो साल से छोटे बच्चों को कफ सिरप न देने की चेतावनी जारी की है।**

तमिलनाडु में खांसी की दवा कोल्ड्रिफ कफ सिरप के सैंपल में हानिकारक रसायन पाए जाने के बाद खाद्य एवं औषधि प्रशासन (एफडीए) ने इसके उत्पादन और बिक्री पर रोक लगा दी है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की रिपोर्ट के अनुसार, कांचीपुरम स्थित स्रेशन फार्मा के मैन्युफैक्चरिंग यूनिट से लिए गए सैंपल्स में डाइएथिलीन ग्लाइकॉल (डीईजी) तय सीमा से अधिक मात्रा में पाया गया। यह जांच मध्य प्रदेश सरकार के अनुरोध पर कराई गई थी।

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय MINISTRY OF HEALTH AND FAMILY WELFARE

**जांच का दायरा बढ़ाया गया** मामले की गंभीरता को देखते हुए केंद्र सरकार ने अब छह राज्यों में 19 दवा निर्माण इकाइयों की जांच शुरू कर दी है। इस टीम में आईसीएमआर, एनआईवी, नीरी, सीडीएससीओ और एम्स नागपुर के विशेषज्ञ शामिल हैं। टीम विभिन्न सैंपल और कारणों की जांच कर रही है ताकि यह स्पष्ट हो सके कि बच्चों की मौत दवा से हुई है या किसी अन्य संक्रमण या पर्यावरणीय कारण से।


**मध्य प्रदेश में बच्चों की मौत**

छिंदवाड़ा, मध्य प्रदेश में कफ सिरप पीने से 10 बच्चों की मौत हुई है। पहला संदिग्ध मामला 24 अगस्त को सामने आया था और पहली मौत 7 सितंबर को हुई। इसके बाद 15 दिनों के भीतर किडनी फेल होने से छह बच्चों की मौत हुई। राजस्थान में भी इसी दवा के सेवन से दो बच्चों की मौत दर्ज की गई है।

**मंत्रालय की चेतावनी :**

स्वास्थ्य मंत्रालय ने ऐतिहातन परामर्श जारी किया है कि दो साल से छोटे बच्चों को कफ सिरप न दिया जाए। मंत्रालय ने यह भी बताया कि सीडीएससीओ द्वारा एकत्र किए गए 6 नमूनों और टीम द्वारा एकत्र किए गए 13 नमूनों में से कुछ का विश्लेषण किया गया, जो हानिकारक रसायन से मुक्त पाए गए।

## हथियार डीलर संजय भंडारी ने ईडी की याचिका खारिज करने की मांग की




**नई दिल्ली, (हि.स.)।** मनी लॉन्ड्रिंग मामले में भगोड़ा हथियार डीलर संजय भंडारी ने दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट में अपनी संपत्तियों को जब्त करने की ईडी याचिका को खारिज करने की मांग की है। भंडारी ने कहा कि ईडी नई जानकारी पेश नहीं कर सकती। ईडी के अनुसार, भंडारी के पास भारत, दुबई और ब्रिटेन में बेनामी संपत्तियां हैं और कुल संपत्ति सौ करोड़ रुपये से अधिक है। कोर्ट ने 5 जुलाई को उन्हें भगोड़ा घोषित किया था। भंडारी ने इसके खिलाफ दिल्ली उच्च न्यायालय में चुनौती दी है। ईडी की पूरक चार्जशीट में यूएई और ब्रिटेन के व्यवसायियों के नाम शामिल हैं। आरोप है कि भंडारी ने कांग्रेस-नीत संप्रग शासन में कमीशन लेकर लंदन में संपत्ति खरीदी, जिसका लाभार्थी रॉबर्ट वाड्रा हैं

## बिना फास्टैग के नकद भुगतान पर दोगुना टोल, यूपीआई पर 1.25 गुना शुल्क

**नई दिल्ली, (हि.स.)।** केंद्र सरकार ने टोल प्लाजा नियमों में बड़ा बदलाव किया है। 15 नवंबर से वैध फास्टैग वाले वाहन उपयोगकर्ताओं को नकद भुगतान पर दोगुना टोल देना होगा, जबकि यूपीआई के माध्यम से भुगतान करने पर 1.25 गुना शुल्क लगेगा। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने बताया कि यह बदलाव डिजिटल भुगतान को बढ़ावा देने और नकद लेन-देन को सीमित करने के उद्देश्य से किया गया है।



नए नियमों के अनुसार, बिना वैध फास्टैग वाले वाहन टोल प्लाजा में प्रवेश करेंगे तो उन्हें नकद में दोगुना शुल्क देना होगा। उदाहरण के लिए, 100 रुपये का टोल नकद में 200 रुपये और यूपीआई से 125 रुपये होगा। राष्ट्रीय राजमार्ग शुल्क (दरों का निर्धारण एवं संग्रहण) (तृतीय संशोधन) नियम, 2025, 15 नवंबर से लागू होंगे। मंत्रालय ने कहा कि ये नियम पारदर्शिता बढ़ाएंगे, टोल प्लाजा पर भीड़ कम करेंगे और डिजिटल भुगतान को प्रोत्साहित करेंगे।

## बरेली बवाल : आरोपितों के अवैध बारात घर पर चला बुलडोजर, मकान भी सील

**बरेली, (हि.स.)।** 'आई लव मुहम्मद' विवाद के मुख्य आरोपी मौलाना तौकीर रजा के करीबी डॉ. नफीस के अवैध बारात घर 'रजा पैलेस' पर शनिवार को बुलडोजर चला। बीडीए और नगर निगम की टीम ने तीन बुलडोजरों से हॉल की बाहरी बाउंड्री और अंदर के हिस्सों को ढहा दिया। इलाके में भारी पुलिस बल तैनात रहा। इसी क्रम में पुराना शहर क्षेत्र में अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाकर 15 दुकानों के आगे बढ़ाए गए हिस्सों को हटाया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य ने अवैध संपत्तियों की सूची तैयार कर सख्त



कार्रवाई का भरोसा दिलाया। साथ ही तौकीर रजा के सहयोगी कारोबारी फरहत खां के फाइक एनक्लेव स्थित आलीशान मकान को भी सील कर दिया गया। फरहत पर आरोप है कि उसने मौलाना को शरण और आर्थिक मदद दी थी। मकान खाली पाए जाने पर मुख्य गेट का ताला तोड़कर सील किया गया और पूरी कार्रवाई की वीडियोग्राफी कराई गई

# मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मुंगेर में 12,690 करोड़ की विकास योजनाओं का भव्य शिलान्यास





**पटना,** (हि.स.)।आज माननीय मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार जी ने मुंगेर जिले में प्रगति यात्रा के दौरान लगभग 12,690 करोड़ रुपए की लागत से 15 नई विकासात्मक योजनाओं का शिलान्यास किया। इन योजनाओं का उद्देश्य जिले में विकास कार्यों को नई गति और दिशा प्रदान करना है।मुख्यमंत्री जी ने कहा कि इन योजनाओं से ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के लोगों के जीवन स्तर में सुधार होगा और उन्हें प्रत्यक्ष लाभ प्राप्त होगा।

**सामाजिक सुरक्षा व संवाद कार्यक्रम :** मुख्यमंत्री जी ने सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के लाभार्थियों, जीविका दीदियों, विद्युत उपभोक्ताओं तथा अन्य योजना लाभार्थियों के साथ संवाद कार्यक्रम में भाग लिया। इस दौरान उन्होंने योजनाओं के क्रियान्वयन और लाभ वितरण की गुणवत्ता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि सरकार का प्रयास है कि सभी लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ समय पर और प्रभावी रूप से मिल सके।

**स्थानीय जनता से संवाद और समस्याओं का समाधान :** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने स्थानीय लोगों से सीधे संवाद करते हुए उनकी समस्याओं और सुझावों को सुना। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनता की समस्याओं का समाधान शीघ्रता से सुनिश्चित किया जाए। इस प्रकार यह यात्रा केवल योजनाओं के उद्घाटन तक सीमित नहीं रही, बल्कि जिले के विकास और जनकल्याण के लिए जनता के सुझावों को भी शामिल किया गया।

## बिहार में मखाना महोत्सव और एनडीए की सरकार पर भरोसा



**पटना,** (हि.स.)पटना में "मखाना महोत्सव 2025" में केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मखाना उत्पादन बढ़ाने के लिए राष्ट्रीय मखाना बोर्ड की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि बोर्ड उत्पादन लागत कम करेगा और अधिक उपज देने वाली नई किस्में विकसित करेगा। मखाना निकालने के लिए मशीनों के इस्तेमाल को बढ़ावा देने से किसानों के लिए यह काम आसान और सुरक्षित होगा।

**बिहार की वैश्विक पहचान** शिवराज सिंह चौहान ने बताया कि बिहार दुनिया में सबसे ज्यादा मखाना उत्पादित करता है और इसकी मांग भारत और विदेशों में लगातार बढ़ रही है। उन्होंने किसानों को आधुनिक खेती के तरीके अपनाने की सलाह दी, जिससे बिहार मखाना का एक प्रमुख उत्पादक बना रहेगा।

**विकास पर विशेष जोर**
केंद्रीय मंत्री ने कहा कि पहले बिहार में विकास पर ध्यान नहीं दिया जाता था, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में अब हर क्षेत्र में विकास दिखाई दे रहा है। उन्होंने न्यूनतम समर्थन मूल्य (MSP) बढ़ाने और फसलों के लिए नई योजनाओं का जिक्र भी किया।

**एनडीए सरकार पर भरोसा**
शिवराज सिंह चौहान ने स्पष्ट किया कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (NDA) बिहार में फिर से सरकार बनाएगा। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में विकास की गंगा बह रही है और इस बार एनडीए रिकॉर्ड बहुमत के साथ सत्ता में आएगा।

# एदारा-ए-शरिया ने की राष्ट्रपति व प्रधानमंत्री से बरेली घटना में हस्तक्षेप की मांग




**पटना,** (हि.स.) बिहार की राजधानी पटना स्थित एदारा-ए-शरिया ने उत्तर प्रदेश के बरेली ज़िले में मौलाना तौकीर रज़ा और अन्य मुस्लिम नागरिकों की गिरफ्तारी एवं उनके मकानों के तोड़े जाने की घटनाओं को असंवैधानिक और अलोकतांत्रिक करार देते हुए राज्यपाल से मिलकर राष्ट्रपति एवं प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा।

**मुख्य मांगें और न्यायिक हस्तक्षेप की अपील :** एदारा-ए-शरिया ने राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री से तीन प्रमुख मांगें की हैं। पहली, बरेली की घटनाओं की न्यायिक जांच कराई जाए और मौलाना तौकीर रज़ा समेत सभी गिरफ्तार नागरिकों को तत्काल रिहा किया जाए। दूसरी, जिन परिवारों के मकान तोड़े गए हैं, उन्हें उचित मुआवज़ा और पुनर्वास प्रदान किया जाए। तीसरी, उत्तर प्रदेश सरकार को निर्देशित किया जाए कि भविष्य में किसी भी समुदाय के मौलिक अधिकारों का हनन न हो। संस्था ने चेतावनी दी कि यदि ऐसी घटनाओं को रोका नहीं गया, तो देश के लोकतांत्रिक मूल्यों और संवैधानिक मर्यादाओं पर गंभीर असर पड़ेगा।

**राज्यपाल को तसनीफ और विश्वास का संदेश :** प्रतिनिधिमंडल ने एदारा-ए-शरिया के संस्थापक अल्लामा अरशदुल कादरी अलैहे रहमा की 28 जिलदों वाली तसनीफ बिहार के राज्यपाल को भेंट की। प्रतिनिधिमंडल में क़ाज़ीए शरियत मुफ्ती अमजद रज़ा अमजद, मुफ्ती हसन रज़ा नुरी, सदर मुफ़्ती, सैय्यद मौलाना अहमद रज़ा मोहतमीम, मौलाना गुलाम जिलानी और मोहम्मद आसिफ़ रज़ा शामिल थे। सदस्यों ने भरोसा जताया कि महामहिम राष्ट्रपति और भारत सरकार इस मामले में हस्तक्षेप कर न्याय और निष्पक्षता सुनिश्चित करेंगे।


**प्रतिनिधिमंडल की बैठक और ज्ञापन प्रस्तुतिकरण :**
एदारा-ए-शरिया के अध्यक्ष एवं पूर्व सांसद मौलाना गुलाम रसूल बलियावी के नेतृत्व में पांच सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान से मुलाकात की। ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि बरेली में स्थानीय प्रशासन और पुलिस की कार्रवाई ने नागरिकों के मौलिक अधिकारों, विशेषकर जीवन, स्वतंत्रता, आवासीय सुरक्षा और धार्मिक स्वतंत्रता का गंभीर उल्लंघन किया है। प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि बिना न्यायिक प्रक्रिया के गिरफ्तारी और मकानों को तोड़ना भारतीय संविधान और लोकतांत्रिक मूल्यों के खिलाफ है।

# पटना में धरना-प्रदर्शन पर पाबंदी, प्रशासन ने जारी किया आदेश



**पटना,** (हि.स.)अनुमंडल दंडाधिकारी, पटना सदर ने जिले में कानून-व्यवस्था बनाए रखने और यातायात को सुगम व सुरक्षित बनाए रखने के उद्देश्य से महत्वपूर्ण आदेश जारी किया है। आदेश के अनुसार, अशोक राजपथ (एनआईटी मोड़ से कारगिल चौक तक), गांधी मैदान की परिधि और डाकबंगला चौराहा में किसी भी प्रकार के धरना-प्रदर्शन पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध रहेगा। यह कार्रवाई भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 के तहत की गई है। जानकारी के अनुसार, जिला प्रशासन ने कई वर्ष पूर्व ही माननीय पटना उच्च न्यायालय के निर्देशों के अनुरूप धरना-प्रदर्शन के लिए गर्दनीबाग में विशेष स्थल चिन्हित किया था। अब नागरिकों और विभिन्न संगठनों से अनुरोध किया गया है कि वे अपने प्रदर्शन और विरोध-प्रदर्शन केवल इस निर्धारित स्थल पर आयोजित करें, ताकि शहर में सार्वजनिक मार्गों पर यातायात बाधित न हो और सामान्य नागरिकों को असुविधा का सामना न करना पड़े। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। यह निर्णय पटना शहर में शांति और सुव्यवस्था बनाए रखने के प्रयासों का हिस्सा है। अधिकारियों ने नागरिकों से सहयोग की अपील करते हुए, कहा कि सभी लोग इस दिशा में नियमों का पालन करें और किसी प्रकार की अव्यवस्था से बचें।

## कांग्रेस ने बिहार की फाइनल वोटर लिस्ट में गड़बड़ियों का आरोप लगाया



**पटना,** (हि.स.)कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने बिहार विधानसभा चुनाव की अंतिम मतदाता सूची में बड़ी गड़बड़ियों का दावा किया है। उन्होंने कहा कि स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (SIR) प्रक्रिया के बाद जारी लिस्ट में कई अनियमितताएं हैं, जैसे एक ही घर में 247 मतदाता और एक बूथ पर एक व्यक्ति का नाम तीन-तीन बार दर्ज होना। रमेश ने चुनाव आयोग पर बीजेपी की "टीम-बी" बनने और सुप्रीम कोर्ट के आदेशों की अनदेखी करने का आरोप लगाया। उन्होंने 47 लाख मतदाताओं के नाम हटाए जाने पर चिंता जताई और निष्पक्षता की अपील की। अंतिम सूची के अनुसार बिहार में कुल मतदाता 7.42 करोड़ हैं।

# वाराणसी मण्डल के विभिन्न खण्डों में भारी बारिश व जलभराव के कारण रेल यातायात प्रभावित, कई रेल गाड़ियां हुई रद्द



**पटना,** (हि.स.) पूर्वोत्तर रेलवे के वाराणसी मण्डल अंतर्गत विभिन्न रेल खण्डों पर अत्यधिक वर्षा और जलभराव के कारण ट्रेनों का परिचालन प्रभावित हुआ है। सुरक्षा और यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए रेलवे प्रशासन ने कई गाड़ियों का निरस्तीकरण, मार्ग परिवर्तन एवं शार्ट टर्मिनेशन/शार्ट ओरिजिनेशन का निर्णय लिया है।

**निरस्त की गई प्रमुख गाड़ियाँ** रेलवे ने 04 अक्टूबर, 2025 को कई नियमित और विशेष गाड़ियों को निरस्त किया है। इसमें थावे-पटना-थावे विशेष गाड़ी, थावे-कप्तानगंज सवारी गाड़ी, थावे-सीवान सवारी गाड़ी, छपरा-वाराणसी सिटी सवारी गाड़ी, गोरखपुर-छपरा सवारी गाड़ी तथा गोरखपुर छावनी-वाराणसी सिटी एक्सप्रेस जैसी यात्री गाड़ियाँ शामिल हैं। इसके अलावा 05 अक्टूबर को पंचदेवरी हाल्ट-सोनपुर डेमू गाड़ी निरस्त रहेगी। निरस्तीकरण का उद्देश्य रेल खण्डों पर जलभराव और संरक्षा सुनिश्चित करना है।

**नियंत्रित रेल खण्ड और यात्रियों की सुविधा :** गोरखपुर छावनी-छपरा ग्रामीण, छपरा-औंड़िहार-छपरा तथा औंड़िहार-भटनी रेल खण्ड पर सुरक्षा दृष्टिगत गाड़ियों को नियंत्रित कर चलाया जा रहा है। यात्रियों को स्टेशनों पर जनसंबोधन प्रणाली के माध्यम से लगातार जानकारी दी जा रही है।

**परिवर्तित मार्ग से चल रही गाड़ियाँ :** वर्षा और मार्ग बाधित होने के कारण कई लंबी दूरी की गाड़ियाँ परिवर्तित मार्ग से चल रही हैं। नई दिल्ली-ललितग्राम वैशाली एक्सप्रेस, अमृतसर-कटिहार आम्रपाली एक्सप्रेस, नई दिल्ली-दरभंगा क्लोन विशेष गाड़ी, काठगोदाम-हावड़ा बाघ एक्सप्रेस, अमृतसर-जयनगर शहीद एक्सप्रेस और बरौनी-नई दिल्ली विशेष गाड़ी जैसी ट्रेनें गोरखपुर, कप्तानगंज, पनियहवा, नरकटियागंज और मुजफ्फरपुर के रास्ते संचालित की जा रही हैं। इसी तरह जयनगर-अमृतसर शहीद एक्सप्रेस और ललितग्राम-नई दिल्ली वैशाली एक्सप्रेस भी परिवर्तित मार्ग से गुजर रही हैं।

**यात्रियों के लिए राहत उपाय** रेल प्रशासन ने प्रभावित गाड़ियों के यात्रियों को खाने-पीने का समान उपलब्ध कराया है। इसके अलावा रेलवे ने स्टेशनों पर कर्मचारियों और सूचना प्रणाली के माध्यम से यात्रियों को सुरक्षित यात्रा हेतु मार्गदर्शन दिया है।

**रेल परिचालन पर वर्षा का प्रभाव :** पूर्वोत्तर रेलवे के अनुसार, अत्यधिक वर्षा और जलभराव के कारण रेल परिचालन अस्थायी रूप से प्रभावित हुआ है। यात्रियों से अपील की गई है कि वे अपनी यात्रा योजना में बदलाव करें और अपडेट जानकारी के लिए रेलवे की वेबसाइट और सूचना प्रणाली का उपयोग करें।

**शार्ट टर्मिनेशन और शार्ट ओरिजनेशन :** कुछ गाड़ियाँ निर्धारित मार्ग के पूर्ण हिस्से तक नहीं चल रही हैं। लखनऊ-पाटलिपुत्र एक्सप्रेस, पाटलिपुत्र-लखनऊ एक्सप्रेस, लोकमान्य तिलक टर्मिनस-आजमगढ़ सुपरफास्ट एक्सप्रेस, आजमगढ़-लोकमान्य तिलक टर्मिनस सुपरफास्ट एक्सप्रेस, बनारस-गोरखपुर इंटरसिटी और गोरखपुर-बनारस इंटरसिटी एक्सप्रेस जैसी गाड़ियाँ शार्ट टर्मिनेशन/ओरिजिनेशन के तहत परिवर्तित मार्ग से चलाई जा रही हैं।

# राबड़ी आवास में राजद कार्यकर्ताओं का हंगामा, विधायक सतीश दास को टिकट न देने की मांग



**पटना,** (हि.स.)। राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव के आवास राबड़ी में आज मखदुमपुर विधानसभा क्षेत्र के पार्टी कार्यकर्ताओं ने जोरदार हंगामा किया। यह हंगामा मुख्य रूप से अपने ही विधायक सतीश दास के खिलाफ था। कार्यकर्ताओं का आरोप था कि वर्तमान विधायक ने क्षेत्र के विकास कार्यों पर ध्यान नहीं दिया और पार्टी कार्यकर्ताओं की समस्याओं को नजरअंदाज किया। नाराज कार्यकर्ताओं ने लालू यादव के आवास तक पहुंचकर सतीश दास को आगामी विधानसभा चुनाव में टिकट न देने की पुरज़ोर मांग की। उन्होंने कहा कि विधायक ने जनता और समर्पित कार्यकर्ताओं के साथ विश्वासघात किया है, इसलिए उन्हें किसी भी हालात में चुनाव में प्रतिनिधित्व नहीं मिलना चाहिए। कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते हुए अपनी नाराजगी व्यक्त की और क्षेत्र में उनके कामकाज की खामियों को उजागर किया। राजद कार्यकर्ताओं का कहना है कि विधायक सतीश दास ने मखदुमपुर क्षेत्र के विकास के महत्वपूर्ण मुद्दों को अनदेखा किया है, जिससे जनता और पार्टी कार्यकर्ताओं में असंतोष पैदा हुआ है। उन्होंने लालू यादव से आग्रह किया कि आगामी चुनाव में पार्टी कार्यकर्ताओं की भावनाओं का सम्मान करते हुए सतीश दास को टिकट न दिया जाए। बिहार विधानसभा चुनाव से पहले मखदुमपुर क्षेत्र में राजद कार्यकर्ताओं का अपने ही विधायक के प्रति यह विरोध पार्टी में चर्चा का मुख्य विषय बन गया है। राजनीतिक विश्लेषक इसे चुनावी तैयारियों के दौरान पार्टी के भीतर मतभेद के संकेत रूप में देख रहे हैं।

## बिहार में बारिश के बिगड़े हालात,सारण-सिवान, रोहतास और गोपालगंज जलमग्न,मौसम विभाग का अलर्ट



**पटना,** (हि.स.)।बिहार में बीते दिन से हो रही मूसलाधार बारिश से छपरा, रोहतास, सीवान और गोपालगंज में जनजीवन प्रभावित हो गया है। कई जगहों पर सड़कें और मोहल्ले जलमग्न हो गए हैं। एहतियातन सभी स्कूल और आंगनबाड़ी केंद्र बंद कर दिए गए हैं। किसानों की फसलें भी बर्बाद हुई हैं। राजधानी पटना के बाइपास मोहल्ले में भी जलभराव हुआ है।

**रोहतास और सारण में बाढ़ जैसी स्थिति :** रोहतास में बारिश ने कई गांवों में बाढ़ जैसी स्थिति पैदा कर दी है। प्रतापगढ़ मोहल्ला में 20 कच्चे मकान गिर गए, जिसमें महिलाओं और बच्चों को चोटें आई हैं। एसडीआरएफ की टीम राहत और रेस्क्यू कार्य में जुटी हुई है। डेहरी अनुमंडल प्रशासन ने सोन नदी के तटीय इलाकों में अलर्ट जारी किया है। सारण जिले में सुरक्षा के मद्देनजर बिजली काट दी गई और स्कूल बंद कर दिए गए हैं।

**सीवान, पूर्वी चंपारण और गोपालगंज में प्रभाव :** सीवान में लगातार बारिश के कारण निजी और सरकारी स्कूलों की कक्षाएं नर्सरी से कक्षा 12 तक बंद कर दी गई हैं। पूर्वी चंपारण के मोतिहारी में शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में जलभराव हुआ है। गोपालगंज में गली-मुहल्ले और मुख्य मार्ग जलमग्न हैं, सदर अस्पताल का इमरजेंसी वार्ड भी प्रभावित हुआ है।

**बारिश के आंकड़े और मौसम विभाग की चेतावनी :** बीते 24 घंटे में सिवान के महाराजगंज में 324.6 मिमी, भोजपुर के जगदीशपुर में 290.4 मिमी और रोहतास के करगहर में 160.4 मिमी बारिश दर्ज की गई। मौसम विभाग ने येलो, रेड और ब्लैक अलर्ट जारी करते हुए लोगों को सुरक्षित स्थानों पर रहने और बिजली के खुले तारों व ऊंचे पेड़ों से दूर रहने की सलाह दी है।

# पूर्णिया में आज भारी वर्षा और तूफान का ऑरेंज अलर्ट नागरिकों को सतर्क रहने की प्रशासन की अपील

## 05 अक्टूबर रविवार को भारी वर्षा, वज्रपात एवं 40-60 किमी प्रति घंटे की गति से आंधी-तूफान आने की संभावना ,रहें सतर्क

**न्यूज़ स्केल पूर्णिया**

बिहार सरकार के आपदा प्रबंधन विभाग और बिहार मौसम सेवा केंद्र, पटना ने पूर्णिया जिला में 05 अक्टूबर 2025 को भारी वर्षा, वज्रपात एवं 40-60 किमी प्रति घंटे की गति से आंधी-तूफान आने की संभावना के चलते ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। जिला प्रशासन ने सभी नागरिकों से सतर्क रहने और आवश्यक सुरक्षा उपाय अपनाने की अपील की है।

**मौसम का अलर्ट और संभावित खतरे**

मौसम विभाग के अनुसार उत्तरी और पूर्वी भागों में अत्यधिक वर्षा होने की संभावना है। इस दौरान नदियों के जल ग्रहण क्षेत्रों में भी भारी से अत्यंत भारी वर्षा का अनुमान है, जिससे नदियों में जलस्तर बढ़ सकता है और बाढ़ जैसी स्थिति उत्पन्न होने की आशंका है। प्रशासन ने ग्रामीण

05 OCT 2025 (2 AM To 8 AM)

| Intensity | District | Block |
|---|---|---|
| Severe | Araria | Araria, Bhargama, Forbesganj, Jokihat, Kursakatta, Narpatganj, Palasi, Raniganj, Sikti |
| | Kishanganj | Bahadurganj, Dighalbank, Kishanganj, Kochadhamin, Pothia, Terhagachh, Thakurganj |
| | Purnea | Amour, Baisa, Baisi, Banmankhi, Barhara, Dagarua, Dhamdaha, Jalalgarh, Kasba, Krityanand Nagar, Purnia East, Srinagar |
| | Supaul | Basantpur, Chhatapur, Kishanpur, Marauna, Nirmali, Pipra, Pratapganj, Raghopur, Saraigarh Bhaptiahi, Supaul, Tribeniganj |
| High | Banka | Amarpur, Banka, Barhat, Bausi, Belhar, Chanan, Dhuraiya, Katoria, Phulidumar, Rajaun, Shambhuganj |
| | Begusarai | Sahebpur Kamal |

| Intensity | District | Block |
|---|---|---|
| | Bhagalpur | Goradih, Jagdishpur, Nathnagar, Shahkund |
| | Darbhanga | Alinagar, Benipur, Biraul, Ghanshyampur, Gora Bauram, Kiratpur, Kusheshwar Asthan Purbi, Manigachhi, Tardih |
| | East Champaran | Adapur, Ramgarhwa, Raxaul |
| | Gopalganj | Bhorey, Bijaipur, Katiya, Kuchaikote, Pach Deuri, Phulwaria |
| | Jamui | Chakai, Gidhaur, Jhajha, Lakshmipur, Sonho |
| | Katihar | Azamnagar, Balrampur, Barsoi, Dandkhora, Hasanganj, Kadwa, Pranpur |
| | Khagaria | Alauli, Gogri, Khagaria |
| | Madhepura | Gamharia, Ghailarh, Kumarkhand, Madhepura, Murliganj, Shankarpur, Singheshwar |
| | Madhubani | Andhra Tharhi, Babu Barhi, Basopatti, Benipatti, Bisfi, Ghoghardiha, Harlakhi, Jainagar, Jhanjharpur, Kaluahi, Khajauli, Ladania, Lakhnaur, Laukaha, Laukahi, Madhepur, Madhubani, Pandaul, Phulparas, Rajnagar |
| | Munger | Bariarpur, Dharhara, Jamalpur, Kharagpur, Munger, Sangrampur |
| | Saharsa | Banma Itahari, Kahara, Mahishi, Nauhatta, Patarghat, Salkhua, Satar Kataiya, Saur Bazar, Simri Bakhtiarpur, Sonbarsa |
| | Samastipur | Bithan |
| | Sitamarhi | Bajpatti, Bathnaha, Majorganj, Parihar, Pupri, Sonbarsa, Suppi, Sursand |
| | West Champaran | Bagaha, Bairia, Bettiah, Bhitaha, Chanpatia, Lauriya, Madhubani, Majhaulia, Nautan, Thakrahan, Yogapatti |

और शहरी इलाकों में रहने वाले लोगों को अतिरिक्त सतर्क रहने के निर्देश दिए हैं।

**नागरिकों के लिए सुरक्षा निर्देश**

जिला प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे अनावश्यक घर से बाहर न निकलें। किसी पेड़, बिजली के खंभे या कमजोर संरचना के नीचे शरण न लें। नदी, तालाब, नहर या अन्य जल स्त्रोतों से दूर रहें और बच्चों को भी सुरक्षित स्थान पर रखें। खुले खेतों में वर्षा और वज्रपात के समय कृषि कार्य नहीं करना चाहिए।

**पशु सुरक्षा और आपातकालीन संपर्क**

पशुओं को सुरक्षित स्थान पर रखें और खुले में न बांधें। किसी भी आपात स्थिति में तुरंत अपने अंचलाधिकारी या स्थानीय थाना को सूचना दें। इसके अलावा, जिला आपातकालीन संचालन केंद्र से भी संपर्क किया जा सकता है। संपर्क नंबर हैः 06454242317, 06454242319 और 06454242320।

**प्रशासन की तैयारियाँ और जागरूकता** : जिला प्रशासन ने सभी संबंधित विभागों को सतर्क रहने और आपातकालीन व्यवस्थाएँ सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। आम नागरिकों को भी मौसम पूर्वानुमान की जानकारी रखते हुए आवश्यक तैयारी करने की सलाह दी गई है। प्रशासन का संदेश स्पष्ट है – आपदा तभी गंभीर होती है जब तैयारी नहीं होती।

**पूर्णिया जिले में 05 अक्टूबर को संभावित भारी वर्षा,**

पूर्णिया जिले में 05 अक्टूबर को संभावित भारी वर्षा, वज्रपात और तूफान से सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए जिला प्रशासन ने सभी नागरिकों को सतर्क रहने और सुरक्षा निर्देशों का पालन करने की अपील की है। सावधानी बरतकर ही किसी आपदा के प्रभाव को कम किया जा सकता है।

# रेलवे में नौकरी का झांसा देकर 1.80 लाख की ठगी, साइबर थाना पूर्णिया ने आरोपी को किया गिरफ्तार

**न्यूज़ स्केल पूर्णिया**



रेलवे में नौकरी दिलाने के नाम पर 1.80 लाख रुपये की ठगी करने वाले आरोपी ब्रजेश श्रीवास्तव को पूर्णिया साइबर थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। यह कार्रवाई तकनीकी अनुसंधान, विश्लेषण और सूचना संकलन के आधार पर की गई।

पूर्णिया साइबर थाना मे दर्ज कांड संख्या 63/25, 14.08.2025 के अंतर्गत प्राथमिकी अभियुक्त ब्रजेश श्रीवास्तव, पिता रमेश श्रीवास्तव, निवासी धुनकी मोहल्ला, थाना दिघवारा, जिला छपरा (सारण) पर आरोप था कि उसने वादी से फोन पे के माध्यम से रेलवे नौकरी दिलाने के नाम पर कुल 1,80,000 रुपये ठग लिए हैं ।

**गिरफ्तारी एवं बरामदगी :**

04.10.2025 को पूर्णिया साइबर थाना पुलिस ने आरोपी ब्रजेश श्रीवास्तव, को पुलिस ने आनंद नगर वार्ड नं. 42, थाना सदर,से गिरफ्तार कर लिया । आरोपी के पास से पुलिस ने मोबाइल 2,आधार कार्ड 3,वोटर कार्ड 4,पैन कार्ड – 1वाहन पंजीकरण प्रमाणपत्रबरामद किया है

**साइबर थाना की कार्रवाई दल :**

पु.नि. राजेश कुमार गुप्ता
पु.अ.नि. मनीश चंद्र यादव
पु.अ.नि. गीतांजली सिंह
पी.टी.सी./259 रश्मि कुमारी
सिपाही/795 तेज बहादुर चौबे
सिपाही/1015 सिन्टू कुमार
शामिल थे ।

# वंदे भारत ट्रेन हादसे में चार बच्चों की मौत, सांसद ने बीस लाख की आर्थिक सहायता की मांग की

**न्यूज़ स्केल पूर्णिया**

**मौक़े पर सांसद पप्पू यादव ने पीड़ित परिजनों कों किया आर्थिक सहयोग, घटना की जाँच की मांग की**



पूर्णिया लोकसभा क्षेत्र के कसबा प्रखंड के जमुनिया गांव में वंदे भारत ट्रेन की चपेट में आने से बनमनखी विधानसभा अंतर्गत चांदपुर भंगहा पंचायत के चार बच्चों की दर्दनाक मौत हो गई। वार्ड नंबर 04 में सुन्दर कुमार (15), जिगर कुमार (15), सिंटू कुमार (14) और वार्ड नंबर 11 में रोहित कुमार (14) की जान गई। हादसे में कुलदीप कुमार (14) घायल हुआ।

घटना की जानकारी मिलते ही सांसद पप्पू यादव ने तुरंत अपने प्रतिनिधियों को भेजा। सांसद प्रतिनिधि ने घटना स्थल पर पहुँचकर बच्चों का पोस्टमार्टम और अंतिम संस्कार सुनिश्चित कराया । सांसद ने दुःख संतप्त परिवारों से मुलाकात कर गहरी संवेदना व्यक्त की और अपनी ओर से प्रत्येक परिवार को 20,000 रुपये आर्थिक सहायता प्रदान किया। साथ ही केंद्र सरकार से प्रत्येक परिवार को 20 लाख रुपये मुआवजा देने की मांग की।

सांसद ने बताया कि मृतक परिवारों का आरोप है कि यह रेल दुर्घटना नहीं बल्कि ठीकेदार द्वारा की गई हत्या हो सकती है। इस संदर्भ में सांसद ने बिहार सरकार, पूर्णिया पुलिस और रेलवे पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों से संपर्क कर घटना की निष्पक्ष जांच की मांग की।

सांसद ने ईश्वर से प्रार्थना करते हुए दिवंगत बच्चों की आत्मा की शांति और परिवारजनों को इस दुख को सहने की शक्ति देने की कामना की।

# सेवा निरंतरता समेत अन्य मांगों का घोषणा नहीं होने से शिक्षकों में निराशा

**न्यूज़ स्केल पूर्णिया**



बिहार संयुक्त शिक्षक संघ पुर्णिया के जिला अध्यक्ष दीपक सिंह भदौरिया ने बताया कि इस चुनावी वर्ष में शिक्षकों को माननीय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से पूरा उम्मीद था कि शिक्षकों के लिए लाभकारी घोषणाएं करेंगे।मगर शिक्षकों को निराशा हाथ लगा है।खास करके नियोजित शिक्षक से जो विशिष्ट शिक्षक,प्रधान शिक्षक या विद्यालय अध्यापक में गए है उनको अपने पूर्व के सेवा का लाभ सेवा निरंतरता के रूप में मिलना चाहिए था मगर इसको लेकर सरकार का रुख सही नही है जिससे शिक्षक अपने आप को ठगा महसूस कर रहा है।सरकार की बातों को मानते हुए नियोजित शिक्षक सक्षमता परीक्षा देकर विशिष्ट शिक्षक बने मगर विशिष्ट शिक्षकों के साथ सरकार एवं विभाग का रवैया सही नही है। 09 माह बीत जाने के बाद भी विशिष्ट शिक्षकों का वेतन निर्धारण नही हुआ है जिससे विशिष्ट शिक्षको को प्रतिमाह 8 से15 हजार तक वेतन कम मिल रहा है।सरकार की बातों को मानने का फल सजा के रूप में दिया जा रहा है। वही हर चुनावी वर्ष में शिक्षकों को आर्थिक लाभ भी दिया जाता था मगर इस चुनावी वर्ष में शिक्षको को कोई आर्थिक लाभ नही दिया गया है।इन समस्याओं का निराकरण नहीं होने से शिक्षक समाज मे काफी आक्रोश है इसका खामियाजा सरकार को चुनाव में देखने को मिलेगा।प्रेस विज्ञप्ति जारी करते वक़्त जिला कोषाध्यक्ष चंदन कुमार साह,जिला सचिव जितेंद्र कुमार,जिला सगंठन सचिव नितेश कुमार,जिला उपाध्यक्ष सन्नी कुमार,विजय कुमार कुशवाहा,मोहम्मद मुजम्मिल,आजाद हुसैन अंसारी,पकंज कुमारराय,दीपक झा,जिला संयुक्त सचिव नवीन कुमार पासवान, ज्योतिष सरकार,आलोक आनंद,राधारमन भारती, मोहम्मद रियाजुद्दीन मीडिया प्रभारी राहुल रंजन, शम्स तबरेज,राकेश रोशन,जितेंद्र सिंह,प्रशांत कुमार आदि मौजूद थे

# विधायक विजय खेमका ने ईस्ट ब्लॉक में 22 सड़कों के जीर्णोद्धार एवं उन्नयन कार्य का किया शिलान्यास

**न्यूज़ स्केल पूर्णिया**




पूर्णिया विधानसभा क्षेत्र के ईस्ट ब्लॉक में विधायक विजय खेमका ने स्थानीय ग्रामीणों की उपस्थिति में 22 सड़कों के जीर्णोद्धार एवं उन्नयन कार्य का शिलान्यास किया। इस अवसर पर ग्रामीणों ने संयुक्त रूप से श्रीफल तोड़कर शिलान्यास स्थल का उद्घाटन किया।

**शिलान्यास स्थल और योजना का विस्तार** : शिलान्यास भोगा करियात अमीर ऋषि टोला, महराजपुर दिघ्घी पोखर, बरसानी विश्वास टोला और लालबाड़ी 87 आरडी पर किया गया। उपस्थित कनीय अभियंता ने बताया कि इन 22 सड़कों की कुल लंबाई लगभग 33 किलोमीटर है और इनका निर्माण कार्य 21 करोड़ रुपये की लागत से ईस्ट ब्लॉक के विभिन्न पंचायतों सिकंदरपुर, महराजपुर, रामपुर, वीरपुर, राजीगंज, हरदा, भोगा करियात और वार्ड बेलोरी – में किया जाएगा।

**सड़कों का नेटवर्क और जनता के लाभ** : विधायक विजय खेमका ने उपस्थित नागरिकों को संबोधित करते हुए कहा कि एनडीए सरकार में सड़कों का व्यापक नेटवर्क विकसित किया गया है, जिससे गाँव और शहर के बीच आवागमन सुगम हुआ है। उन्होंने बताया कि इन 22 सड़कों के जीर्णोद्धार से हजारों लोगों को प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा। विधायक ने आगे कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य, चिकित्सा, बिजली और आवास जैसी योजनाओं का लाभ अब सीधे लाभुकों के घर तक पहुँच रहा है। महिला सशक्तिकरण के तहत मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के अंतर्गत प्रदेश की एक करोड़ जीविका दीदियों के खाते में एक अरब रुपये भेजे गए हैं।उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा बिहार के पांच लाख युवाओं को ₹10,000 प्रति माह 2 वर्ष (2025-26 तक) बेरोजगारी भत्ता देने का निर्णय लिया गया है। इसके अलावा छात्रों की छात्रवृत्ति दोगुनी की गई है और राज्यकर्मी व पेंशनभोगियों के भत्ते में वृद्धि की गई है।

**स्थानीय नेताओं और जनता की उपस्थिति** : शिलान्यास कार्यक्रम में एनडीए कार्यकर्ताओं सहित बड़ी संख्या में महिला-पुरुष उपस्थित थे। भाजपा के नेता मनोज गोश्वामी, मंगल पोद्दार, बिनोद सिंह, ज्योतिष ठाकुर, रविन्द्र मालाकार, हंजु उड़ाव, रामानंद साह, अमित विश्वास, बिरेन्द्र सिंह, संजय सिंह, पवन सहनी, टुंपा बरई, बिनोद मेहता, जितेंद्र मंडल और अविनाश यादव भी कार्यक्रम में मौजूद थे।

# पूर्णिया में बदला मौसम का मिजाज, बादलों ने घेरा आसमान



**न्यूज़ स्केल पूर्णिया**

जिले में एक बार फिर मानसूनी बादलों का असर देखने को मिल रहा है। रविवार को सुबह से ही पूर्णिया का आसमान घने बादलों से ढका रहा और बीच-बीच में हल्की धूप के दर्शन हुए। मौसम विभाग ने बताया है कि आज जिले का अधिकतम तापमान लगभग 28 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान करीब 23 डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना है। हवा में नमी का स्तर 85 से 90 प्रतिशत के बीच रहने के कारण दिनभर उमस बनी रहेगी।

भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (IMD) के पूर्णिया केंद्र से मिली जानकारी के अनुसार, बंगाल की खाड़ी में बने निम्न दबाव क्षेत्र का असर उत्तर बिहार के जिलों पर दिखाई दे रहा है। इसी कारण पूर्णिया, अररिया, कटिहार और किशनगंज में हल्की से मध्यम बारिश के आसार हैं। पिछले 24 घंटे में जिले में 16.2 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है।

मौसम विभाग ने चेतावनी जारी करते हुए कहा है कि आने वाले दो दिनों तक गरज और बिजली के साथ हल्की वर्षा जारी रह सकती है। हवा की गति औसतन 5.2 किलोमीटर प्रति घंटे रहेगी। विशेषज्ञों के मुताबिक, यह हल्की बारिश फसलों के लिए लाभकारी साबित हो सकती है, लेकिन बिजली कड़कने की स्थिति में लोगों को सावधानी बरतनी चाहिए।

कृषि विभाग ने किसानों को सलाह दी है कि वे खेतों में काम करते समय मौसम की स्थिति पर ध्यान रखें और बिजली गिरने या तेज हवा चलने की स्थिति में तुरंत सुरक्षित स्थान पर चले जाएँ। वहीं आम लोगों को भी अनावश्यक यात्रा से बचने की सलाह दी गई है।

# नेत्रदान :पूर्णिया में लालती देवी का सफल नेत्रदान : 15 जीवनों को मिला नया दृष्टि दान

**न्यूज़ स्केल पूर्णिया**



पूर्णिया में समाज सेवा और मानवता की मिसाल पेश करते हुए ग्रीन पूर्णिया के सदस्य शंभू पंडित ने अपनी माताजी लालती देवी का मरणोपरांत नेत्रदान कर 15 नेत्रहीन व्यक्तियों को नया जीवनदान दिया। इस पुण्यकार्य में परिवार और दधीचि देहदान समिति के सदस्यों ने सक्रिय सहयोग किया।

**परिवार और समिति का सक्रिय सहयोग**

शंभू पंडित के परिवार में पुत्रवधू स्वाति कुमारी, दूसरा पुत्र श्रवण कुमार एवं पुत्रवधू पूजा कुमारी, पोती अभिलाषा, पुत्र आराध्य, प्रियांशु कुमार, पुत्री रिंकू कुमारी, सीमा कुमारी, खुशबू कुमारी तथा दामाद मिलन पंडित, गणेश पंडित और देशजीत कुमार शामिल थे। परिवार के सभी सदस्यों के सहयोग से यह नेत्रदान सफल रहा।

दधीचि देहदान समिति पूर्णिया की ओर से प्रांतीय उपाध्यक्ष डॉ. अनिल कुमार गुप्ता, जिला अध्यक्ष हिना शाहिद, नीलम अग्रवाल, आलोक लोहिया, प्रदीप अग्रवाल और मंटू सिंह उपस्थित रहे।

**समाज के लिए प्रेरणास्पद कदम**

समाज की पारंपरिक अवधारणाओं से ऊपर उठकर शंभू पंडित के परिवार ने जो पुण्यकार्य किया, वह मिसाल के रूप में सामने आया। डॉ. अनिल कुमार गुप्ता, अध्यक्ष हिना सईद और सचिव रविंद्र कुमार साह ने परिवार को कोटि-कोटि धन्यवाद देते हुए आभार प्रकट किया।

**आम नागरिकों से अपील**

समिति की ओर से आम नागरिकों से भी विनम्रता पूर्वक आग्रह किया गया है कि वे मरणोपरांत अंगदान कर जीवन को सार्थक बनाएं और नेत्रहीन व्यक्तियों को नया जीवनदान दें। साथ ही जन-जन तक यह संदेश फैलाने में सहयोग करें।

**ग्रीन पूर्णिया का सम्मान और आभार** : ग्रीन पूर्णिया के सभी सदस्यों ने शंभू पंडित और उनके परिवार को साधुवाद देते हुए माता जी के कर्मों की प्रशंसा की। सभी ने ईश्वर से उनकी आत्मा की शांति की प्रार्थना की ।

# पूर्णिया पुलिस ने खुश्कीबाग रेल ओवरब्रिज पर भारी वाहनों के परिचालन पर लगाया पूर्ण प्रतिबंध, वैकल्पिक मार्ग की घोषणा

**न्यूज़ स्केल पूर्णिया**

रेलवे प्राधिकरण, सड़क निर्माण विभाग और बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लिमिटेड (BRPNNL) के संयुक्त निरीक्षण के बाद दोनों संस्थाओं द्वारा संयुक्त रूप से यह निर्णय लिया गया है कि खुश्कीबाग रेल ओवरब्रिज पर भारी वाहनों का परिचालन अस्थायी रूप से पूर्णतः प्रतिबंधित कर दिया जाय ! वर्ष 2009-10 में IRCON द्वारा निर्मित इस ओवरब्रिज की संरचना पर अत्यधिक भार पड़ने से क्षति की संभावना देखी गई है। इस ओवरब्रिज पर भारी वाहनों के परिचालन पर प्रतिबन्ध कों देखते हुए, जिला प्रशासन एवं यातायात पुलिस ने तुरंत प्रभाव से वैकल्पिक मार्गों की व्यवस्था की है और पुल पर केवल हल्के वाहनों के आवागमन की अनुमति दी गयी है ! इस निर्णय से पुल की संरचना को गंभीर क्षति से बचाने में मदद मिलेगी और भारी वाहन संचालन के दौरान होने वाली दुर्घटनाओं की संभावना कम होगी। प्रशासन और पुलिस द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करना सभी के लिए अनिवार्य माना गया है।



**पुल पर सुरक्षा उपाय और गेजिंग व्यवस्था** : संयुक्त निरीक्षण के बाद यह निर्णय लिया गया कि पुल की संरचना को सुरक्षित रखने हेतु दोनों ओर हाइट गेज लगाए जाएंगे। इससे पुल पर भारी वाहनों के प्रवेश को रोका जा सकेगा। इस सम्बन्ध में यातायात पुलिस ने कहा कि पुल पर भारी वाहनों का परिचालन पूरी तरह से प्रतिबंधित रहेगा और उल्लंघन करने वालों के खिलाफ मोटर वाहन अधिनियम के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी। यातायात पुलिस के अनुसार यह प्रतिबंध तब तक प्रभावी रहेगा जब तक कि रेलवे एवं निर्माण विभाग कोई स्थायी तकनीकी समाधान नहीं पेश करता।

**नागरिकों और वाहन चालकों से अपील** पूर्णिया पुलिस ने सभी वाहन चालकों, परिवहन व्यवसायियों और आम नागरिकों से सुरक्षा और प्रशासनिक निर्देशों का पालन करने का आग्रह किया है। पुलिस ने कहा कि यह कदम पुल की सुरक्षा और लंबी अवधि में आम लोगों के सुरक्षित आवागमन के लिए आवश्यक है। पूर्णिया पुलिस द्वारा जारी सूचना मे कहा गया है कि पुल के तकनीकी सुधार और स्थायी समाधान तक यह प्रतिबंध लागू रहेगा।

### वैकल्पिक मार्ग की व्यवस्था

भारी वाहनों के लिए वैकल्पिक मार्ग का निर्धारण किया गया है, ताकि आवागमन प्रभावित न हो। निर्धारित मार्ग इस प्रकार हैः

1. जीरो माइल से बेलौरी चौक - नेवालाल चौक - मरंगा बाइपास से कटिहार मोड़ / लाइन बाजार / आर0एन0 साह चौक।
2. यह मार्ग दोनों दिशाओं में भारी वाहनों के लिए खुला रहेगा।

जिला प्रशासन ने वाहन चालकों और परिवहन व्यवसायियों से अनुरोध किया है कि वे वैकल्पिक मार्ग का पालन करें और पुल पर भारी वाहन न भेजें।

## रौटा में जनसुराज पार्टी का कार्यकर्ता सम्मेलन

**न्यूज़ स्केल** बैसा (पूर्णियां)

बैसा प्रखंड के रौटा में जनसुराज पार्टी की ओर से विधानसभा स्तर पर सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर उम्मीदवारों के चयन से संबंधित सुझाव प्राप्त करना था। कार्यक्रम में पार्टी के संस्थापक सदस्यों, जिला स्तर के पदाधिकारियों, प्रखंड व पंचायत स्तरीय कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया और अपने विचार रखे।कार्यक्रम में मुख्यालय स्तर से दो केंद्रीय पर्यवेक्षक विशेष रूप से उपस्थित रहे। इनके साथ जिला प्रभारी और जिलाध्यक्ष ने सम्मेलन का संचालन किया। इस दौरान उम्मीदवार चयन की प्रक्रिया को पारदर्शी और लोकतांत्रिक बनाने पर विशेष जोर दिया गया। पार्टी नेताओं ने कहा कि जनसुराज का लक्ष्य जनता की भागीदारी से राजनीति को नई दिशा देना है, और इसी कड़ी में प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में कार्यकर्ताओं और जनता के सुझावों को प्राथमिकता दी जा रही है। सम्मेलन में अमौर विधानसभा क्षेत्र के संभावित उम्मीदवारों के नामों पर विस्तार से चर्चा की गई। जानकारी के अनुसार, इस क्षेत्र से चार उम्मीदवारों ने आवेदन किया है -अफरोज आलम, इंजीनियर महफूज आलम, मो. शहबुज्जमा भारतीय और लक्ष्मी कुमारी। चारों उम्मीदवारों की सामाजिक पहचान, संगठन में योगदान, जनता से जुड़ाव और क्षेत्रीय स्थिति का मूल्यांकन पार्टी प्रतिनिधियों द्वारा किया गया। बैठक के दौरान उपस्थित सदस्यों ने बूथ, पंचायत, प्रखंड और विधानसभा स्तर की राजनीतिक स्थिति की भी जानकारी साझा की। कार्यकर्ताओं ने बताया कि क्षेत्र में पार्टी का जनाधार तेजी से बढ़ रहा है और जनता विकल्प के रूप में जनसुराज को देख रही है। सम्मेलन के अंत में पर्यवेक्षकों ने सभी प्रतिभागियों से प्राप्त सुझावों को संकलित किया और कहा कि पार्टी केंद्रीय नेतृत्व को रिपोर्ट भेजेगी। इसके आधार पर अंतिम उम्मीदवार का चयन किया जाएगा। कार्यक्रम के सफल संचालन में स्थानीय संयोजक, पंचायत प्रमुखों, युवा कार्यकर्ताओं और महिला सदस्यों की सक्रिय भागीदारी रही। सम्मेलन के बाद कार्यकर्ताओं ने पार्टी के उद्देश्यों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया।



# तैयारी :पूर्णिया में भाजपा की विधानसभा चुनाव 2025 की तैयारियों को लेकर संगठनात्मक बैठक संपन्न

**न्यूज़ स्केल पूर्णिया**

बिहार विधानसभा चुनाव 2025 की तैयारियों को अंतिम रूप देने के लिए भाजपा पूर्णिया जिला इकाई ने शुक्रवार को जिला कार्यालय में एक महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक आयोजित की। बैठक में पार्टी के वरिष्ठ नेता, पदाधिकारी और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

बैठक की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष मनोज सिंह ने की। उन्होंने कार्यकर्ताओं से बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत करने और पंचायतवार तैयारियों को तेज करने का आह्वान किया। श्री सिंह ने सभी मंडल अध्यक्षों को निर्देश दिया कि वे अपने पंचायत अध्यक्षों की सूची, मोबाइल नंबर और बूथवार जानकारी के साथ चुनावी अभियान के लिए पूरी तरह तैयार रहें।



उन्होंने कहा कि संगठन की मजबूती ही आगामी विधानसभा चुनाव में भाजपा की विजय की कुंजी होगी। बैठक के दौरान कार्यकर्ताओं में जोश और उत्साह स्पष्ट दिखाई दिया।

**नेताओं ने चुनावी रणनीतियों पर साझा किए विचार**

प्रदेश उपाध्यक्ष एवं विधान परिषद सदस्य प्रमोद चंद्रवंशी ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि एनडीए की सरकार बनने जा रही है और कार्यकर्ताओं को पूरी निष्ठा के साथ जनता के बीच जाकर कार्य करना होगा। उन्होंने कहा कि प्रत्येक बूथ और पंचायत में पार्टी का प्रभाव बढ़ाना आवश्यक है।

प्रदेश मंत्री अनिल ठाकुर ने विश्वास जताया कि इस बार एनडीए रिकॉर्ड मतों से विजय प्राप्त करेगा। उन्होंने संगठन में अनुशासन और एकजुटता को चुनावी सफलता की महत्वपूर्ण कुंजी बताया।



विधानसभा सदस्य विजय खेमका ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बिहार को केंद्र से अभूतपूर्व सहयोग प्राप्त हो रहा है। उन्होंने बताया कि आने वाले समय में राज्य विकास की नई गाथा लिखने की संभावना है और कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी इसे सुनिश्चित करेगी।

पूर्व जिला अध्यक्ष श्री प्रफुल रंजन वर्मा और उप महापौर सुश्री पल्लवी गुप्ता ने भी बैठक को संबोधित करते हुए बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने की आवश्यकता पर जोर दिया।

**कार्यकर्ताओं में दिखा उत्साह और एकजुटता** : बैठक में मंडल अध्यक्ष, महामंत्री, निवर्तमान मंडल अध्यक्ष, BLA-1, जिला मोर्चा अध्यक्ष, प्रकोष्ठ संयोजक, जिला पदाधिकारी, मंडल प्रभारी, जिला कोर कमेटी, विधानसभा प्रभारी, संयोजक, विस्तारक, विधायक, पूर्व विधायक और पूर्व प्रत्याशी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

बैठक में विभिन्न चुनावी रणनीतियों पर विचार साझा किए गए। कार्यकर्ताओं ने बूथवार अभियान, जनसंपर्क, मतदाता जागरूकता और प्रचार कार्यों पर विस्तार से चर्चा की। बैठक के अंत में सभी कार्यकर्ताओं ने आगामी चुनाव में सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया।

## सरसी में वाहन जांच के दौरान स्मैक सहित तीन गिरफ्तार



**न्यूज़ स्केल बनमनखी**

सरसी थाना पुलिस ने वाहन जांच के दौरान नशा के विरुद्ध कार्यवाई में सफलता प्राप्त की । दरअसल वाहन जांच के दौरान सरसी पुलिस ने कुल 17.26 ग्राम स्मैक, एक मोटरसाइकिल, दो मोबाइल और एक इलेक्ट्रॉनिक तराजू बरामद किया गया। इस कार्रवाई में पुलिस ने तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है।

गिरफ्तार अभियुक्तों में अमित कुमार यादव (23 वर्ष, पिता कपिलदेव यादव),

छोटू कुमार (19 वर्ष, पिता बुधन मुनी), दोनों निवासी जियनगंज दक्षिण टोला और मो. नजीर (35 वर्ष, पिता मो. अमील अख्तर), निवासी बुढ़िया रहमतपुर शामिल हैं। सभी अभियुक्त सरसी थाना क्षेत्र के रहने वाले हैं। पुलिस ने बरामदगी की पुष्टि करते हुए बताया कि स्मैक और अन्य सामग्री की वैधता की जांच की जा रही है और आरोपियों के खिलाफ अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

# कांग्रेस नेता जितेंद्र यादव ने वार्ड 10 में "गारंटियों का गुलदस्ता" लेकर चलाया जनसंपर्क किया

**न्यूज़ स्केल पूर्णिया**

पूर्णिया के वार्ड नंबर 10 गुड मिल्की में कांग्रेस नेता जितेंद्र यादव ने शुक्रवार को जनता के बीच कांग्रेस की योजनाओं और "गारंटियों का गुलदस्ता" की जानकारी पहुँचाई। उन्होंने विधानसभा क्षेत्र और नगर निगम के विभिन्न टोले-मुहल्लों में घूम-घूमकर लोगों से संपर्क किया और महागठबंधन की सरकार बनाने की अपील की।



जनसंपर्क के दौरान लोगों ने सड़क, बिजली, स्वास्थ्य, शिक्षा और रोज़गार जैसी समस्याएँ साझा कीं। जितेंद्र यादव ने उन्हें आश्वस्त किया कि सरकार बनने पर इन मुद्दों पर तुरंत कार्य किया जाएगा। उन्होंने कांग्रेस की "घर-घर अधिकार योजना" और पांच अन्य योजनाओं का विवरण साझा किया और बताया कि महागठबंधन की सरकार बनने पर हर वर्ग को सीधा लाभ मिलेगा।जितेंद्र यादव ने कहा कि वे कोई बड़े नेता नहीं हैं, बल्कि क्षेत्र के ही नागरिक हैं, जो जनता के दुख-दर्द और उम्मीदों को अपने जैसा मानते हैं। उन्होंने आम जनता से अपील की कि वे चुनाव में किसी प्रलोभन में न आएं और बिहार में सत्ता परिवर्तन करके महागठबंधन की सरकार बनाने का काम करें।

### अधेड़ का शव पोखर से बरामद

, के केनगर थाना क्षेत्र के शिशुआ मुसहरी टोला (बिठनौली पूरब पंचायत, वार्ड-1) में शुक्रवार शाम लापता हुए अधेड़ व्यक्ति का शव शनिवार सुबह पोखर से मिला। मृतक की पहचान होरेन ऋषि (50 वर्ष), पिता स्व. गनोरी ऋषि, निवासी शिशुआ मुसहरी टोला के रूप में हुई है। थानाध्यक्ष मुन्ना कुमार पटेल ने बताया कि गोताखोरों की मदद से शव बरामद किया गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जीएमसीएच पूर्णिया भेज दिया है और मामले की जांच जारी है।

## मोग्लिया परिंदा में जमीन विवाद: महिला की गोली मारकर हत्या, थाने में मामला दर्ज जाँच में जुटी पुलिस

**न्यूज़ स्केल धमदाहा**

धमदाहा प्रखंड क्षेत्र के मोग्लिया परिंदा गांव में शुक्रवार की रात एक महिला की गोली मारकर हत्या कर दी गई। जानकारी के अनुसार, गौरी देवी खाना खाकर सोने के लिए जा रही थीं, तभी दो-तीन व्यक्ति बाइक पर आए और उन्हें गोली मारकर फरार हो गए। स्थानीय लोगों ने बताया कि गोली चलाने की आवाज सुनकर स्थानीय लोग बाहर निकले, लेकिन तब तक




अपराधी भाग चुके थे। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्यवाई के बाद शव कों अंत्यपरिक्षण हेतु अस्पताल भेज दिया ! इस मामले में गौरी देवी के पति ने एक व्यक्ति को अभियुक्त और दो अन्य अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ आवेदन देकर मामला दर्ज कराया। इस घटना के सम्बन्ध में धमदाहा थाना अध्यक्ष सरोज कुमार ने बताया कि पोस्टमार्टम के लिए शव पूर्णिया सदर अस्पताल भेजा गया है। पुलिस इस घटना क्रम के पूरे मामले की गंभीरता से जांच कर रही है और सभी अपराधियों को जल्द पकड़ने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि प्रारंभिक जांच में हत्या का कारण जमीन विवाद बताया जा रहा है

# भवानीपुर में जन सुराज पार्टी की चुनावी तैयारी कों लेकर बैठक आयोजित की विधानसभा चुनाव तैयारी हुई चर्चा

**न्यूज़ स्केल पूर्णिया**

जन सुराज पार्टी ने विधानसभा चुनाव की तैयारियों को तेज कर दिया है। प्रत्याशी चयन प्रक्रिया को अंतिम रूप देने के लिए भवानीपुर ब्लॉक स्थित धर्मशाला में शनिवार को एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में पार्टी के संस्थापक और प्राथमिक सदस्य, संभावित प्रत्याशी और संगठन से जुड़े पदाधिकारी शामिल हुए। यह कार्यक्रम राज्य मुख्यालय स्तर से नियुक्त पर्यवेक्षकों की निगरानी में संपन्न हुआ।

**प्रत्याशियों ने रखी अपनी उम्मीदवारी** : रुपौली विधानसभा के संभावित प्रत्याशियों अमोद मण्डल, कुमार नरेंद्र और नैयर आलम ने बैठक में अपनी उम्मीदवारी के समर्थन में अपने विचार रखे। सभी ने अपनी नीतियों और चुनावी रणनीति पर प्रकाश डाला।



**संस्थापक व प्राथमिक सदस्यों ने दी राय** : बैठक में मौजूद संस्थापक और प्राथमिक सदस्यों ने प्रत्याशियों की बातें सुनने के बाद अपनी राय बंद लिफाफे में पर्यवेक्षक को सौंपी। राज्य मुख्यालय से नियुक्त पर्यवेक्षक इस राय के आधार पर रिपोर्ट तैयार करेंगे और पार्टी नेतृत्व को सौंपेंगे।

**बिहार की सभी विधानसभा में प्रक्रिया जारी** : जन सुराज के जिला अध्यक्ष ने बताया कि यह कार्यक्रम 3 से 8 अक्टूबर तक बिहार के सभी विधानसभाओं में आयोजित किया जा रहा है। इससे पहले सभी विधानसभा स्तरों में दो स्तरों पर संगठन पदाधिकारियों की राय ली जा चुकी है। अब पार्टी अपने सभी संस्थापक और प्राथमिक सदस्यों की राय लेकर प्रत्याशी चयन की प्रक्रिया को अंतिम रूप देगी।



**मुख्य बिंदु**

1- भवानीपुर में जन सुराज पार्टी की विधानसभा चुनाव तैयारी बैठक संपन्न।

2-संभावित प्रत्याशियों अमोद मण्डल, कुमार नरेंद्र और नैयर आलम ने अपनी उम्मीदवारी प्रस्तुत की।

3 - संस्थापक और प्राथमिक सदस्यों ने अपनी राय बंद लिफाफे में पर्यवेक्षक को सौंपा।

4- राज्य मुख्यालय के पर्यवेक्षक रिपोर्ट तैयार कर पार्टी नेतृत्व को सौंपेंगे।

5- बिहार के सभी विधानसभा क्षेत्रों में 3 से 8 अक्टूबर तक इसी तरह की बैठकें आयोजित की जाएंगी।

## केनगर प्रखंड के परोरा में स्कूली बच्चों ने अंतर्राष्ट्रीय नशा मुक्ति दिवस मनाया




**न्यूज़ स्केल केनगर**

केनगर प्रखंड के परोरा पंचायत के कन्या मध्य विद्यालय परोरा में स्कूली बच्चों ने अंतर्राष्ट्रीय नशा मुक्ति दिवस उत्साहपूर्वक मनाया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने विद्यालय से संयुक्त रूप से रैली निकाली, जो विभिन्न गाँवों और मुहल्लों से गुजरती हुई लोगों को नशे के दुष्प्रभाव और इससे उत्पन्न होने वाली समस्याओं के प्रति जागरूक करती रही।

रैली का नेतृत्व विद्यालय की शारीरिक शिक्षिका सुचित्रा कुमारी ने किया। उन्होंने बताया कि नशे की लत से केवल व्यक्ति की सेहत पर ही असर नहीं पड़ता, बल्कि परिवार में कलह, आपसी रिश्तों में खटास और दांपत्य जीवन में दरार जैसी समस्याएँ भी उत्पन्न होती हैं। कई मामलों में यह स्थिति इतनी गंभीर हो जाती है कि तलाक तक की नौबत आ जाती है।

इस कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाध्यापक रंजन कुमार सहित सभी शिक्षक और शिक्षिकाएँ उपस्थित रहे। उन्होंने बच्चों को नशा मुक्ति के महत्व और समाज में सकारात्मक भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। इस तरह की गतिविधियाँ न केवल बच्चों में सामाजिक जागरूकता पैदा करती हैं, बल्कि पूरे समाज को नशा मुक्त भारत की दिशा में प्रेरित करती हैं।

स्कूल प्रशासन ने यह भी कहा कि इस तरह के कार्यक्रम नियमित रूप से आयोजित किए जाएंगे ताकि युवा पीढ़ी नशे की बुराईयों से दूर रहे और स्वस्थ जीवन अपनाए।

संपूर्ण हिन्दी साप्ताहिक
न्यूज स्केल
e-mail : newsscalepurnea@gmail.com



# उमस भरी गर्मी से मिली राहत : पूर्णिया में बारिश का सिलसिला जारी, मौसम विभाग ने जारी किया येलो अलर्ट

## रुक-रुक कर बारिश, तापमान में गिरावट, गुलाबी ठंड का पूर्णिया वासियों कों हुआ एहसास

**न्यूज स्केल पूर्णिया**

पूर्णिया में पिछले कुछ दिनों से तपती गर्मी के बाद अचानक से मौषम में आये बदलाव ने सुकून और राहत का एहसास कराया ! रुक रुक कर हो रही बारिश का सिलसिला शनिवार को भी जारी रहा। हालांकि, मूसलधार बारिश नहीं हुई, लेकिन रुक-रुक कर हो रही मध्यम और हल्की बारिश ने दिनभर शहरवासियों ठंडी हवाओं के सुकून के साथ वेचैनी से राहत दे गया । बारिश के साथ-साथ तापमान में गिरावट भी आई है, जिससे गुलाबी ठंड का अहसास होने लगा है। इस बीच, मौसम



विभाग ने अगले कुछ दिनों तक मौसम के ऐसे ही बने रहने की संभावना जताई है।

**मौसम विभाग का पूर्वानुमान, येलो अलर्ट जारी**

मौसम विभाग के अनुसार, पूर्णिया और आसपास के क्षेत्रों में बारिश का सिलसिला रविवार तक जारी रहने की संभावना है। मौषम विभाग ने पूर्णिया एवं आस पास के क्षेत्र के लिए येलो अलर्ट जारी किया है, जिससे सतर्क रहने का संकेत दिया गया है। अगले दो-तीन दिनों तक तेज हवा के साथ बारिश की संभावना बनी रहेगी। रविवार कों एलर्ट के साथ सोमवार 8 अक्टूबर तक मौसम में कोई खास बदलाव नहीं आने का अनुमान है। हालांकि, 7 अक्टूबर के बाद बारिश की गतिविधियों में धीरे-धीरे कमी आने की संभावना जताई गई है और मौसम सामान्य होने की उम्मीद है।

**पूर्णिया का तापमान**

शनिवार को पूर्णिया का अधिकतम तापमान 29.8 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 26.3 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। तापमान में यह गिरावट बारिश के कारण आई, जिससे मौसम में ठंडक का अहसास हुआ। हालांकि रिमझिम बारिश में सुकून मिला लेकिन बाहर निकलने वालों के लिये यह मुश्किल का सबब रहा !

**खेती पर असर, कृषि वैज्ञानिक की राय**

पूर्णिया में लगातार हो रही बारिश का जिले की खेती पर मिला-जुला असर पड़ने की संभावना है। कृषि विज्ञान केंद्र जलालगढ़ के कृषि वैज्ञानिक डॉ. गोविन्द कुमार के अनुसार, धान की फसल के लिए यह बारिश लाभकारी हो सकती है, लेकिन अगर फसल की अवस्था फूल खिलने की हो, तो इससे नुकसान भी हो सकता है। अन्य अवस्था में यह वर्षा धान के लिए बेहद फायदेमंद साबित होगी।

इस बीच, जो किसान खरीफ की फसलों की कटाई की प्रतीक्षा कर रहे हैं, उन्हें परेशानी हो सकती है, खासकर मक्का, तिल और कुछ मोटे अनाजों वाली फसलों के लिए।

**रबी फसल के लिये अच्छी खबर, सुनहरा अवसर**

रबी मौसम की फसलों की बुआई के लिए बारिश के बाद किसानों के लिए अच्छी खबर है। जो किसान राई, तोड़ी, सरसों, और दलहन जैसी फसलों की बुआई के लिए खेत तैयार कर चुके हैं, उन्हें इस नमी का लाभ 15 दिन बाद मिलेगा।

**नमी की अधिकता, आलू की बुआई में देरी**

किसानों को आलू की बुआई के लिए अभी कुछ समय का इंतजार करना होगा, क्योंकि वर्तमान में मिट्टी में अधिक नमी है। मौसम में अपेक्षित परिवर्तन के बाद यह नमी कम होगी, और फिर आलू की बुआई का सही समय आएगा।

**आने वाले दिनों में क्या उम्मीदें?**

मौसम विभाग के अनुसार, 7 अक्टूबर के बाद बारिश में कमी आएगी, और मौसम सामान्य हो जाएगा। हालांकि, अगले 2-3 दिनों तक हल्की से मध्यम बारिश और तेज हवा की गतिविधि बनी रहेगी। किसानों को सलाह दी गई है कि वे अपने खेतों की तैयारियों के साथ-साथ मौसम की स्थिति का ध्यान रखें, ताकि वे समय पर अपनी फसलें उगा सकें और किसी तरह के नुकसान से बच सकें।

# अंदेली में संथाली एकादशी दुर्गा पूजा में महापौर व कांग्रेस नेता हुए शामिल , श्रद्धालुओं ने किया गर्मजोशी से स्वागत

**न्यूज स्केल पूर्णिया**

पूर्णिया के गौरा पंचायत के अंदेली में शुक्रवार की देर रात संथाली एकादशी दुर्गा पूजा सह मेला धूमधाम के साथ मनाया गया। इस मौके पर पूर्णिया की महापौर विभा कुमारी और कांग्रेस नेता जितेंद्र यादव बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे। स्थानीय लोगों और आसपास के श्रद्धालुओं ने दोनों का गर्मजोशी से स्वागत और अभिनंदन किया।

**आदिवासी परंपरा की अनूठी झलक** : शारदीय नवरात्र के दशमीं तिथि के अगले दिन आदिवासी समुदाय संथाली एकादशी दुर्गा पूजा का आयोजन करता है। अंदेली दुर्गा मंदिर में विधिपूर्वक मां दुर्गा की पूजा-अर्चना के साथ,





**महापौर विभा कुमारी का संबोधन** : महापौर विभा कुमारी ने मौके पर उपस्थित मेला कमेटी के सदस्यों और स्थानीय लोगों का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि संथाल समुदाय अपने जीवन में प्रकृति और धरती के सबसे निकट है। महापौर ने आदिवासी समाज की ईमानदारी, कर्मयोगिता और निःस्वार्थ सेवा भावना की प्रशंसा की। उन्होंने उपस्थित लोगों से कहा कि जीवन में सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाएं और आवश्यक समय पर अपने कर्मक्षेत्र में संघर्ष करने से कभी न डरें।

**कांग्रेस नेता जितेंद्र यादव का संदेश** : कांग्रेस नेता जितेंद्र यादव ने संथाली एकादशी दुर्गा पूजा की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मां दुर्गा असत्य पर सत्य और अनाचार पर सदाचार की जीत का प्रतीक हैं। उन्होंने सामाजिक सद्भावना और गंगा-जमुनी तहजीब की महत्ता पर जोर देते हुए कहा कि यह पर्व हमें हमेशा अपने कर्तव्यों और नैतिक मूल्यों के प्रति सजग रहने की सीख देता है। उन्होंने यह भी कहा कि जरूरत पड़ने पर वे हमेशा लोगों की सेवा के लिए तत्पर रहेंगे

आदिवासी अपनी परंपरा दर्शाती नाट्य प्रस्तुतियाँ भी मंचित करते हैं। यह पर्व न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक है, बल्कि समुदाय के सामाजिक और सांस्कृतिक जीवन का उत्सव भी है।

**मौजूदगी और आयोजन का माहौल ;** इस अवसर पर कांग्रेस महिला जिलाध्यक्ष मुन्नी मरांडी, बबलू हांसदा, रघु टुडू, दिनेश मरांडी, परंगना मरांडी, कार्नेलिश टुडू, तपेश कुमार यादव, नीतीश मंडल, पैक्स अध्यक्ष सुरेंद्र यादव, छोटू यादव, परवेज आलम सहित कई गणमान्य उपस्थित थे। हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने मेला स्थल पर जुटकर धार्मिक, सांस्कृतिक और सामाजिक उत्सव का आनंद लिया।

**संथाली एकादशी दुर्गा पूजा का महत्व** : संथाली एकादशी दुर्गा पूजा आदिवासी समुदाय के लिए केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं है, बल्कि यह सामाजिक एकता, सांस्कृतिक धरोहर और मानवता के मूल्यों का संदेश भी देती है। माता दुर्गा की आराधना, नाट्य प्रस्तुतियाँ और सामूहिक प्रार्थना यह दर्शाती हैं कि आदिवासी समाज न केवल अपने लिए बल्कि पूरे समाज की भलाई के लिए कार्य करता है।

# कटिहार जंक्शन पर लिफ्ट खराब, यात्रियों को हो रही है परेशानी



**कटिहार,** (हि.स.)। कटिहार रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 4/5 पर लगी लिफ्ट पिछले कई दिनों से खराब पड़ी है, जिससे यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। खासकरबुजुर्ग, दिव्यांग, महिलाएं और छोटे बच्चों के साथ सफर करने वाले यात्रियों के लिए प्लेटफार्म तक पहुंचना किसी चुनौती से कम नहीं है।

यात्रियों का कहना है कि स्टेशन पर लगाए गए लिफ्ट और एक्सलेटर का हाल हमेशा खराब रहता है। कई बार लिफ्ट बीच रास्ते में बंद हो जाती है या शुरू ही नहीं होती। ऐसे में यात्रियों को भारी बैग और सामान लेकर सीढ़ियों से ऊपर-नीचे जाना पड़ता है। स्थानीय लोगों ने बताया कि कई बार शिकायत करने के बावजूद रेलवे प्रशासन की ओर से समस्या का स्थायी समाधान नहीं किया गया। स्टेशन के एक्सलेटर भी अक्सर ट्रेन के आगमन के समय बंद रहते हैं, जिससे भीड़भाड़ के दौरान अफरातफरी की स्थिति बन जाती है। रेलवे विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि तकनीकी खराबी के कारण लिफ्ट फिलहाल बंद है और मरम्मत कार्य जल्द ही शुरू किया जाएगा। लेकिन यात्रियों का कहना है कि "जल्द" शब्द सिर्फ भरोसा देने के लिए बोला जाता है, क्योंकि कई महीने से यही जवाब सुनने को मिल रहा है। यात्रियों ने रेल प्रशासन से जल्द से जल्द लिफ्ट और एक्सलेटर को चालू करने की मांग की है। उनका कहना है कि कटिहार जैसे महत्वपूर्ण जंक्शन पर यात्रियों की सुविधाओं में लगातार गिरावट चिंता का विषय है। अगर जल्द ही व्यवस्था नहीं सुधारी गई तो आने वाले त्योहारों में यहां यात्रियों की भारी भीड़ के बीच गंभीर स्थिति बन सकती है।

# गुलाबबाग टीओपी पुलिस की कार्यवाई, 200.61 लीटर शराब के साथ एक गिरफ्तार

**न्यूज स्केल पूर्णिया**

गुलाबबाग टीओपी ( सदर थाना ) की पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर शनिवार को एक बड़ी कार्रवाई करते हुए 200.61 लीटर विदेशी शराब बरामद की है। इस मामले में पुलिस ने एक व्यक्ति



को गिरफ्तार किया है। सदर थाना पुलिस ने गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान मोहम्मद अफजल, पिता मोहम्मद शाहबाज, निवासी चरैया, वार्ड संख्या 06, थाना बायसी, जिला पूर्णिया के रूप में की है।

संबंधित थाना पुलिस के अनुसार, कार्रवाई गुप्त सूचना मिलने के बाद उस समय की गई जब एक टेम्पो से अवैध शराब की ढुलाई की जा रही थी। पुलिस ने इस कार्यवाई मे मौके से टेम्पो और शराब दोनों को जब्त कर लिया है।

इस बावत टीओपी प्रभारी ने बताया कि मामले की गहन जांच जारी है और शराब आपूर्ति नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की पहचान के लिए छापेमारी की जा रही है। स्थानीय पुलिस का मानना है कि इस कार्रवाई से क्षेत्र में शराब तस्करी पर लगाम लगाने में मदद मिलेगी। गिरफ्तार अभियुक्त के खिलाफ आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

# कसबा में प्रखंड विकास पदाधिकारी अरुण कुमार सरदार का विदाई-सह-सम्मान समारोह आयोजित

**न्यूज स्केल कसबा**

कसबा प्रखंड परिसर के सभागार कक्ष में कसबा प्रखंड विकास पदाधिकारी अरुण कुमार सरदार के लिए विदाई-सह-सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से पुलिस अनुमंडल पदाधिकारी सदर-2 राजेश कुमार, अंचलाधिकारी रीता कुमारी, नगर मुख्य पार्षद छाया कुमारी, उप मुख्य पार्षद सुभाष कुमार साह, मुख्य पार्षद प्रतिनिधि मिट्ठू यादव, युवा राजद जिलाध्यक्ष नवीन कुमार यादव, मुखिया संघ के अध्यक्ष रतेश आनंद,




वैश्य महासम्मेलन के जिला अध्यक्ष बमबम साह, अनिल कुमार साह, मनोज कुमार मोदी, रोहित कुमार सिंह, अफसर समिति, मुखिया लक्ष्मण सिंह, मुखिया रंजीत पासवान के अलावा सभी प्रखंड एवं अंचल कर्मचारी और सभी शिक्षक मौजूद थे।

बैठक में उपस्थित सभी लोगों ने बारी-बारी से प्रखंड विकास पदाधिकारी अरुण कुमार सरदार के कार्यकाल और योगदान का वृतांत सुनाया और कहा कि ऐसे समर्पित पदाधिकारी विरले ही मिलते हैं। उन्हें भेंट स्वरूप पुष्प गुच्छ और अन्य स्मृति चिन्ह भी प्रदान किए गए। विदाई समारोह में प्रखंड विकास पदाधिकारी अरुण कुमार सरदार ने कहा कि आप लोगों के बीच रहते हुए तीन साल ऐसे बीत गए कि पता ही नहीं चला। उन्होंने कसबा के मीडिया को भी शुभकामनाएं दी।

# लतराहा में विवाद और मारपीट में बुजुर्ग की मौत, पीट-पीट कर मारने का आरोप, जांच में जुटी पुलिस

**न्यूज स्केल बड़हरा कोठी**

रूपेश्वरी ओपी क्षेत्र के लतराहा पंचायत के वार्ड संख्या 7, बंगठी गांव में कलभट पर गोबर और घास रखने को लेकर विवाद इतना बढ़ा कि विवाद मारपीट में बदल गया इस दौरान 64 वर्षीय धुम्मा टुड्डू गंभीर रूप से घायल हो गये, इलाज के दौरान उनकी मौत हो गयी ! मृतक के परिजनों के अनुसार धुम्मा टूड्डू की पीट-पीट कर हत्या कर दी गई। घटना 3 अक्टूबर की रात लगभग 8 बजे घटित हुई बतायी जा रही है ।इस मामले में मृतक की पुत्री लीला देवी ने पुलिस कों दी गयी फर्द बयान में बताया कि बंगठी गांव निवासी





विश्वनाथ टुड्डू, मनोज टुड्डू, ललिता टुड्डू और मनीषा देवी ने उनके पिता से विवाद किया और उन्हें लाठी-डंडे से मारना शुरू कर दिया। बुजुर्ग जख्मी होकर वहीं गिर गए। ग्रामीणों के बीच झगड़ा शांत होने के बाद परिवार उन्हें पीएचसी बड़हरा ले गया, लेकिन रास्ते में ही उनकी मृत्यु हो गई। मृतक की पुत्री के बयान पर पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया है। मनोज टुड्डू और ललिता टुड्डू को गिरफ्तार कर लिया गया है, जबकि बाकी आरोपियों की तलाश जारी है। लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। घटना की सूचना मिलते ही धमदाहा एसडीपीओ संदीप गोल्डी और रूपेश्वरी ओपी प्रभारी अनुष्का रानी घटनास्थल पर पहुंचे और आवश्यक जांच-पड़ताल कर रहे हैं। बड़हरा थानाध्यक्ष संजय कुमार ने बताया कि पूरी घटना का आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है।

स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने भी घटनास्थल का दौरा किया। लतराहा पंचायत के मुखिया हीरालाल पासवान, सरपंच संतोष हेम्ब्रम, छात्र नेता त्रिभुवन कुमार समेत अन्य प्रतिनिधियों ने लोगों से संयम और शांति बनाए रखने का आग्रह किया।

# भागलपुर में मुख्यमंत्री निश्चय सहायता भत्ता योजना का शुभारंभ






**भागलपुर,** माननीय मुख्यमंत्री के कर कमलों से मुख्यमंत्री सात निश्चय योजना के अंतर्गत मुख्यमंत्री निश्चय सहायता भत्ता योजना का लाभ अब स्नातक उत्तीर्ण युवाओं/युवतियों को भी दिया जाएगा। इसका शुभारंभ कार्यक्रम का सीधा प्रसारण भागलपुर के समीक्षा भवन में दिखलाया गया। इस अवसर पर उपविक विकास आयुक्त श्री प्रदीप कुमार सिंह, जिला योजना पदाधिकारी श्री मोनू कुमार, जिला प्रबंधक डीआरसीसी भागलपुर एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

**योजना का विस्तार और उद्देश्य**

-----------------

बिहार सरकार द्वारा चलाए जा रहे मुख्यमंत्री सात निश्चय कार्यक्रम के तहत अब स्नातक (कला, विज्ञान, वाणिज्य) उत्तीर्ण युवाओं को भी योजना में शामिल किया गया है। इसका उद्देश्य बेरोजगार युवाओं को आर्थिक सहायता प्रदान करना और उन्हें रोजगार या स्वरोजगार के लिए सक्षम बनाना है। योजना विशेष रूप से 20 से 25 वर्ष आयु वर्ग के उन युवाओं/युवतियों के लिए है जो स्नातक हैं, बेरोजगार हैं, अध्ययनरत नहीं हैं और किसी सरकारी या निजी नौकरी में नहीं हैं।

**लाभ और प्रशिक्षण** : योजना के तहत लाभार्थियों को प्रति माह 1,000 रुपए स्वयं सहायता भत्ता के रूप में दिया जाएगा, जो अधिकतम 2 वर्षों तक जारी रहेगा। इसके अलावा, श्रम संसाधन विभाग, बिहार द्वारा निःशुल्क कौशल विकास प्रशिक्षण भी प्रदान किया जाएगा। इससे युवा रोजगार योग्य बनेंगे और स्वरोजगार के अवसरों का लाभ उठा सकेंगे।

**लक्ष्य और अनुमानित व्यय** : राज्य सरकार का लक्ष्य प्रतिवर्ष लगभग 5 लाख लाभार्थियों को योजना का लाभ पहुँचाना है। इस पर अनुमानित व्यय लगभग 600 करोड़ रुपए प्रति वर्ष होगा। डीआरसीसी अधिकारियों ने बताया कि यह योजना 02 अक्टूबर 2016 से लागू है और अब स्नातक युवाओं को शामिल करने से इसका प्रभाव और भी व्यापक होगा।

## भागलपुर में मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना का लाभ अंतरण





**भागलपुर,** : माननीय मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार के कर कमलों से 'मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना' के तहत बिहार के 25 लाख महिला लाभुकों को 10,000 रुपये प्रति लाभुक की दर से 2,500 करोड़ रुपये का अंतरण आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से किया गया। मुख्य कार्यक्रम भागलपुर के टाउन हॉल में लाइव प्रसारित किया गया, जिसमें जिले की 1 लाख 2 हजार 401 महिलाएं लाभान्वित हुईं।

**जिले में लाभार्थियों की स्थिति**

भागलपुर जिले में योजना हेतु जीविका के 1972 ग्राम संगठनों के माध्यम से अब तक कुल 3 लाख 85 हजार से अधिक आवेदनों का संकलन किया गया है। इनमें से 3 लाख 77 हजार से अधिक आवेदनों का ऑनलाइन प्रविष्टि हो चुकी है। जिले में 3 लाख 20 हजार से अधिक महिलाएँ पहले से जीविका स्वयं सहायता समूह की सदस्य हैं और अतिरिक्त 62 हजार से अधिक महिलाओं को नए रूप में समूह से जोड़ा गया है।

**उद्देश्य और आगे की योजना**

जिलाधिकारी डॉ. नवल किशोर चौधरी ने लाभार्थी महिलाओं को योजना के तहत रोजगार स्थापित करने एवं आर्थिक रूप से स्वावलंबी बनने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि यदि महिला रोजगार सफल होता है, तो अतिरिक्त 2 लाख रुपये का सहयोग मिलेगा। इस पहल का उद्देश्य महिलाओं को स्वरोजगार, उद्यमिता और आर्थिक सशक्तिकरण से जोड़ना है। 6 अक्टूबर को शेष महिलाओं को लाभान्वित किया जाएगा।

# किसनगंज में छात्र-छात्राओं को सम्मानित, पीएम और CM की उपस्थिति में कार्यक्रम

**न्यूज स्केल किसनगंज,**






माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी और माननीय मुख्यमंत्री बिहार श्री नीतीश कुमार की गरिमामयी उपस्थिति में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिले के छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। यह कार्यक्रम कौशल विकास अभियान, मुख्यमंत्री निश्चय स्वयं सहायता भत्ता योजना और स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना के अंतर्गत आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन और कौशल विकास के लिए मान्यता देना था।

**वित्तीय और शैक्षिक प्रोत्साहन**

कार्यक्रम में छात्रों को कौशल प्रमाणपत्र, वित्तीय सहायता राशि, और स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड के तहत लाभ प्रदान किए गए। जिला प्रशासन ने कहा कि यह पहल केवल सम्मान तक सीमित नहीं है, बल्कि युवाओं को प्रेरित करने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने का एक मजबूत कदम है। छात्रों ने भी इस पहल की सराहना की और कहा कि इससे उनके भविष्य की योजना बनाने में मदद मिलेगी। इस तरह किसनगंज में यह कार्यक्रम शिक्षा, कौशल विकास और वित्तीय सहायता के माध्यम से युवाओं के सशक्तिकरण का प्रतीक बन गया।

**युवाओं के सशक्तिकरण की दिशा में कदम** : मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षा और कौशल विकास के माध्यम से युवा न केवल आत्मनिर्भर बनेंगे, बल्कि समाज और राज्य के विकास में भी योगदान देंगे। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए छात्रों से अपील की कि वे अपनी पढ़ाई और कौशल दोनों में उत्कृष्टता प्राप्त करें और देश के उज्जवल भविष्य में भागीदार बनें।

# आरपीएफ ने शुरू की विशेष पहल, लाइन में लगाकर ट्रेन में चढ़ाए जा रहे यात्री



**कटिहार,** (हि.स.)। कटिहार रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की सुरक्षा और सुविधा को ध्यान में रखते हुए रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने एक विशेष पहल शुरू की है। इस पहल के तहत, आरपीएफ द्वारा यात्रियों को लाइन में लगाकर ट्रेन में चढ़ाया जा रहा है, जिससे भगदड़ और अन्य दुर्घटनाओं की संभावना कम हो।

आरपीएफ कमांडेंट संदीप कुमार पीएस ने कहा कि रेल में सुरक्षा उनकी पहली प्राथमिकता है। इसी कड़ी में, यात्रियों को प्लेटफॉर्म पर व्यवस्थित रूप से खड़ा कर लाइन के माध्यम से गाड़ी में चढ़ाया जा रहा है। आरपीएफ के अधिकारियों और जवानों को स्टेशन पर तैनात किया गया है ताकि यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

प्लेटफार्म पर मौजूद स्थानीय यात्री मनोज कुमार अग्रवाल ने बताया कि अब ट्रेन चढ़ने में कोई धक्का-मुक्की नहीं होती। आरपीएफ की मौजूदगी से मन में एक भरोसा रहता है कि हम सुरक्षित हैं। आरपीएफ द्वारा स्टेशन पर ट्रेन के समय उद्घोषणा कर यात्रियों को जागरूक भी किया जा रहा है। आरपीएफ द्वारा सीसीटीवी निगरानी, महिला आरपीएफ की तैनाती और जनजागरूकता अभियान भी लगातार जारी हैं। कटिहार जंक्शन पर रेलवे द्वारा की जा रही यह पहल निश्चित रूप से अन्य स्टेशनों के लिए भी एक अनुकरणीय उदाहरण है।

# कटिहार रेलमंडल ने यात्रियों की सुरक्षा को लेकर की बैठक



**कटिहार,** (हि.स.)। कटिहार रेलमंडल ने यात्रियों को बेहतर सुविधा और सुरक्षा देने के लिए एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की। इस बैठक में रेल अधिकारियों ने रेलमंडल में घटित घटनाओं की रोकथाम हेतु कई बिंदुओं पर विचार विमर्श करते हुए रूपरेखा तैयार की। कटिहार रेलमंडल के पीआरओ सह सिनियर डीसीएम अनूप कुमार सिंह ने आम लोगों से अपील की है कि किसी अनाधिकृत स्थान पर रेलवे पटरी को पार करने की कोशिश न करें, क्योंकि इससे जानमाल के नुकसान का खतरा हो सकता है। उन्होंने यात्रियों से निर्धारित फाटक का उपयोग करने और रेलवे ट्रैक पर न चलने की अपील की।

कटिहार रेलमंडल हमेशा यात्रियों की सुरक्षित, सुगम और मंगलमय यात्रा की कामना करता है। रेलमंडल द्वारा यात्रियों की सुरक्षा और सुविधा को लेकर लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। बैठक में रेलमंडल के कई वरीय और कनीय रेल अधिकारी के साथ सुरक्षा अधिकारी भी मौजूद थे। उन्होंने यात्रियों की सुरक्षा और सुविधा को लेकर कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए।

# लोजपा नेता ने बाढ़ पीड़ितों के बीच बंटा सूखा राशन



**भागलपुर,** (हि.स.)। जिले के नाथनगर विधानसभा क्षेत्र के नाथनगर प्रखंड अंतर्गत शंकरपुर पंचायत में शनिवार को चिराग का भरोसा अभियान के तहत करीब दो सौ बाढ़ पीड़ित परिवारों के बीच सूखा राशन का वितरण किया गया। यह कार्यक्रम लोजपा (रा०) के प्रदेश सचिव सह बांका जिला प्रभारी विजय कुमार यादव की अगुवाई में आयोजित हुआ। राशन पाकर पीड़ित परिवारों के चेहरे पर राहत और उम्मीद साफ दिखाई दी।

कार्यक्रम के दौरान विजय कुमार यादव ने कहा कि चिराग का भरोसा अभियान का उद्देश्य यही है कि कोई भी बाढ़ पीड़ित भूखा न सोए। यह सिर्फ राहत सामग्री का वितरण नहीं बल्कि मानवीय सेवा का कार्य है। बाढ़ पीड़ितों ने भी इस पहल की सराहना की और कहा कि कठिन समय में यह मदद उनके लिए बड़ी राहत साबित होगी। इस मौके पर बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और स्थानीय लोग मौजूद रहे। जिनमें रविन्द्र कुमार, अरुण महतो, अखिलेश कुमार, सुबोध महंत, श्याम और मुरारी विशेष रूप से शामिल थे।

## दानापुर–भागलपुर इंटरसिटी एक्सप्रेस पर पथराव मामले में एक व्यक्ति गिरफ्तार



**भागलपुर,** (हि.स.)। मालदा मंडल की रेलवे सुरक्षा बल ने दानापुर–भागलपुर इंटरसिटी एक्सप्रेस पर 24 सितंबर को हुई पथराव की घटना में शामिल एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है।

यह घटना दशरथपुर और जमालपुर रेलवे स्टेशनों के बीच हुई थी। प्राप्त जानकारी के आधार पर, आरपीएफ पोस्ट जमालपुर ने दशरथपुर रेलवे स्टेशन के पास विशेष छापा एवं घेराबंदी अभियान चलाया गया।

इस ऑपरेशन की निगरानी एस आई जेआर मीणा एवं सीटी अनोज यादव द्वारा की गई। इस कार्रवाई में गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान सचिन कुमार (18 वर्ष), निवासी मुंगेर, बिहार के रूप में हुई है। पूछताछ के दौरान आरोपी ने स्वीकार किया कि उसने ट्रेन पर पत्थर फेंका था, जिससे एक कोच को चोट लगी और यात्रियों की सुरक्षा खतरे में पड़ी। इस स्वीकारोक्ति के पश्चात आरोपी को रेलवे अधिनियम की धारा 153 के अंतर्गत गिरफ्तार कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

# कटिहार रेलवे स्टेशन पर जल निकासी की व्यवस्था नहीं, यात्रियों को परेशानी





**कटिहार,** (हि.स.)। कटिहार में लगातार हो रही भारी बारिश ने रेल परिसर को जलमग्न कर दिया है, जिससे यात्रियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। स्टेशन के अंदरूनी हिस्सों और रेलवे ट्रैक पर पानी जमा हो गया है, जिससे यात्रियों के आवागमन में रुकावट आई। प्लेटफॉर्म तक पहुंचने के लिए उन्हें पानी में चलना पड़ा, जिससे यात्रा और भी कठिन हो गई।

**यात्रियों की परेशानियां और शिकायतें** : कुछ यात्रियों ने कहा कि उन्हें बारिश में सवारी उपलब्ध नहीं होने के कारण सामान लेकर पानी में चलना पड़ा। स्थानीय लोगों ने बताया कि यह समस्या हर साल दोहराई जाती है और रेलवे प्रशासन द्वारा अभी तक कोई स्थायी समाधान नहीं किया गया। यात्रियों ने रेलवे से जल्द से जल्द इस समस्या का समाधान करने की मांग की है, ताकि भविष्य में इस तरह की कठिनाइयों से बचा जा सके।

**रेलवे प्रशासन का निरीक्षण** : कटिहार रेलमंडल के सीनियर डीसीएम अनूप कुमार सिंह मौके पर पहुंचे और जलजमाव तथा सफाई की स्थिति का निरीक्षण किया। उन्होंने आश्वासन दिया कि रेलवे प्रशासन भविष्य में ऐसी समस्याओं से निपटने के लिए स्थायी समाधान पर काम कर रहा है। इसके अलावा उन्होंने सफाई और पानी निकासी व्यवस्था को बेहतर बनाने के निर्देश दिए।

**सफाई और जलनिकासी व्यवस्था में सुधार** : डीसीएम ने यात्रियों से संयम और सहयोग की अपील की और स्टेशन एवं रेल परिसर में सफाई बनाए रखने के लिए कई दिशा-निर्देश दिए। हालांकि बारिश के रुकने के कुछ घंटे बाद पानी का स्तर कम हुआ, लेकिन रेलवे में समुचित एक्जिट ड्रेन न होने के कारण यह समस्या नियमित रूप से बनी रहती है। यात्रियों ने रेलवे प्रशासन से स्थायी और प्रभावी समाधान की मांग की है।

# स्नातक उत्तीर्ण को भी मिलेगा मुख्यमंत्री निश्चय स्वयं सहायता भत्ता योजना का लाभ




**अररिया** (हि.स.)। स्नातक उत्तीर्ण युवक और युवतियों को भी अब मुख्यमंत्री निश्चय स्वयं सहायता भत्ता योजना का लाभ मिलेगा। मुख्यमंत्री मुख्यमंत्री निश्चय स्वयं सहायता भत्ता योजना का लाभ स्नातक उत्तीर्ण को देने का घोषणा की गई थी।

इसी कड़ी में शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा नई दिल्ली से बिहार के स्नातक उत्तीर्ण युवाओं को वेब कास्टींग के माध्यम से पटना में मुख्यमंत्री की उपस्थिति में पुर्नगठित मुख्यमंत्री निश्चय स्वयं सहायता भत्ता योजना का शुभारम्भ किया गया। इस कार्यक्रम का लाईव प्रसारण समाहरणालय स्थित परमान सभागार में भी किया गया, जिसमें डीडीसी रोजी कुमारी, डीईओ संजय कुमार, निदेशक डीआरडीए सौरभ सिन्हा, डीआईओ दीपक कुमार, प्रबंधक डीआरसीसी गजेन्द्र कुमार, जिला अंकेक्षण प्रबंधक दीपक कुमार सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएँ शामिल हुए।

मुख्यमंत्री निश्यच स्वयं सहायता भत्ता योजना का लाभ 20-25 वर्ष आयु वर्ग के 12वीं या समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण बेरोजगार जो आगे की पढाई नहीं किये हो और ना ही कर रहे हो, को रोजगार तलाशने के दौरान सहायता के तौर पर प्रत्येक माह एक हजार रूपये की दर से स्वयं सहायता भत्ता अधिकत्तम दो वर्षों तक दिया जाता है। राज्य सरकार द्वारा सात निश्चय-2 कार्यक्रम में भी इस योजना को जारी रखते हुए वर्ष 2021-22 से 2025-26 तक विस्तारित किया गया है।

राज्य सरकार के सात निश्चय कार्यक्रम अन्तर्गत पूर्व से संचालित मुख्यमंत्री निश्चय स्वयं सहायता भत्ता योजना के लाभुकों के शैक्षणिक योग्यता में स्नातक उत्तीर्ण को भी शामिल किये जाने का निर्णय लिया गया है।

इस योजना के अन्तर्गत प्रतिवर्ष पांच लाख लाभार्थियों को स्वयं सहायता भत्ता का लाभ देने का लक्ष्य है। जिस पर कुल अनुमानित व्यय छह सौ करोड़ रूपये प्रतिवर्ष है।

# विधानसभा चुनाव की तैयारी को लेकर मास्टर प्रशिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**न्यूज स्केल सुपौल**



उप निर्वाचन पदाधिकारी एवं जिला पंचायत राज पदाधिकारी के नेतृत्व में मास्टर प्रशिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण का संचालन मास्टर ट्रेनर धर्मेंद्र कुमार एवं अंजनी कुमार द्वारा किया गया। इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य निर्वाचन प्रक्रिया से संबंधित सभी महत्वपूर्ण बिंदुओं की गहन जानकारी प्रदान करना तथा मास्टर प्रशिक्षकों को निर्वाचन कार्यों में दक्ष बनाना है, ताकि वे आगामी चरणों में मतदान कर्मियों को प्रभावी ढंग से प्रशिक्षित कर सकें।

प्रशिक्षण के दौरान निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित दिशा-निर्देशों, मतदान प्रक्रिया, ईवीएम एवं वीवीपैट के प्रयोग, आदर्श आचार संहिता, मतदाता सुविधा, दिव्यांग एवं वरिष्ठ मतदाताओं हेतु विशेष प्रावधान, शिकायत निवारण तंत्र तथा अन्य निर्वाचन संबंधी विषयों पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई।

# नेपाल के जलग्रहण क्षेत्र में अत्यधिक बारिश की संभावना को लेकर एसडीएम ने तटबंध का लिया जायजा





**न्यूज स्केल सुपौल**

सुपौल जिले में नेपाल के जल ग्रहण क्षेत्र में अत्यधिक बारिश की संभावना को देखते हुए अनुमंडल पदाधिकारी सदर इंद्रवीर कुमार ने पूर्वी तटबंध का विस्तृत निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान तटबंधों की स्थिति, स्पर पर किए गए कार्य और पिछले वर्ष कटाव के बाद किए गए पुनर्स्थापना कार्यों का जायजा लिया गया।

**तटबंध सुरक्षा और कटावरोधी तैयारी** : अनुमंडल पदाधिकारी ने तटबंधों के निरीक्षण के दौरान उपस्थित अभियंताओं, पदाधिकारियों और कर्मियों को निर्देश दिए कि नेपाल के जल ग्रहण क्षेत्र में भारी वर्षा की स्थिति में सभी अपने-अपने कर्तव्यों पर तत्पर रहें। उन्होंने जल संसाधन विभाग के अभियंताओं से तटबंध और स्पर पर कटाव रोकने तथा बाढ़ नियंत्रण कार्यों के लिए आवश्यक सामग्रियों के भंडारण की जानकारी ली।

**स्थानीय लोगों को सुरक्षा हेतु अपील :**

निरीक्षण के दौरान अनुमंडल पदाधिकारी ने तटबंध के अंदर रहने वाले लोगों और जनप्रतिनिधियों से अपील की कि पानी बढ़ने की स्थिति में वे तटबंध से बाहर सुरक्षित स्थानों पर शरण ले लें। निरीक्षण के क्रम में सहायक अभियंता राहुल कुमार, कनिष्ठ अभियंता और जल संसाधन विभाग की टीम भी मौजूद थी। अनुमंडल पदाधिकारी ने सभी कर्मियों को लगातार तटबंध का निरीक्षण करने और किसी भी आपात स्थिति से निपटने की तैयारी करने का निर्देश दिया।

**जल संसाधन विभाग की तैयारियाँ** : अभियंताओं और कर्मियों ने बताया कि जल संसाधन विभाग ने पिछले वर्ष तटबंध और स्पर पर व्यापक कार्य किया था और इसे पूर्ण रूप से सुरक्षित कर दिया गया है। इसके बावजूद किसी भी आकस्मिक स्थिति से निपटने के लिए विभाग ने कटावरोधी सामग्री का पर्याप्त भंडारण किया है। मजदूर और अभियंता अलर्ट मोड में रखे गए हैं और सभी को पूरी उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

# वीरपुर अनुमंडल क्षेत्र में रुक रुक कर हो रही बारिश से बढ़ी परेशानी



**न्यूज स्केल वीरपुर**

वीरपुर अनुमंडल क्षेत्र में शनिवार सवेरे से ही रुक रुक कर हो रही मूसलाधार बारिश से जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है। सभी सड़कों पर घुटना भर पानी का जल जमाव हो चुका है जिससे आम लोगों को सड़क पर चलने में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है साथ ही काफी दिनों से चल रही भीषण गर्मी से इस वर्षा के पानी के चलते गर्मी का मौसमअब ठंडा में परिवर्तित हो गया है। लोगों को फुल गंजी एवं कंबल ओढ़ने पर मजबूर हो जाना पड़ा है। जहां धान की फसल में इस बार वर्षा बहुत कम वर्षा हुई है। वही मौसम गुजर जाने के बाद हथिया नक्षत्र में इस भारी वर्षा से धान के फसल में हरियाली छा गई है। किसान इस वर्षा से काफी खुश नजर आ रहे हैं। वही सभी बाजारों की स्थिति सड़क पर पानी लग जाने के कारण नारकीय हो गई है। जिसके चलते आवागमन कम हो गई है। ठंड के चलते लोग घर में सिकुड़ गए हैं।

# मौसम ने बदला रुख, जमकर बरसे बदरा

## — बेलही पंचायत के गम्हरिया वार्ड 09 की सड़क पर घुटनेभर जलजमाव

**न्यूज स्केल मरौना**



मरौना प्रखंड में मौसम ने अचानक करवट ले ली है। बीते शुक्रवार की देर रात से हो रही लगातार बारिश से क्षेत्र का मौसम पूरी तरह बदल गया है। लंबे समय से पड़ रही गर्मी और उमस से जहां लोगों को राहत मिली है, वहीं बारिश ने कई इलाकों में जलजमाव की समस्या भी खड़ी कर दी है।

ज्ञात हो की मरौना प्रखंड के बेलही से सरोजाबेला को जोड़ने वाली मुख्य सड़क के बेलही पंचायत स्थित गम्हरिया वार्ड संख्या 09 मे अवस्थित जुगत भंडारी के घर से लेकर महेंद्र भंडारी के घर तक सड़क पर घुटने भर पानी जमा हो गया है। सड़क पर फैले पानी से राहगीरों और स्थानीय लोगों को आने-जाने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। कई जगहों पर वाहन चालकों को भी जलजमाव से होकर गुजरना पड़ रहा है, जिससे दुर्घटना का खतरा बना हुआ है।

इस संदर्भ मे स्थानीय लोगो ने बताया कि हर साल बारिश के मौसम में यहां यही स्थिति बनती है, लेकिन अब तक जल निकासी की कोई ठोस व्यवस्था नहीं की गई है। थोड़ी सी बारिश होते ही सड़क पर पानी भर जाता है और कई दिनों तक सूखता नहीं, जिससे आमजन को परेशानी झेलनी पड़ती है।

ग्रामीणों ने जिला प्रशासन और स्थानीय जनप्रतिनिधियों से तत्काल जल निकासी की व्यवस्था कराने की मांग की है, ताकि लोगों को इस समस्या से राहत मिल सके।

हालांकि बारिश से मौसम सुहावना हो गया है, लेकिन जलजमाव ने लोगों की दिनचर्या को प्रभावित कर दिया है।

# सरकारी पोखर पर जबरन बनाया जा रहा भवन , रोक लगाने की मांग

**न्यूज स्केल सुपौल**

सदर प्रखंड के करिहो पंचायत में कन्या विवाह योजना का भवन पूर्व जमींदार महंत मनमोहन दास के सरकारी पोखर पर जबरन भवन बनाया जा रहा है ।जबकि सरकारी प्रावधान के अनुसार सरकारी पोखर के मेहर पर सरकारी या गैर सरकारी भवन नहीं बन सकता है उक्त पोखर पर हजारों लोग छठ का पर्व करते हैं ।जहां सरकार द्वारा सीढ़ी नुमा घाट भी लाखों रुपए खर्च कर बनाया गया है। अगर यह भवन बनता है तो पोखर का स्वरूप ही बदल जाएगा। उक्त बातें भाजपा के जिला मीडिया प्रभारी सुरेंद्र नारायण पाठक ने जिला पदाधिकारी एवं अनुमंडल पदाधिकारी को आवेदन देकर विधि सम्मत कार्रवाई करने का अनुरोध किया है ।

भाजपा नेता पाठक ने अपने पत्र में कहा कि उक्त पोखर हमारे गांव का दर्शनीय पोखर है जिसका स्वरूप आम नागरिक और सरकारी भवन बनकर पूर्व में ही स्वरूप को समाप्त कर दिया गया है मेहर पर ही भवन बना हुआ उन्होंने कहा कि गैर मजरूवा खास एवं आम की जमीन खाता नंबर एक खेसरा नंबर 1627 रखवा 40 डिसमिल जमीन जो महान जी का स्थल पर है उसे पर बनाया जाए तो लोगों को कोई आपत्ति नहीं होगी और लोगों को आने जाने मैं भी कठिनाई नहीं होगी और सुरक्षा की दृष्टिकोण से भी अच्छा रहेगा।

# पिपरा - सहरसा पैसेंजर ट्रेन का त्रिवेणीगंज तक हुआ विस्तार, लोगों में हर्ष

## सांसद दिलेश्वर कामैत ने हरी झंडी दिखाकर किया शुभारंभ

## त्रिवेणीगंज में ट्रेन की सुविधा बहाल होने से लोगों में खुशी का माहौल

**न्यूज स्केल सुपौल**





रेलवे बोर्ड द्वारा अमहा पिपरा – सहरसा पैसेंजर ट्रेन सं. 75249/75250 के विस्तार को मंजूरी प्रदान की गई है। अब इस ट्रेन का विस्तार त्रिवेणीगंज स्टेशन तक कर दिया गया है।

इसी क्रम में शनिवार को सांसद दिलेश्वर कामैत द्वारा त्रिवेणीगंज स्टेशन पर गाड़ी सं. 05599 त्रिवेणीगंज-सहरसा पैसेंजर के विस्तार को हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर मंडल के अधिकारी एवं अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।

उद्घाटन विशेषः
इस अवसर पर उद्घाटन विशेष ट्रेन सं. 05599 "त्रिवेणीगंज – सहरसा पैसेंजर" का संचालन दिनांक 04 अक्टूबर को सुबह 11:00 बजे (ओपन टाइम) त्रिवेणीगंज स्टेशन से किया गया। 05 अक्टूबर से इस ट्रेन का नियमित संचालन निम्नानुसार किया जाएगा बताया गया कि ट्रेन सं. 75249/50 त्रिवेणीगंज – सहरसा पैसेंजर : त्रिवेणीगंज से 5 अक्टूबर से नियमित रूप से चलेगी।

**विस्तारित खंड पर समय सारणी इस प्रकार होगी :**
ट्रेन सं. 75250 सहरसा – त्रिवेणीगंज पैसेंजर
सहरसा प्रस्थान :14:00
अमहा पिपरा आगमन :16:55 बजे,प्रस्थान :17:00 बजे,
त्रिवेणीगंज आगमन :17:30।
ट्रेन संख्या 75249 त्रिवेणीगंज- सहरसा पैसेंजर
त्रिवेणीगंज प्रस्थान :05:30,
अमहा पिपरा आगमन : 05:55, प्रस्थान:6 बजे,
सहरसा आगमनः 8:50

**कोच संरचना :-**
इस ट्रेन में कुल 9 कोच रहेंगे ।जिनमें 7 साधारण द्वितीय श्रेणी कोच तथा 02 गार्ड सह लगेज ब्रेक-वैन्स (GSLRD) शामिल होंगे।
यह विस्तार यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए किया गया है, जिससे इस क्षेत्र के यात्रियों को रेल यातायात की बेहतर सुविधा उपलब्ध होगी।

**पहलीबार त्रिवेणीगंज तक हुआ है ट्रेन का विस्तार :**
पहलीबार ट्रेन से सफर कर लोग त्रिवेणीगंज रेलवे स्टेशन उतर कर अपने घर जाएंगे। ट्रेन की सुविधा बहाल होने से लोगों में खुशी का माहौल है। एनडीए गठबंधन के नेताओं ने पीएम , सीएम , रेलमंत्री ,सांसद , ऊर्जा मंत्री सहित विधायक को बधाई दी है।

# एसएसबी ने किया मानव तस्करी की कोशिश को नाकाम

**न्यूज स्केल सुपौल**

45वी वाहिनी एस.एस.बी. की सीमा चौकी कुनौली ने चेक पोस्ट ड्यूटी के दौरान एक लड़की को संभावित मानव तस्करी के प्रयास से बचाव किया। जानकारी देते हुए 45वीं बटालियन के कमांडेंट गौरव सिंह ने बताया कि सीमा चौकी कुनौली के जिम्मेवारी क्षेत्र में भारत नेपाल सीमा पर सीमा स्तंभ संख्या 223 के समीप चेक पोस्ट ड्यूटी के दौरान तैनात एसएसबी जवानों ने देखा एक व्यक्ति के द्वारा नेपाल से भारत प्रभाग में ले जा रही युवती को संदिग्ध आधार पर रोक कर पूछताछ की ।

तत्पश्चात यह पाया गया कि 19 वर्षीय युवती को कनकट्टा इनरवा

जिला- सप्तरी, नेपाल का निवासी है । युवती को बहला फुसला कर गलत मनसूबे से घर वालों को बिना सूचित किए नेपाल से भारत ले जा रहे थे परिस्थिति को देखते हुए एसएसबी के द्वारा आवश्यक कार्यवाही की गई एवं पकड़े गए व्यक्ति तथा युवती दोनों को ए पीएफ मलनिया नेपाल को सुपुर्द कर दिया गया।

इस दौरान एसएसबी के सहायक उप निरीक्षक अनुराग एवं अन्य उपस्थित थे।

# राघोपुर उप प्रमुख के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव

**न्यूज स्केल सुपौल**



राघोपुर प्रखंड के उप-प्रमुख ओंकार नाथ गुरमैता के खिलाफ आठ पंचायत समिति सदस्यों ने संयुक्त रूप से अविश्वास प्रस्ताव पेश किया है। सदस्यों ने आरोप लगाया है कि उप-प्रमुख के द्वारा लिए गए अधिकांश निर्णय जनहित के विपरीत हैं और प्रखंड के विकास कार्यों में बाधा डाल रहे हैं। उन्होंने उप-प्रमुख पर अनुचित और भेदभावपूर्ण व्यवहार, पारदर्शिता की कमी और महत्वपूर्ण जानकारियों को गोपनीय रखने का आरोप लगाया है।

**समिति सदस्यों के साथ सहयोग में कमी** : अविश्वास प्रस्ताव में यह भी कहा गया है कि उप-प्रमुख अपने कर्तव्यों का सही ढंग से पालन नहीं करते और समिति के अन्य सदस्यों के साथ सहयोगात्मक व्यवहार नहीं दिखाते। सदस्यों का आरोप है कि उनके साथ प्रताड़ना की जाती है, जिससे प्रखंड कार्यों में समन्वय और गति बाधित हो रही है। यह मुद्दा प्रशासनिक और राजनीतिक दोनों स्तर पर चर्चा का विषय बन गया है।

**प्रशासनिक कदम का इंतजार**
अविश्वास प्रस्ताव पर हस्ताक्षर करने वाले सदस्यों में ओमप्रकाश यादव, शांति देवी, रेणु देवी, सूर्यनारायण ठाकुर, छेदनी देवी, जुली मिश्रा और कुमारी सिंग्यानी शामिल हैं। सभी ने मांग की है कि प्रस्ताव को स्वीकार कर एक विशेष बैठक आयोजित की जाए और आवश्यक कार्रवाई की जाए। राघोपुर प्रमुख फिदा हुसैन ने बताया कि वे सुपौल में हैं और जानकारी उप-प्रमुख से फोन पर मिली है। अब प्रशासन के अगले कदम का इंतजार है, जिससे प्रखंड की राजनीति में गहमागहमी बढ़ गई है।

# गोविंदपुर को पंचायत सरकार भवन मिला तो, सुखानगर श्रीपुर और चिलौनीउतर पंचायत में विवाह मंडप निर्माण का शिलान्यास किया गया

**न्यूज स्केल प्रतापगंज**







मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने 1 अक्टूबर को प्रखंड की गोविंदपुर पंचायत में नवनिर्मित पंचायत सरकार भवन का लोकार्पण किया। करोड़ों की लागत से तैयार इस भवन का उद्देश्य पंचायत स्तर पर सरकारी कार्यों को एक छत के नीचे उपलब्ध कराना है। स्थानीय पंचायत मुखिया इंदू देवी ने भवन का फीता काटकर उद्घाटन किया और बताया कि अब ग्रामवासी जाति, आय, आवासीय प्रमाणपत्र जैसी सेवाओं के लिए प्रखंड मुख्यालय नहीं जाएंगे।

**पंचायत सरकार भवन का उद्देश्य** : मुखिया इंदू देवी ने बताया कि पंचायत सरकार भवन ग्राम पंचायत की बैठकों के लिए केंद्रीकृत स्थान के रूप में कार्य करेगा और ग्राम कचहरी के संचालन में भी मदद करेगा। इससे स्थानीय प्रशासन और नागरिकों के बीच दूरी कम होगी और सरकारी सेवाओं की पहुंच आसान होगी।

**विवाह मंडप भवनों का वर्चुअल शिलान्यास** : मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने वर्चुअल वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सुखानगर, चिलौनीउतर और श्रीपुर पंचायतों में विवाह मंडप भवन निर्माण का शिलान्यास किया। इन तीनों पंचायतों में मुखिया द्वारा ग्रामीणों की उपस्थिति में शिलान्यास किया गया।

**गरीब परिवारों के लिए सुविधाएं** बीपीआरओ शिल्पा कुमारी ने बताया कि प्रत्येक विवाह मंडप भवन की लागत 50 लाख रुपये है। इन भवनों का मुख्य उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को बेटियों की शादी के लिए सम्मानजनक स्थान उपलब्ध कराना है। भवनों में मंडप, पंडाल, कुर्सी, बिजली और रसोईघर जैसी सभी सुविधाएं मौजूद होंगी।

**महिला सशक्तिकरण और संचालन** : विवाह मंडप भवनों के संचालन की जिम्मेदारी जीविका समूह द्वारा की जाएगी। इससे न केवल गरीब परिवारों को राहत मिलेगी, बल्कि महिला सशक्तिकरण को भी बढ़ावा मिलेगा। इस मौके पर सरपंच प्रवीण मेहता, मुखिया प्रतिनिधि अभिषेक झा उर्फ बुलन, बबलू गोईत सहित अन्य कार्यपालक पदाधिकारी उपस्थित थे।

# पश्चिम चम्पारण में विकास का उत्सव : लाभुकों को मिली योजनाओं की सौगात

**न्यूज स्केल बेतिया**

पश्चिम चम्पारण जिले में आज विकास और जनकल्याण का उत्सव मनाया गया। माननीय अनुसूचित जाति एवं जनजाति कल्याण मंत्री तथा जिले के प्रभारी मंत्री, जनक राम ने स्थानीय गांधी सभागार (प्रेक्षा गृह) में आयोजित भव्य कार्यक्रम में विभिन्न योजनाओं के तहत सैकड़ों लाभुकों को लाभान्वित किया। इस अवसर पर भूमि, आवास, जविप्र अनुज्ञप्ति, नियुक्ति पत्र और शौचालय निर्माण अनुदान स्वीकृति पत्र सहित अन्य दस्तावेज लाभुकों को प्रदान किए गए।

**भूमि एवं आवास वितरण** : कार्यक्रम में जिले के 601 भूमिहीन लाभुकों को भूमि का पर्चा प्रदान किया गया।





**जन वितरण प्रणाली और रोजगार लाभ** :जविप्र अनुज्ञप्ति के तहत कुल 202 लाभुकों को प्रमाणपत्र प्रदान किया गया, जिसमें नरकटियागंज अनुमंडल के 184 और बगहा अनुमंडल के 18 लाभुक शामिल थे। इसके अलावा, अनुकंपा के आधार पर नवनियुक्त 150 अभ्यर्थियों को नौकरी का नियुक्ति पत्र प्रदान कर उन्हें सरकारी सेवाओं में शामिल किया गया। यह कदम रोजगार सृजन और प्रशासनिक पारदर्शिता को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण माना गया।

**स्वच्छता और सम्मान** :लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान के अंतर्गत 100 लाभुकों को शौचालय निर्माण के लिए अनुदान स्वीकृति पत्र प्रदान किया गया। इसके साथ ही, उत्कृष्ट कार्य करने वाले पदाधिकारियों और मुखियाओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। ठकराहा, लौरिया और गौनाहा प्रखंडों के विकास पदाधिकारी, लौरिया एवं नौतन के प्रखंड समन्वयक और सेमरा कटकुइया पंचायत की माननीय मुखिया को विशेष रूप से सम्मानित किया गया।



**601 भूमिहीन लाभुकों को भूमि का पर्चा सौंपा गया।**

----------------------

**प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत 200 लाभुकों को आवास की सांकेतिक चाबी दी गई।**

----------------------

**202 लाभुकों को जन वितरण प्रणाली विक्रेता अनुज्ञप्ति प्रदान की गई।**

----------------------

**अनुकंपा के आधार पर 150 नवनियुक्त अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र सौंपे गए।**

प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत 200 लाभुकों को आवास निर्माण पूर्ण होने पर सांकेतिक चाबी सौंपकर उन्हें घर का सुख प्रदान किया गया। इस वितरण से ग्रामीण इलाकों में गरीब और भूमिहीन परिवारों को स्थायी आवास और जीवन स्तर सुधार का बड़ा लाभ **माननीय मंत्री और अन्य अधिकारियों की**


**उपस्थिति**

इस अवसर पर सांसद डॉ. संजय जायसवाल, विधायक विनय बिहारी, विधान पार्षद आफाक अहमद, भीष्म सहनी, उप विकास आयुक्त सुमित कुमार, अपर समाहर्ता राजीव रंजन सिन्हा, निदेशक डीआरडीए अरुण प्रकाश, अनुमंडल पदाधिकारी नरकटियागंज सूर्य प्रकाश गुप्ता और जिला सूचना एवं जनसंपर्क पदाधिकारी श्री राकेश कुमार सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। मंत्री जनक राम ने कहा कि सरकार का लक्ष्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुँचाना है और यह सामूहिक वितरण कार्यक्रम उसी दिशा में एक सशक्त कदम है।

इस प्रकार पश्चिम चम्पारण जिले में आज का कार्यक्रम सुशासन, पारदर्शिता और जनकल्याण की मिशाल प्रस्तुत करता है, जिसमें विभिन्न योजनाओं के माध्यम से लाभुकों को प्रत्यक्ष लाभ प्रदान किया गया।

# पेड़ में फाँसी लगाकर युवक ने की आत्महत्या

**नवादा,**(हि.स.)।नवादा जिले के कौआकोल थाना क्षेत्रअंतर्गत छबैल पंचायत के खैरा गांव अवस्थित चबूतरा के पास शनिवार को पीपल के पेड़ में फाँसी लगाकर एक युवक ने आत्महत्या कर किया।



प्राप्त जानकारी के अनुसार घरेलू कलह से तंग आकर थाना क्षेत्र के लालपुर गांव निवासी स्वर्गीय बैजू मांझी के पुत्र विनोद मांझी ने पीपल पेड़ से गमछा में गला फंसाकर आत्महत्या कर लिया। घटना के बाद गांव में कोलाहल मच गया।

स्थानीय लोगों द्वारा इसकी सूचना कौआकोल थाना को दी गई। थानाध्यक्ष उमाशंकर कुमार के नेतृत्व में पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर देर शाम पोस्टमार्टम के लिए नवादा भेज दिया है। पकरीबरावां एसडीपीओ राकेश कुमार भाष्कर में भी घटनास्थल का निरीक्षण किया है।

थानाध्यक्ष के अनुसार मृतक की पत्नी पूजा देवी ने अपने पति द्वारा आत्महत्या कर लेने की बात कही है। जिसके आधार पर मामला दर्ज कर पुलिस अनुसंधान में जुट गई है। बताया जाता है कि मृतक का घर लालपुर है,परन्तु वह विगत दो वर्षों से अधिक समय से अपने ससुराल खैरा में रह रहा था। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

# पूर्वी चम्पारण में 49 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरित

**न्यूज स्केल मोतीहारी**

।पूर्वी चम्पारण जिले में अनुकम्पा के आधार पर चयनित अभ्यर्थियों को आज समाहरणालय मोतिहारी स्थित डॉ. राजेंद्र भवन के सभागार में नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम में कुल 49 अभ्यर्थियों ने भाग लिया, जिनमें 44 लिपिक और 5 परिचारी के पदों पर नियुक्ति पाई।



**अभ्यर्थियों के लिए शुभकामनाएँ** अधिकारियों ने सभी चयनित अभ्यर्थियों को उनके उज्जवल भविष्य और सफल करियर के लिए शुभकामनाएं दी। उन्होंने अभ्यर्थियों को अपने कर्तव्यों के प्रति ईमानदार और समर्पित रहने का संदेश भी दिया।

**कार्यक्रम की सार्थकता** यह कार्यक्रम न केवल नियुक्ति प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने का प्रयास था, बल्कि स्थानीय युवाओं को सरकारी सेवाओं में अवसर प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम भी साबित हुआ। अभ्यर्थियों ने उत्साह और उम्मीद के साथ अपने नए करियर की शुरुआत की।

**मुख्य अतिथि एवं अधिकारियों की मौजूदगी** : इस अवसर पर उप विकास आयुक्त डॉ. प्रदीप कुमार, जिला शिक्षा पदाधिकारी श्री राजन कुमार गिरी, उप निर्वाचन पदाधिकारी श्री सरफराज नवाज और डीपीओ माध्यमिक शिक्षा श्री नित्यम कुमार गौरव उपस्थित रहे। सभी अधिकारियों ने संयुक्त रूप से अभ्यर्थियों को उनके नियुक्ति पत्र सौंपे।

## तेज आंधी और मूसलधार बारिश से पश्चिम चंपारण में बड़ी तबाही, बिजली भी गिरा

**बेतिया,** (हि.स.)।पश्चिम चंपारण ज़िला सहित बेतिया नगर में शनिवार को आंधी के साथ हुई मूसलधार बारिस से बड़ी तबाही हुई है। आंधी में कई पेड़ सड़को पर गिर गया। कई लोगों का छप्पर उड़ गया। नाला और सड़कों का फर्क मिट गया। फसलों का भारी नुकसान हुआ और कई घरों में पानी घुसा गया है।

बेतिया शहर में लगभग ढाई फ़ीट जलजमाव है। यहां आवासीय कोलनी के लोगों का बहुत कीमती सामान और अभिलेख भी बर्बाद हो गया। यही हालत जिले के कई ब्लॉक का भी है।

मुफ़सिल थाना क्षेत्रों के पारस पकड़ी जाने वाला पक्की सड़क पर रेलवे गुमटी के उत्तर एक पेड़ गिर गया है । गांव में जाने वाले जानेवाला पथ पर आवाजाही ठप्प हो गया है। पश्चिम चंपारण के गांव में खेतों में पानी भर जाने से फसल नुकसान होने की उम्मीद है। जबकि मझवालिया में आकाशीय बिजली गिर जाने से एक महिला की मौत हो गई है। बीती रात से रुक रुक कर लगातार बारिश हो रही है। आगे भी होने की उम्मीद बनी हुई है। यही हाल रहा तो जिले में बाढ़ की उम्मीद बढ़ जाएगी।

## सारण जिले में मूसलाधार बारिश, स्कूलों कोबंदकरनेकेआदेश,विद्युतआपूर्तिभीठप

**।छपरा,** (हि.स.)। सारण जिला में रात्रि से जारी मूसलाधार बारिश से आम जनजीवन प्रभावित हुआ है। बारिश के कारण सड़कों पर बाढ़ जैसे हालात हैं। जिसे लेकर सुरक्षा के दृष्टिकोण से एहतियात बरतते हुये जिला दंडाधिकारी सह जिलाधिकारी अमन समीर द्वारा जिला के सभी विद्यालयों एवं आंगनबाड़ी केंद्रों को आज शनिवार के लिये बंद रखने का आदेश दिया गया है.




सभी आमजनों से अनुरोध है कि अपने अपने घरों में सुरक्षित रहें। रात्रि से ही विद्युत आपूर्ति भी बाधित है। वहीं कुछ स्थानों पर मोबाइल सेवा भी प्रभावित हुई है। भारी बारिश के कारण हुए जलजमाव से लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मौसम विभाग ने बिहार के कई जिलों में भारी बारिश और मेघगर्जन की चेतावनी जारी की थी।

## कथवार गांव के 70 वर्षीय गोविन्द झा दो दिनों से लापता, परिजनों में बढ़ी चिंता

**दरभंगा,** (हि.स.)।तारडीह समदिया। तारडीह प्रखंड के कथवार गांव वार्ड संख्या दो, उत्तरी टोल निवासी 70 वर्षीय गोविन्द झा दो अक्तूबर की सुबह से लापता हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार सुबह लगभग नौ बजे उन्होंने मां भगवती की पूजा-अर्चना कर जयंती चढ़ाई और चाय-नाश्ता करने के बाद खेत देखने अपने घर के निकट कमला नदी की ओर गए। इसके बाद वे घर नहीं लौटे।



परिजनों द्वारा काफी खोजबीन के बावजूद उनका कोई सुराग नहीं मिला। गोविन्द झा के पुत्र शहर में रहते हैं जबकि उनकी पत्नी और अन्य परिजनों ने सकतपुर थाना में गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस मामले की तफ्तीश कर रही है, लेकिन अब तक कोई सफलता नहीं मिली है।

स्थानीय पार्टनर ट्रेडर के मालिक हरिहर झा ने हत्या की आशंका को खारिज करते हुए कहा कि नदी में डूबने, अचानक बीमारी या अन्य कारणों की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता।

लापता गोविन्द झा के बारे में यदि किसी को जानकारी मिले तो कथवार स्थित पार्टनर ट्रेडर्स के मोबाइल नंबर 9709466222 पर सूचना देने की अपील की गई है।इस घटना से ग्रामीणों के बीच कई तरह के सवाल उठने लगे हैं।

# मच्छरगावा और जसौली पट्टी में घर पर गिरा पेड़, चार घायल



**पूर्वी चंपारण,**(हि.स.)। जिले के कोटवा प्रखंड में तेज हवा और घंटों की झमाझम बारिश की वजह से कई जगहों पर पेड़ गिरने से आधे दर्जन लोग घायल हो गए है। मच्छरगावा पंचायत के वार्ड नंबर 11 में एक घर पर सेमल का पेड़ गिर गया जिसमें एक बुजुर्ग , एक महिला सहित तीन लोग घायल हो गए।

मुखिया प्रतिनिधि अनिल सिंह ने बताया कि तेज हवा और बारिश में सेमल का पेड़ रमेश पासवन के घर पर गिर गया। जिसमें उसका पिता सुरेश पासवान , पुत्र प्रिंस पासवान और पत्नी मधु देवी घायल हो गई। घायलों को तत्काल इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया है। वही जसौली पट्टी पंचायत के वार्ड नंबर 10 में घर पर पेड़ गिरने से एक लड़का घायल हो गया।

मुखिया प्रतिनिधि संतोष सिंह ने बताया कि घायल बच्चा रमेश महतो का बेटा है जिसे इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है। इसके अलावे प्रखंड क्षेत्र में कई जगह पर पेड़ गिरा है। पेड़ गिरने की वजह से कुछ रास्ते भी बाधित हुए है और बिजली की आपूर्ति भी ठप हो गई।

स्थानीय लोगों द्वारा पेड़ो को सड़क से हटाकर यातायात सुचारु किया गया। इस संबंध में सीओ मोनिका आनंद ने बताया है कि उन्हें घर पर पेड़ गिरने कि सूचना मिली है,जिसको लेकर बचाव व राहत कार्य चलाया जा रहा है। कर्मचारी को जांच करने का निर्देश दिया गया है।

## दरभंगा : निर्वाचन क्षेत्र मतदाता पंजीकरण हेतु बैठक आयोजित

# दरभंगा में मतदाता पंजीकरण बैठक आयोजित, स्नातक और शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के लिए मार्गदर्शन



**न्यूज स्केल दरभंगा**

दरभंगा प्रमंडल में आज मतदाता पंजीकरण प्रक्रिया को लेकर एक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता सत्येन्द्र कुमार, आयुक्त सचिव-सह-सहायक निर्वाचक निबंधन अधिकारी ने की, जबकि निर्देशदाता के रूप में श्री कौशल किशोर, आयुक्त, दरभंगा प्रमंडल उपस्थित थे। बैठक में सत्येंद्र प्रसाद, उपनिदेशक जनसंपर्क, मधुबनी, समस्तीपुर, बेगूसराय और दरभंगा के विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि, सचिव और अध्यक्ष भी मौजूद थे।

**स्नातक निर्वाचन क्षेत्र–पंजीकरण की आवश्यकताएँ**

-------------

बैठक में बताया गया कि स्नातक निर्वाचन क्षेत्र में पंजीकरण के लिए आवेदक के पास 1 नवंबर 2025 से कम से कम 3 वर्ष पूर्व भारत के किसी विश्वविद्यालय से स्नातक डिग्री या समकक्ष योग्यता होना अनिवार्य है। इसके अलावा आवेदक को संबंधित निर्वाचन क्षेत्र का सामान्य निवासी होना चाहिए। आवेदन फॉर्म 18 में किया जाएगा और प्रमाणित डिग्री/अंग पत्र की प्रति संलग्न करनी होगी। आवेदन को निर्वाचक निबंधन अधिकारी, सहायक निर्वाचक निबंधन अधिकारी या नामित पदाधिकारी के समक्ष जमा करना अनिवार्य है।

**शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र–पंजीकरण की आवश्यकताएँ** : शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के लिए आवेदक को संबंधित क्षेत्र का निवासी होना आवश्यक है। इसके साथ ही, पिछले छह वर्षों में किसी मान्यताप्राप्त माध्यमिक या उच्चतर संस्थान में कम से कम तीन वर्ष तक शिक्षण कार्य किया होना चाहिए। संस्थान भारत निर्वाचन आयोग की सहमति से राज्य सरकार द्वारा विनिर्दिष्ट होना चाहिए। आवेदन फॉर्म 19 में किया जाएगा और पिछले छह वर्षों के शिक्षण अनुभव का प्रमाण संलग्न करना होगा। संस्थान प्रमुख सभी योग्य कर्मियों के संकलित आवेदन पत्र भी भेज सकते हैं।

**आवेदन प्रक्रिया और दस्तावेज़** : बैठक में आवेदन प्रक्रिया और आवश्यक दस्तावेज़ों पर भी विशेष चर्चा हुई। सभी प्रतिनिधियों को फॉर्म भरने, प्रमाणपत्र संलग्न करने और आवेदन समय पर जमा कराने का निर्देश दिया गया। राजनीतिक दलों और संस्थान प्रमुखों से आग्रह किया गया कि वे अपने क्षेत्रों में योग्य उम्मीदवारों को पंजीकरण के लिए प्रेरित करें और दस्तावेज़ों की पुष्टि सुनिश्चित करें।

**निर्वाचक नामावली और महत्वपूर्ण तिथियाँ ;** निर्वाचक नामावली से संबंधित तिथियों की घोषणा भी बैठक में की गई। प्रारूप का प्रकाशन 25 नवंबर 2025 को होगा। पूर्व प्रकाशन समाचार पत्रों में 30 सितंबर, 15 अक्टूबर और 25 अक्टूबर को किया जाएगा। अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन 30 दिसंबर 2025 को होगा। प्रतिनिधियों ने मतदाता पंजीकरण की प्रक्रिया में पारदर्शिता और समयबद्धता सुनिश्चित करने का संकल्प लिया।

## डायबिटीज में खाने के 30 मिनट बाद वॉक करना जरूरी : एक्सपर्ट की सलाह



**नई दिल्ली,** (हि.स.) डायबिटीज पेशेंट्स के लिए खाने के 30 मिनट बाद वॉक करना बेहद फायदेमंद होता है। डॉक्टर संजीव बत्रा के मुताबिक, खाने के 30-60 मिनट में ब्लड ग्लूकोज का स्तर सबसे ज्यादा होता है, इसलिए 20-30 मिनट की हल्की वॉक ब्लड शुगर को नियंत्रित करने में मदद करती है। हेल्थ एक्सपर्ट्स बताते हैं कि नियमित वॉक मसल्स को ग्लूकोज बर्न करने में मदद देती है और डायबिटीज पेशेंट्स की सेहत के लिए वरदान साबित हो सकती है। इसके अलावा, वॉक से हार्ट, हड्डियां, पेट, मानसिक स्वास्थ्य और नींद की क्वॉलिटी भी बेहतर होती है। वेट लॉस और तनाव कम करने के लिए भी वॉक फायदेमंद है।

## गोयल ने सिंगापुर के निवेशकों से भारत में अवसर तलाशने का आग्रह किया





**नई दिल्ली,** (हि.स.) केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने सिंगापुर के निवेशकों से आग्रह किया कि वे आर्थिक विकास के क्षेत्र में भारत द्वारा प्रस्तुत अवसरों पर गौर करें।

केंद्रीय वाणिज्य मंत्री ने शनिवार को सिंगापुर में "भारत सिंगापुर विकास के लिए साझेदारी" विषय पर निवेशकों के साथ एक बैठक को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा, "मैं आप सभी से भारत द्वारा प्रदान किए जा रहे अवसरों के पैमाने पर गौर करने का आग्रह करता हूं।"

गोयल ने अपने संबोधन में भारत के बाजार आकार, कुशल कार्यबल और पूंजी, अनुसंधान एवं विकास तथा स्थिरता में संभावनाओं पर प्रकाश डाला। मंत्री ने तीव्र आर्थिक वृद्धि पर जोर देते हुए भारत की तीन खास विशेषताओं पर प्रकाश डाला, जिसमें बाजार का आकार, अवसर और इसके कार्यबल का कौशल।

वाणिज्य मंत्री ने कहा, "हम साथ मिलकर काम करने तथा भारत सिंगापुर बिजनेस राउंडटेबल द्वारा शुरू की गई विभिन्न पहलों को तेजी से आगे बढ़ाने पर विचार कर रहे हैं।" उन्होंने बताया कि सार्वजनिक और निजी दोनों क्षेत्रों के अधिकारी अथक प्रयास कर रहे हैं तथा ऐसे मॉडल तैयार कर रहे हैं, जिनसे दोनों देशों के संबंधों को तेजी से आगे बढ़ाने में मदद मिलेगी। गोयल ने कहा कि मुझे लगता है कि एक साथ मिलकर कई नई सीमाएं हैं, जिन्हें पार करना होगा। चाहे वह पूंजी का क्षेत्र हो, अनुसंधान और विकास हो, मानव संसाधन, कौशल, प्रतिभा या शिक्षा का क्षेत्र हो, भारत और सिंगापुर मिलकर सभी क्षेत्रों में आगे बढ़ने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इससे पहले वाणिज्य मंत्री ने एक्स पोस्ट में कहा कि ब्लैकस्टोन सिंगापुर के अध्यक्ष गौतम बनर्जी से मुलाकात की। इस मुलाकात के दौरान आपूर्ति शृंखलाओं को और मजबूत करने के लिए विनिर्माण से जुड़े बुनियादी ढांचे में दीर्घकालिक पूंजी के अवसरों पर चर्चा की। इसके साथ नोमुरा एशिया पैसिफिक होल्डिंग्स के सीईओ नाग्स शंकरनारायणन के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात की। भारत-केंद्रित निवेश को बढ़ावा देने के अवसरों और वैश्विक निवेशकों के लिए भारत द्वारा प्रस्तुत व्यापक अवसरों पर चर्चा की गई।

## वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच व्यापार एवं ऊर्जा असंतुलन भी चुनौती : सीतारमण




**नई दिल्ली,** (हि.स.) केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को कौटिल्य इकोनॉमिक कॉन्क्लेव 2025 को संबोधित करते हुए कहा कि वैश्विक अर्थव्यवस्था में संरचनात्मक बदलाव और भू-राजनीतिक तनाव के बावजूद भारत की बाहरी झटकों को झेलने की क्षमता मजबूत है। उन्होंने कहा कि देश को न केवल वैश्विक अनिश्चितताओं से, बल्कि व्यापार और ऊर्जा असंतुलन से भी निपटना है। वित्त मंत्री ने यह भी बताया कि भारत को 2047 तक विकसित अर्थव्यवस्था बनने के लक्ष्य के लिए 8 प्रतिशत की जीडीपी वृद्धि दर बनाए रखनी होगी। उन्होंने जोर देकर कहा कि यह आत्मनिर्भरता का मतलब बंद अर्थव्यवस्था नहीं है, बल्कि वैश्विक अस्थिरता के बीच मजबूत आर्थिक आधार पर विकास को आगे बढ़ाना है। निर्मला सीतारमण ने निजी क्षेत्र में निवेश के अवसरों पर भी प्रकाश डाला और कहा कि सार्वजनिक-निजी भागीदारी (PPP) परियोजनाओं में रुचि बढ़ रही है। सरकार पूंजीगत व्यय और निवेश को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है, जिससे देश में आर्थिक अवसर और रोजगार सृजन को बल मिलेगा। इस अवसर पर 15वें वित्त आयोग के अध्यक्ष एनके सिंह, इंडोनेशिया के राष्ट्रपति की विशेष सलाहकार और अंतरराष्ट्रीय व्यापार विशेषज्ञ मारी एल्का पंगेस्टु, तथा लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स एंड पॉलिटिकल साइंस के अध्यक्ष लैरी क्रेमर भी उपस्थित रहे।

## भारत का वृहद आर्थिक बुनियादी ढांचा लगातार मजबूत बना : आरबीआई गवर्नर

**नई दिल्ली,** (हि.स.) रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने शुक्रवार को कहा कि भारत का वृहद आर्थिक बुनियादी ढांचा लगातार मजबूत बना हुआ है। इससे देश अस्थिर विश्व में स्थिरता का आधार बन गया है। आरबीआई के गवर्नर ने यहां आयोजित कौटिल्य इकोनॉमिक कॉन्क्लेव 2025 को संबोधित करते हुए यह बात कही। मल्होत्रा ने अपने संबोधन में देश की मजबूत बुनियाद का श्रेय कम मुद्रास्फीति, अच्छे विदेशी मुद्रा भंडार, कम चालू खाता घाटे और हमारे




बैंकों और कॉरपोरेट्स की बहुत मजबूत बैलेंस शीट को दिया। मल्होत्रा ने कहा कि यह सरकार के नीति निर्माताओं, नियामकों और विनियमित संस्थाओं के संयुक्त प्रयासों का परिणाम है। उन्होंने कहा कि कुल मिलाकर हाल की कठिनाइयों के बावजूद अर्थव्यवस्था सुदृढ़ विकास के संतुलन में सुदृढ़ प्रतीत होती है। उन्होंने कहा कि यह एक बड़ी उपलब्धि है, जो भारत को इस अस्थिर विश्व में स्थिरता के एक प्रमुख स्तंभ के रूप में स्थापित करती है।

## देश का विदेशी मुद्रा भंडार 2.33 अरब घटकर 700.24 अरब डॉलर पर



**नई दिल्ली,** (हि.स.) विदेशी मुद्रा भंडार में लगातार दूसरे हफ्ते गिरावट आई है। देश का विदेशी मुद्रा भंडार 26 सितंबर को समाप्त हफ्ते में 2.33 अरब डॉलर घटकर 700.24 अरब डॉलर रहा। इससे पिछले हफ्ते देश का कुल विदेशी मुद्रा भंडार 39.6 करोड़ डॉलर घटकर 702.57 अरब डॉलर पर रहा था।

रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने शुक्रवार को जारी आंकड़ों में बताया कि 26 सितंबर को समाप्त हफ्ते में मुद्रा भंडार का अहम घटक माने जाने वाली विदेशी मुद्रा आस्तियां 4.39 अरब डॉलर घटकर 581.76 अरब डॉलर रह गईं। केंद्रीय बैंक के मुताबिक देश का स्वर्ण भंडार 2.24 अरब बढ़कर 95.02 अरब डॉलर पर पहुंच गया। आंकड़ों के अनुसार इस दौरान विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) नौ करोड़ डॉलर घटकर 18.78 अरब डॉलर रह गया। आरबीआई के मुताबिक इस अवधि में अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष में भारत का आरक्षित भंडार 8.9 करोड़ डॉलर घटकर 4.67 अरब डॉलर रह गया।

## जीएसटी कटौती से 10 सालों में नवरात्रि पर हुई सबसे ज्यादा बिक्री, अब निगाहें दिवाली पर



**नई दिल्ली,** (हि.स.) स्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) दरों में कटौती ने नवरात्रि के अवसर पर त्योहारी बिक्री को जोरदार बढ़ावा दिया है। ऑटोमोबाइल और रिटेल सेक्टर ने 25 फीसदी से 100 फीसदी तक की वृद्धि दर्ज की है, जिससे दिवाली तक बाजार में और तेजी की उम्मीद है।

**ऑटोमोबाइल क्षेत्र में रिकॉर्ड बिक्री ;** मारुति सुजुकी ने इस नवरात्रि में 100 फीसदी वृद्धि के साथ 1.5 लाख बुकिंग की सूचना दी, जबकि महिंद्रा, हुंडई, टाटा मोटर्स और हीरो मोटोकॉर्प ने भी खुदरा बिक्री में तेज बढ़त देखी। मारुति ने नवरात्रि के पहले दिन 30,000 कारें बेचकर 35 साल में सर्वश्रेष्ठ एकल-दिवसीय प्रदर्शन किया।

**उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स में तेजी** : एलजी, हायर और गोदरेज ने इस नवरात्रि में दोहरे अंकों में बिक्री वृद्धि दर्ज की। हायर के बड़े स्क्रीन टीवी का स्टॉक लगभग बिक गया और रोजाना 300-350 इकाइयां 65-इंच टीवी की बिकीं। रिलायंस रिटेल और विजय सेल्स ने भी 20-25% तक बिक्री वृद्धि देखी।

**अर्थव्यवस्था को बल देने वाला प्रभाव** : कारोबारी संगठनों का कहना है कि युक्तिसंगत जीएसटी स्लैब और कम कर दर ने उपभोक्ता विश्वास बढ़ाया है। त्योहारी सीज़न के पहले भाग में कुल बिक्री का 40-45% हिस्सा आता है, जो इसे भारत की सबसे बड़ी खपत अवधि बनाता है।

> **01: मारुति सुजुकी ने नवरात्रि में 1.5 लाख बुकिंग के साथ 35 साल में सर्वश्रेष्ठ एकल-दिवसीय बिक्री दर्ज की।**
>
> **02 : एलजी, हायर और गोदरेज सहित इलेक्ट्रॉनिक्स कंपनियों ने दोहरे अंकों में बिक्री वृद्धि दर्ज की।**
>
> **-03 : त्योहारी सीज़न के पहले भाग में कुल बिक्री का 40-45% हिस्सा आता है, जिससे उपभोक्ता-संचालित अर्थव्यवस्था को बड़ा बढ़ावा मिला।**

## सोने से पहले गाय का दूध या भैंस का : क्या कहते हैं एक्सपर्ट



**नई दिल्ली,** (हि.स.) दूध एक कंप्लीट फूड माना जाता है और इसका सेवन स्वास्थ्य के लिए बेहद फायदेमंद है। रात को सोने से पहले दूध पीना न सिर्फ शरीर को पोषण देता है, बल्कि नींद को भी बेहतर बनाने में मदद करता है। लेकिन अक्सर लोग सोचते हैं कि रात को गाय का दूध पीना चाहिए या भैंस का। आइए जानते हैं क्या कहते हैं हेल्थ एक्सपर्ट।

**1. गाय और भैंस के दूध में अंतर** : सफदरजंग के डॉ. अरुण कुमार के अनुसार, गाय और भैंस दोनों ही पौष्टिक हैं, लेकिन इनमें अंतर है। गाय का दूध हल्का और पचने में आसान होता है। इसमें ट्रिप्टोफैन और मेलाटोनिन जैसे तत्व होते हैं जो नींद को बढ़ावा देते हैं। वहीं भैंस का दूध गाढ़ा और प्रोटीन व फैट से भरपूर होता है, जिससे शरीर को ऊर्जा मिलती है लेकिन यह पचने में मुश्किल हो सकता है और रात में नींद में खलल डाल सकता है।

**2. सही समय पर दूध पीना**
दूध पीने का सही समय सोने से 1-2 घंटे पहले होता है। रात में सोने से तुरंत पहले दूध पीना पाचन क्रिया को प्रभावित कर सकता है और गैस या एसिडिटी जैसी समस्याएं पैदा कर सकता है। इसके अलावा, रात के खाने के कम से कम 2 घंटे बाद दूध का सेवन करना उचित रहता है।

**दूध का तापमान**
रात में हमेशा गर्म या हल्का गुनगुना दूध ही पिएं। ठंडा दूध पचाने में मुश्किल हो सकता है और सर्दी-जुकाम या गले में खराश की समस्या भी पैदा कर सकता है। गर्म दूध शरीर को आराम देता है और नींद में सुधार करता है।

रात को सोने से पहले स्वास्थ्य के लिहाज से गाय का दूध बेहतर विकल्प है। यह हल्का, पचने में आसान और नींद बढ़ाने वाला होता है। भैंस का दूध ऊर्जा देता है, लेकिन रात में सोने से पहले इसके सेवन से बचना चाहिए।

## राशिफल : 05 अक्टूबर, 2025

मेष : व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। अधिकारी वर्ग से आपकी निकटता बढ़ेगी। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। रुका हुआ लाभ प्राप्त हो सकता है। नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। शुभांक-2-6-7

मिथुन : कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच आमोद-प्रमोद का दिन होगा। आय के अच्छे योग बनेंगे। व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। कुछ कार्य भी सिद्घ होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। शुभांक-5-6-7

सिंह : कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। सुख-आनंद कारक समय है। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। आत्मचिंतन करें। सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। योग्यताएं सम्मान दिलायेगी। शुभांक-3-6-9

तुला : लाभ में आशातीत वृद्घि तय है मगर नकारात्मक रुख न अपनाएं। किसी पुराने संकल्प को पुरा कर लेने का दिन हैं। 'आगे-आगे गौरख जागे' वाली कहावत चरितार्थ होगी। निष्ठा से किया गया कार्य पराक्रम व आत्मविश्वास बढ़ाने वाला होगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। यात्रा परिणाम सुखद रहेगा। शुभांक-3-5-8

धनु : अपने संघर्ष में स्वयं को अकेला महसूस करेंगे। विशेष परिश्रम से ही अभिष्ट कार्य सिद्घ होंगे। मन उदास रहेगा। कुछ पिछले संकट अब सिर उठा सकते हैं। निकट जनों के लिए अर्थव्यवस्था हेतु जोड़-तोड़ करना पड़ेगा। नौकरी में अपने अधीनस्थ लोगों से कम सहयोग मिलेगा। शुभांक-3-5-9

कुम्भ : विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। शुभ कार्यों में अड़चनें और परिवार के बुजुर्ग-जनों से मतभेद रहेगा। भय तथा शत्रुहानि की आशंका रहेगी। जमीन जायदाद का लाभ भी हो सकता है। आवास, मकान तथा वाहन की सुविधाएं मिलेंगी। बनते हुए कार्यों में बाधा आएगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। शुभांक-2-6-9

वृष : प्रसन्नता के साथ सभी जरूरी कार्य बनते नजर आएंगे। सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्घि के बाद दिन-भर उत्साह रहेगा। किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां आज पैदा होगी। मनोरथ सिद्घि का योग है। सभा-सोसायटी में सम्मान मिलेगा। प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। शुभांक-2-5-8

कर्क : अवरुद्घ कार्य संपन्न हो जाएंगे। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्घ हो रहे हैं। शुभांक-6-7-8

कन्या : दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी वातावरण में तनाव पैदा करेंगे। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। आवेग में आकर किये गए कार्यों का मलाल, अवसाद रहेगा। शत्रुपक्ष से सावधान रहें। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। शुभांक-5-7-8

वृश्चिक : कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों का समागम भी। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूति साथ रहेगी। शुभांक-5-8-9

मकर : सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्घि के बाद दिन-भर उत्साह रहेगा। किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां पैदा होगी। अल्प-परिश्रम से ही लाभ होगा। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। नियोजित धन से लाभ होने लगेगा। शुभांक-1-2-3

मीन : कार्य साधक दिन है व्यर्थ न गवाएं। विश्वस्त लोगों के कहे अनुसार चलें। राजकीय कार्यों में सतर्कता बरतें। मान-सम्मान को ठेस लग सकती है। जोश से कम व होश में रहकर कार्य करें। नये आगंतुकों से लाभ होगा। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। शुभांक-4-7-8

## पंचांग : 05 अक्टूबर, 2025

05 अक्टूबर 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति
ग्रह स्थिति
सूर्य कन्या में
चंद्र कुंभ में
मंगल तुला में
बुध तुला में
गुरु मिथुन में
शुक्र सिंह में
शनि मीन में
राहु कुंभ में
केतु सिंह में
लग्नारंभ समय
तुला 06.50 बजे से
वृश्चिक 09.05 बजे से
धनु 11.21 बजे से
मकर 13.26 बजे से
कुंभ 15.12 बजे से
मीन 16.45 बजे से
मेष 18.16 बजे से
वृष 19.56 बजे से
मिथुन 21.54 बजे से
कर्क 00.07 बजे से
सिंह 02.23 बजे से
कन्या 04.35 बजे से
रविवार 2025 वर्ष का 278वां दिन
दिशाशूल पश्चिम ऋतु शरद।

विक्रम संवत् 2082
शक संवत् 1947
मास आश्विन पक्ष शुक्ल
तिथि त्रयोदशी 15.04 बजे को समाप्त।
नक्षत्र शतभिषा 08.01 बजे को समाप्त।
योग गण्ड 16.34 बजे को समाप्त।
करण तैतिल 15.04 बजे तदनन्तर गर 01.48 बजे रात्र को समाप्त।
चन्द्रायु 13.2 घण्टे
रवि क्रान्ति दक्षिण 040 45
सूर्य दक्षिणायन
कलि अहर्गण 1872488
जूलियन दिन 2460953.5
कलियुग संवत् 5126
कल्पारंभ संवत् 1972949123
सृष्टि ग्रहारंभ संवत् 1955885123
वीरनिर्वाण संवत् 2551
हिजरी सन् 1446
महीना रबी उस्सानी
तारीख 12




# अमित शाह ने छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री ग्रामीण बस सेवा का किया शुभारंभ, महतारी वंदन की 20वीं किस्त जारी की

**जगदलपुर,** (हि.स.)। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह अपने दो दिवसीय छत्तीसगढ़ दौरे पर शनिवार को बस्तर दशहरा के कार्यक्रम में शामिल हुए। इसके बाद शाह ने 'महतारी वंदन योजना' की 20वीं किस्त जारी की और मुख्यमंत्री ग्रामीण बस सेवा को हरी झंडी दिखाकर शुरू किया फिर उन्होंने

**स्थानीय लोगों से संवाद किया।**
गृहमंत्री शाह ने बस्तर दौरे की शुरुआत मां दंतेश्वरी मंदिर में दर्शन कर पूजा-अर्चना के साथ की। इसके बाद वे बस्तर दशहरा में मुरिया दरबार रस्म में शामिल हुए। उन्होंने मुरिया दरबार में पारंपरिक प्रतिनिधियों मांझी, चालकी और गायता से भेंट की। इसके बाद लालबाग मैदान में आयोजित स्वदेशी मेला में अपने संबोधन से पहले केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंच से 'महतारी वंदन योजना' की 20वीं किस्त के रूप में 606 करोड़ रुपये से अधिक की राशि राज्य की महिलाओं के खातों में बटन दबाकर ट्रांसफर की। उन्होंने कहा कि यह योजना छत्तीसगढ़ की मातृशक्ति को सशक्त बनाने की दिशा में एक क्रांतिकारी कदम है। इस मौके पर केंद्रीय गृहमंत्री ने मुख्यमंत्री ग्रामीण बस सेवा को हरी झंडी दिखाकर शुरू किया, जिसके तहत 250 गांवों को मुख्यालय से जोड़ा जाएगा। उन्होंने कहा कि इससे ग्रामीण क्षेत्रों में आवागमन आसान होगा और विकास की रफ्तार तेज होगी।

# देश की छवि को धूमिल करने वाला है राहुल का बयान : भाजपा

**नई दिल्ली,** (हि.स.)।

**01: कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने भाजपा पर नाकामियों के लिए कांग्रेस को दोषी ठहराने का आरोप लगाया।**

----------------

**02 : राहुल गांधी दक्षिण अमेरिका के चार देशों का दौरा कर राजनीतिक नेताओं, छात्रों और कारोबारियों से मिल रहे हैं।**

----------------

**03 : पेरू की राजधानी लीमा में राहुल का पारंपरिक नृत्य और संगीत के साथ स्वागत किया गया।**

----------------



भारतीय जनता पार्टी ने राहुल गांधी के कोलंबिया में किए गए बयान को देश की अंतरराष्ट्रीय छवि धूमिल करने वाला बताया है। पार्टी का कहना है कि विदेशों में इस तरह की टिप्पणियाँ भारत को नुकसान पहुंचाती हैं और वैश्विक मंच पर देश की स्थिति पर प्रश्न उठाती हैं।

**कांग्रेस का जवाब**
कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने राहुल के बयान का समर्थन करते हुए कहा कि भाजपा अपनी असफलताओं के लिए कांग्रेस को दोषी ठहराती है। वेणुगोपाल ने कहा कि भारत सरकार आर्थिक और जनसांख्यिकीय क्षमता का सही इस्तेमाल करने में विफल रही है। उन्होंने भाजपा से अपील की कि वह अपने बयानों और कमियों पर ध्यान दें।

**राहुल गांधी की दक्षिण अमेरिका यात्रा :** राहुल गांधी फिलहाल दक्षिण अमेरिका के चार देशों—कोलंबिया, ब्राज़ील, पेरू और चिली—का दौरा कर रहे हैं। इस दौरान वे राजनीतिक नेताओं, छात्रों और कारोबारी वर्ग से मुलाकात कर रहे हैं। हाल ही में वे पेरू की राजधानी लीमा में पहुंचे, जहाँ पारंपरिक नृत्य और संगीत के साथ उनका स्वागत किया गया।

**मेडेलिन में 'द फ्यूचर इज टुडे' सेमिनार ;** कोलंबिया के मेडेलिन स्थित ईआईए यूनिवर्सिटी में आयोजित इस सेमिनार में राहुल गांधी ने कहा कि भारत में लोकतांत्रिक ढांचे पर गंभीर हमला हो रहा है। उन्होंने केंद्रीय भ्रष्टाचार और कुछ बड़े कारोबारियों के आर्थिक नियंत्रण को देश के लिए सबसे बड़े खतरे के रूप में बताया।

# त्योहारों के मौसम में रेल यात्रियों की बढ़ी परेशानी, दुर्गापुर इंटरलॉकिंग कार्य के चलते 57 ट्रेनें रद्द

**कोलकाता,** (हि.स.)।

----------------

**» इस अवधि में कुल 57 ट्रेनों को रद्द किया जाएगा और कई ट्रेनों का मार्ग या गंतव्य बदल जाएगा।**

----------------

**» हावड़ा–मोकामा एक्सप्रेस, देवघर–हावड़ा मयूराक्षी एक्सप्रेस समेत कई ट्रेनें घुमावदार मार्ग से चलेंगी।**

----------------

**» रेलवे का कहना है कि यह काम यात्रियों की सुरक्षा और यात्रा को सुगम बनाने के लिए आवश्यक है, हालांकि यात्रियों को असुविधा होगी।**

----------------



बर्दवान–आसनसोल रेलखंड के दुर्गापुर स्टेशन पर इंटरलॉकिंग का काम शुरू होने जा रहा है, जिसके चलते कई महत्वपूर्ण ट्रेनों को रद्द करने, मार्ग परिवर्तित करने तथा समय में बदलाव का निर्णय लिया गया है।

पूर्व रेल सूत्रों के अनुसार, यह कार्य 6 अक्टूबर से प्रारंभ होकर 23 नवम्बर तक चलेगा। इस अवधि में कुल 57 ट्रेनों को रद्द किया जाएगा, जिनमें अधिकांश एक्सप्रेस ट्रेनें हैं। इसके अतिरिक्त कई ट्रेनों का मार्ग परिवर्तित किया गया है तथा कुछ ट्रेनों के गंतव्य को भी संक्षिप्त किया गया है।

रेलवे सूत्रों ने बताया कि हावड़ा–मोकामा एक्सप्रेस, देवघर–हावड़ा मयूराक्षी एक्सप्रेस समेत कई ट्रेनों को घुमावदार मार्ग से चलाया जाएगा। वहीं हावड़ा–रांची शताब्दी, रांची–हावड़ा शताब्दी एक्सप्रेस तथा नई दिल्ली–हावड़ा पूर्वा एक्सप्रेस सहित कई ट्रेनों के समय में बदलाव किया गया है।

यात्रियों ने इस निर्णय पर नाराजगी जताई है। उनका कहना है कि त्योहारों के मौसम में जब हजारों लोग अपने घर लौटते हैं, उस समय इतने बड़े पैमाने पर ट्रेनों को रद्द करना उचित नहीं। इससे लोगों को भारी असुविधा होगी।

हालांकि रेल प्रशासन का कहना है कि यह कार्य पुराने सिग्नलिंग सिस्टम और रेल लाइनों के आधुनिकीकरण के उद्देश्य से किया जा रहा है। अधिकारियों का तर्क है कि "थोड़े दिनों की असुविधा के बाद यात्रियों की यात्रा और अधिक सुरक्षित और सुगम हो जाएगी।"

# प्रियंका गांधी ने वायनाड के पुनर्वास को लेकर केंद्र से फिर की अपील

**मैहर,** (हि.स.)।नई दिल्ली, 4 अक्टूबर (हि.स.)। कांग्रेस महासचिव एवं वायनाड की सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने केरल के वायनाड में आई भीषण प्राकृतिक आपदा के बाद केंद्र सरकार से पुनर्वास के लिए तत्काल कदम उठाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि केंद्र की ओर से दी गई राहत राशि पर्याप्त नहीं है और इससे प्रभावित लोगों की वास्तविक जरूरतों की पूर्ति नहीं हो रही है।

**वास्तविक जरूरत और केंद्र की राहत में बड़ा अंतर :** प्रियंका गांधी ने बताया कि केरल सरकार ने वायनाड के भूस्खलन और अन्य आपदाओं के बाद क्षेत्र के पुनर्निर्माण के लिए 2221 करोड़ रुपये की मांग की थी। इसके बावजूद केंद्र ने केवल 260 करोड़ रुपये की राशि मंजूर की, जो कि जरूरत के बेहद कम हिस्से के बराबर है। उन्होंने इसे स्थानीय लोगों के प्रति उपेक्षा करार दिया।



**पीड़ितों की अपेक्षाएं और असंतोष :** सांसद ने कहा कि जिन लोगों ने अपने घर, आजीविका और प्रियजनों को खो दिया, वे प्रधानमंत्री की यात्रा के बाद सार्थक सहायता की उम्मीद कर रहे थे। लेकिन उन्हें केवल निराशा का सामना करना पड़ा। उन्होंने जोर देकर कहा कि राहत और पुनर्वास को राजनीति से ऊपर रखा जाना चाहिए।

**मानवीय पीड़ा के प्रति संवेदनशीलता :** प्रियंका गांधी ने स्पष्ट किया कि मानवीय पीड़ा को राजनीतिक अवसर नहीं बनाया जा सकता। वायनाड के लोग न्याय, समर्थन और सम्मान के हकदार हैं। उन्होंने केंद्र से पुनर्वास और राहत कार्यों को तात्कालिक और निष्पक्ष तरीके से सुनिश्चित करने का आग्रह किया।

# संघ प्रमुख मोहन भागवत मप्र के दो दिनों के प्रवास पर मैहर पहुंचे, मां शारदा मंदिर में करेंगे दर्शन

**मैहर,** (हि.स.)। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत शनिवार सुबह मध्य प्रदेश के मैहर पहुंचे। वे प्रसिद्ध मां शारदा मंदिर में दर्शन-पूजा करेंगे। मंदिर को शक्ति पीठ के रूप में माना जाता है और यह श्रद्धालुओं के लिए महत्वपूर्ण आस्था केंद्र है। दर्शन के बाद वे सतना जिले के उतेली इलाके में आयोजित प्रांत स्तरीय विस्तारक वर्ग को संबोधित करेंगे, जिसमें प्रदेश भर से संघप्रचारक शामिल होंगे और संगठन की आगे की योजनाओं पर चर्चा होगी।

**कड़े सुरक्षा इंतजाम :**
सरसंघचालक के आगमन को लेकर सुरक्षा प्रबंध कड़े किए गए हैं। डॉ. भागवत सुबह करीब साढ़े सात बजे मैहर रेलवे स्टेशन पहुंचे, जहाँ से



उन्हें कार द्वारा संघ कार्यालय बॉस कॉलोनी ले जाया गया। प्रशासन ने मंदिर परिसर को आम दर्शनार्थियों के लिए सीमित किया और श्रद्धालुओं की संख्या नियंत्रित की। मैहर कलेक्टर ने 4 अक्टूबर सुबह 4 बजे से रात 8 बजे तक पूरे तहसील क्षेत्र को नो-फ्लाई जोन घोषित किया। इस दौरान ड्रोन, पैराग्लाइडर और हॉट एयर बैलून जैसी गतिविधियों पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा।

**सतना में कार्यक्रम**
दर्शन के बाद सरसंघचालक का काफिला सतना के लिए रवाना होगा। 5 अक्टूबर को वे सतना के सिंधी कैंप स्थित बाबा मेहरशाह दरबार साहिब का लोकार्पण करेंगे और बीटीआई ग्राउंड में संबोधन देंगे। सतना कलेक्टर ने बताया कि सभी कार्यक्रमों पर निगरानी रखी जा रही है और ट्रैफिक व पार्किंग का ध्यान रखा गया है।

# कलिम्पोंग में कार खाई में गिरी, 4 लोगों की मौत, तीन घायल



**सिलीगुड़ी,** (हि.स.)। कलिम्पोंग में राष्ट्रीय राजमार्ग 10 पर शुक्रवार रात एक वाहन के गहरी खाई में गिर जाने से कम से कम चार लोगों की मौत हो गई और तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए।

पुलिस सूत्रों के अनुसार, यह घटना कलिम्पोंग थाना अंतर्गत मेली किरनी के पास रात करीब 8 बजे हुई। पाथेरझोरा से गंगटोक जा रही एक कार सड़क से फिसलकर लगभग 50 फीट गहरी खाई में गिर गई।

मृतकों की पहचान कमल सुब्बा (44), जो वाहन चला रहे थे, समीरा सुब्बा (20), जानुका दार्जी और नीता गुरुंग के रूप में हुई है। ये सभी बोजोघरी इलाके के निवासी थे। घायलों में सुनीता थापा, संदरिया राय और समीउल दार्जी को मेली सिक्किम अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज चल रहा है। पुलिस ने दुर्घटना के कारणों का पता लगाने के लिए जांच शुरू कर दी है।

# शांति प्रस्ताव को लेकर अमेरिकी धमकी के बाद राजी हुआ हमास, ट्रंप ने इजराइल को गाजा में कार्रवाई तत्काल रोकने को कहा



**इसके अलावा:**
गाजा से चरणबद्ध सैन्य वापसी होगी।
रोजाना कम से कम 600 ट्रक मानवीय राहत पहुंचेगी।
गाजा प्रशासन तकनीकी विशेषज्ञो को सौंपा जाएगा।
आतंकी सुरंगें और हथियार संरचनाएं नष्ट होंगी।
गाजा को आतंकमुक्त क्षेत्र बनाकर पुनर्निर्माण व विकास शुरू होगा।

**इस्लामाबाद,** (हि.स.)। वॉशिंगटन, 4 अक्टूबर (हि.स.)। अमेरिका के गाजा शांति प्रस्ताव पर फिलिस्तीनी संगठन हमास ने सहमति जता दी है। उसने घोषणा की है कि शांति प्रस्ताव लागू होने के 72 घंटे के भीतर सभी 48 इजरायली बंधकों को रिहा किया जाएगा और गाजा प्रशासन 'स्वतंत्र तकनीकी विशेषज्ञों की फिलिस्तीनी संस्था' को सौंप दिया जाएगा। इसके बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इजराइल से गाजा में तुरंत बमबारी रोकने का आग्रह किया। ट्रंप के अल्टीमेटम के कुछ ही घंटों बाद हमास की यह सहमति सामने आई।

**ट्रंप के प्रयासों की सराहना, मोदी का समर्थन** : करीब दो साल से जारी गाजा युद्ध थमने की संभावना ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उम्मीद जगाई है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ट्रंप की कोशिशों की सराहना करते हुए कहा कि बंधकों की रिहाई महत्वपूर्ण कदम है। ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पर लिखा, "हमास स्थायी शांति के लिए तैयार दिखता है।" उन्होंने इजराइल को तुरंत हमले रोकने की सलाह दी ताकि बंधकों को सुरक्षित निकाला जा सके।

**गाजा पीस प्लान की प्रमुख शर्तें** : द टाइम्स ऑफ इजराइल के अनुसार 20 सूत्री प्रस्ताव में हमास को 72 घंटे में सभी बंधक छोड़ने होंगे। बदले में इजराइल 2,000 से अधिक फिलिस्तीनी कैदियों और मृतकों के शव लौटाएगा।

**गाजा संघर्ष और अब तक की हताहतें** : गौरतलब है कि 7 अक्टूबर 2023 को हमास के आतंकी हमले में 1,195 लोग मारे गए थे, जिसके बाद इजराइल ने गाजा में सैन्य कार्रवाई शुरू की। गाजा स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार 24 सितंबर 2025 तक 68,300 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है, जिनमें 66,414 फिलिस्तीनी और 1,983 इजरायली शामिल हैं। इसमें पत्रकार, शिक्षाविद और मानवीय कार्यकर्ता भी बड़ी संख्या में हताहत हुए हैं। शांति समझौते से मध्य पूर्व में लंबे समय से चल रहे संकट के खत्म होने की उम्मीद बंधी है।

# जापान में पहली महिला प्रधानमंत्री बनेगीं सनाए तकाइची



**टोक्यो,** (हि.स.)। जापान की राजनीति में नया इतिहास रचते हुए पूर्व आर्थिक सुरक्षा मंत्री सनाए ताकाइची सत्तारूढ़ लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी (एलडीपी) की पहली महिला अध्यक्ष चुनी गईं। इस जीत के साथ ही उनके जापान की पहली महिला प्रधानमंत्री बनने का मार्ग प्रशस्त हो गया है।

**निर्णायक मुकाबले में जीत**
जापान टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार ताकाइची ने कृषि मंत्री शिंजिरो कोइज़ुमी को दूसरे दौर के निर्णायक मतदान में हराया। यह चुनाव पूर्व प्रधानमंत्री शिगेरू इशिबा के इस्तीफे के बाद हुआ, जिनकी सरकार संसद में बहुमत खो चुकी थी। दूसरे चरण में ताकाइची को 185 वोट मिले, जबकि कोइज़ुमी क 156 वोट ही मिल सके।

**सांसदों और सदस्यों का समर्थन** : दूसरे दौर में ताकाइची को सांसदों के 149 वोट और एलडीपी सदस्यों के 36 वोट मिले। इसके विपरीत कोइज़ुमी को सांसदों के 145 वोट और पार्टी की स्थानीय शाखा (प्रीफेक्चुरल चैप्टर) से केवल 11 वोट ही हासिल हुए। इस तरह ताकाइची ने निर्णायक बढ़त बनाकर पार्टी अध्यक्ष पद अपने नाम कर लिया।

**तीसरी बार मिली सफलता**
पार्टी अध्यक्ष पद के लिए ताकाइची की यह तीसरी दावेदारी थी। पहले दो प्रयासों में उन्हें असफलता हाथ लगी थी, लेकिन इस बार वे मजबूत समर्थन जुटाने में सफल रहीं। ताकाइची की यह जीत न केवल उनकी व्यक्तिगत उपलब्धि है, बल्कि जापान की राजनीति में महिला नेतृत्व की नई इबारत भी है।

**प्रधानमंत्री पद की ओर कदम**
एलडीपी के पास संसद में बहुमत है और परंपरा के अनुसार पार्टी अध्यक्ष ही प्रधानमंत्री बनता है। ऐसे में ताकाइची का अगला कदम जापान की पहली महिला प्रधानमंत्री के रूप में शपथ लेना होगा। उनकी जीत से जापानी राजनीति में नई दिशा और ऊर्जा की उम्मीद की जा रही है।

# ईरान में सात अपराधियों को दी गयी फांसी



**तेहरान,** (हि.स.)।ईरान ने कई वर्षों पहले चार सुरक्षाकर्मियों और एक धर्मगुरु की हत्या के दोषी पाए गए सात आरोपितों को शनिवार को फांसी दे दी। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक इन सात अपराधियों में से छह वे अरब अलगाववादियों थे जिन पर खूज़ेस्तान प्रांत के दक्षिण-पश्चिमी शहर खोर्रमशहर में सुरक्षाबलों पर सशस्त्र हमले करने का आरोप था। हमलों में चार सुरक्षाकर्मी मारे गए थे। सातवा अपराधी समन मोहम्मदी खियारेह एक कुर्द है जिसे 2009 में कुर्द शहर सानंदज में सरकार समर्थक सुन्नी धर्मगुरु मामौस्ता शेख अल-इस्लाम की हत्या के लिए दोषी ठहराया गया था। इन सभी अपराधियों का इज़राइल से संबंध था। हालांकि यह एक ऐसा आरोप जिसे ईरान नियमित रूप से जातीय अल्पसंख्यकों के खिलाफ इस्तेमाल करता रहा है। इस बीच मानवाधिकार कार्यकर्ताओं ने मोहम्मदी खियारेह को फांसी दिए जाने पर सवाल उठाते हुए कहा कि अपराध के समय वह केवल 15 या 16 वर्ष का था और उसे 19 वर्ष की आयु में गिरफ्तार किया गया था। फांसी से पहले एक दशक से अधिक समय तक उसे हिरासत में रखा गया था।कार्यकर्ताओं का आरोप है कि उसे यातनाएं दी गई थीं जिसके तहत उससे अपराध की स्वीकारोक्ति ली गई थी। अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन "एमनेस्टी इंटरनेशनल" के अनुसार ईरान में इस साल अब तक 1,000 से अधिक लोगों को फांसी दी जा चुकी है जो पिछले 15 वर्षों का सबसे अधिक वार्षिक आंकड़ा है।

## बुलेटिन बॉक्स

» **पीओके में शांति समझौता: पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में प्रदर्शनकारियों ने सरकार को झुकाया, हिंसक विरोध प्रदर्शन समाप्त।**

---------------

» **हमास ने गाजा शांति प्रस्ताव स्वीकारा: 48 इजरायली बंधकों की 72 घंटे के भीतर रिहाई और गाजा प्रशासन को सौंपने की घोषणा।**

---------------

» **बांग्लादेश ने अफगानिस्तान को हराया: तीसरे T20 मैच से पहले बांग्लादेश ने अफगानिस्तान को 2 विकेट से हराकर श्रृंखला में 2-0 की अजेय बढ़त बनाई।**

---------------

» **ब्रिटेन-भारत क्वांटम कंप्यूटिंग समझौता: ब्रिटिश पीएम कीर स्टार्मर के भारत दौरे से पहले दोनों देशों ने क्वांटम कंप्यूटिंग और तकनीकी सहयोग में समझौता किया।**

## काठमांडू आने-जाने वाली लंबी दूरी की सार्वजनिक परिवहन सेवाएं तीन दिन के लिए निलंबित



**काठमांडू,** (हि.स.)। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीआरए) ने काठमांडू में प्रवेश करने और यहां से बाहर जाने वाले वाहनों सहित लंबी दूरी की सार्वजनिक परिवहन सेवाओं को तीन दिनों के लिए प्रतिबंधित कर दिया है।
प्राधिकरण ने शनिवार को एक बयान में कहा कि यह निर्णय जल विज्ञान और मौसम विज्ञान विभाग के सोमवार तक भारी बारिश के पूर्वानुमान को ध्यान में रखते हुए लिया गया। शुक्रवार रात से भारी बारिश के कारण काठमांडू आने वाले सभी राजमार्गों पर भारी भूस्खलन होने की खबर है।
प्राधिकरण ने कहा, "कोशी, माधेस, बागमती, गांडकी और लुम्बिनी प्रांतों से संचालित सभी लंबी दूरी के वाहनों के साथ-साथ काठमांडू घाटी में प्रवेश करने और छोड़ने वाले वाहनों को 4 से 6 अक्टूबर तक निलंबित रखा जाएगा। इसके अलावा संबंधित जिलों के मुख्य जिला अधिकारियों और सुरक्षा एजेंसियों को निलंबन को लागू करने, आदेश का अनुपालन करने और सख्त निगरानी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है।

# भारी बारिश के कारण नेपाल में काठमांडू व अन्य हवाईअड्डों पर विमान सेवाएं प्रभावित



**काठमांडू,** (हि.स.)। नेपाल में शुक्रवार रात से हो रही मूसलाधार बारिश के कारण काठमांडू और अन्य हवाई अड्डों से उड़ान सेवाएं प्रभावित हुई हैं। कई हवाई अड्डे से विमानों का संचालन ठप हो गया है।
काठमांडू स्थित त्रिभुवन अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे से आंतरिक उड़ानों को रोक दिया गया है। बारिश के कारण विजिबिलिटी काफी कम होने के कारण उड़ानें स्थगित किए जाने की जानकारी दी गई है।
नेपाल नागरिक उड्डयन प्राधिकरण के महाप्रबंधक हंसराज पांडे के मुताबिक बारिश और तेज हवा के कारण आंतरिक विमानों के उड़ान में काफी दिक्कतें आ रही है। इसलिए काठमांडू आने वाले सभी आंतरिक विमानों के अवतरण को रोक दिया गया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि अंतराष्ट्रीय उड़ाने नियमित हैं। काठमांडू के अलावा देश के कई शहरों के हवाईअड्डे भी प्रभावित हुए हैं। पाडे के मुताबिक जनकपुर, सिमरा, विराटनगर, भरतपुर, भद्रपुर, भैरहवा, नेपालगंज, तुम्लिंगतार आदि हवाईअड्डे को भी बारिश के कारण बंद किया गया है। उन्होंने बताया कि कई हवाईअड्डे के रनवे तक के जलजमाव के कारण उड़ानें बाधित हुई हैं।

# पाकिस्तान सरकार ने पीओके प्रदर्शनकारियों की अधिकतर मांगें मानीं, समझौते पर किए हस्ताक्षर



**हिंसा पर चिंता और समाधान की राह** : पिछले सप्ताह वार्ता विफल होने के बाद से पीओके में विरोध तेज हो गया था, जिसमें कम से कम 10 लोगों की मौत और सैकड़ों घायल हुए। पाकिस्तान मानवाधिकार आयोग ने भी अत्यधिक बल प्रयोग और संचार व्यवस्था ठप होने पर गंभीर चिंता जताई थी। अब समझौते के बाद सड़कों से प्रदर्शनकारी हट रहे हैं और हालात सामान्य हो रहे हैं।

**इस्लामाबाद,** (हि.स.)। पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में कई दिनों से जारी हिंसक विरोध प्रदर्शनों का अंत हो गया है। शनिवार को संघीय सरकार के उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल और जम्मू-कश्मीर संयुक्त अवामी एक्शन कमेटी (जेके-जेएएसी) के बीच वार्ता के बाद 12 प्रमुख निर्णयों और 13 अतिरिक्त बिंदुओं वाले शांति समझौते पर हस्ताक्षर हुए। समझौते के बाद प्रधानमंत्री शहबाज़ शरीफ ने कहा कि सभी मुद्दों का सौहार्दपूर्ण समाधान हो गयाहै।

**मृतकों और घायलों को मुआवज़ा** : समझौते के अनुसार, हालिया प्रदर्शनों में मारे गए लोगों को कानून प्रवर्तन एजेंसियों के समान आर्थिक लाभ मिलेगा। गोलीबारी में घायल व्यक्तियों को प्रति व्यक्ति 10 लाख रुपये का मुआवज़ा और मृतकों के परिजनों को 20 दिनों के भीतर सरकारी नौकरी देने का वादा किया गया है।

# पीओके की विस्फोटक स्थिति को लेकर झुकी शहबाज सरकार, बातचीत शुरू कर कई मांगें मानीं


**इस्लामाबाद,** (हि.स.)।

**उच्चस्तरीय बैठक में हिंसा के मामलों में एफआईआर दर्ज करने और न्यायिक आयोग बनाने पर सहमति बनी।**

---------------

**मृतकों के परिजनों को मुआवज़ा, घायल को 10 लाख रुपये और सरकारी नौकरी देने का फैसला लिया गया।**

---------------



पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में हाल ही में हुई पुलिस गोलीबारी और विरोध प्रदर्शनों में 12 लोगों की मौत के बाद स्थिति बेहद तनावपूर्ण हो गई। प्रदर्शनकारियों के गुस्से और व्यापक विरोध को देखते हुए प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ की सरकार को झुकना पड़ा और उन्होंने संयुक्त अवामी एक्शन कमेटी (जेएएसी) के साथ बातचीत की पहल की। शहबाज सरकार की कोशिश है कि विस्फोटक हालात का तात्कालिक समाधान किया जा सके।

**उच्चस्तरीय बैठक और वार्ता**
मुज़फ़्फ़राबाद के पीसी होटल में 3 अक्टूबर को हुई उच्चस्तरीय बैठक में पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री राजा परवेज़ अशरफ़, संघीय मंत्री, पीओके सरकार के मंत्री और जेएएसी के सदस्य शामिल हुए। बैठक में हिंसा और तोड़फोड़ की घटनाओं के मामले में आतंकवाद निरोधक कानून के तहत एफआईआर दर्ज करने और जरूरत पड़ने पर न्यायिक आयोग बनाने पर सहमति बनी। हालांकि बैठक के नतीजों की आधिकारिक घोषणा फिलहाल नहीं हुई है।

**मुआवज़ा और राहत उपाय**
बैठक में तय किया गया कि 1 और 2 अक्टूबर की घटनाओं में मारे गए लोगों के परिजनों को सुरक्षा बलों के मामलों के समान मुआवज़ा मिलेगा। गोली से घायल प्रत्येक व्यक्ति को 10 लाख रुपये दिए जाएंगे और मृतक परिवार के एक सदस्य को 20 दिन के भीतर सरकारी नौकरी मिलेगी। इसके अलावा मुज़फ़्फ़राबाद और पुंछ में दो नए इंटरमीडिएट और सेकेंडरी शिक्षा बोर्ड स्थापित किए जाएंगे और पीओके के तीनों बोर्डों को 30 दिनों में संघीय शिक्षा बोर्ड से जोड़ा जाएगा। सरकार 15 दिनों के भीतर स्वास्थ्य कार्ड लागू करने के लिए धन जारी करेगी।

**अंतरराष्ट्रीय चिंता और प्रदर्शन**
पुलिस गोलीबारी के बाद लोगों का गुस्सा बढ़ गया। हजारों प्रदर्शनकारियों ने पाकिस्तान और पीओके की सीमाओं पर विरोध प्रदर्शन किया। कई जगहों पर पुलिस वैन और बुलडोजर को आग के हवाले कर दिया गया। एमनेस्टी इंटरनेशनल और अन्य मानवाधिकार संगठनों ने प्रदर्शनकारियों पर बल प्रयोग और संचार प्रतिबंधों को लेकर चिंता जताई और पाकिस्तान सरकार से शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन की अनुमति देने की अपील की।

## भारत-यूके क्वांटम समझौता: किसानों और जलवायु सुरक्षा के लिए नई तकनीक

**मुंबई,** ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर अगले हफ्ते भारत के दौरे पर आएंगे। उनके दौरे से पहले भारत और यूके ने क्वांटम कंप्यूटिंग के क्षेत्र में बड़ा समझौता किया है। यह समझौता इंपीरियल कॉलेज लंदन और आईआईटी बॉम्बे के बीच हुआ है। इसका उद्देश्य सूखे और जलवायु परिवर्तन से प्रभावित क्षेत्रों में फसलों की रक्षा और मृदा सूक्ष्मजीवों के बेहतर उपयोग के नए तरीके खोजना है। यह परियोजना 'भारत-यूके टेक्नोलॉजी सिक्योरिटी इनिशिएटिव' (टीएसआई) का हिस्सा है। टीएसआई के तहत क्वांटम कंप्यूटिंग का इस्तेमाल मिट्टी में पौधों और बैक्टीरिया के जटिल इंटरैक्शन मॉडल बनाने के लिए किया जाएगा। इससे वैश्विक खाद्य सुरक्षा और जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों का समाधान ढूंढने में मदद मिलेगी। क्वांटम कंप्यूटिंग पारंपरिक कंप्यूटर से अलग है। इसमें "क्यूबिट्स" का इस्तेमाल होता है, जो एक समय में 0 और 1 दोनों हो सकते हैं। एंटैंगलमेंट और सुपरपोजिशन की वजह से यह तकनीक जटिल समस्याओं को तेज और सटीक हल कर सकती है, जैसे दवाओं की खोज, जलवायु मॉडलिंग और मशीन लर्निंग।

# अहमदाबाद टेस्ट : भारत जीत से 5 विकेट दूर, वेस्टइंडीज ने तीसरे दिन लंच तक 66 रन पर खोए 5 विकेट




**अहमदाबाद,** (हि.स.)। यहां नरेन्द्र मोदी स्टेडियम में वेस्ट इंडीज के खिलाफ खेले जा रहे पहले टेस्ट मैच के तीसरे दिन भारत ने सुबह के सत्र में पूरी तरह से दबदबा बनाए रखा। भारतीय टीम अब जीत से 5 विकेट दूर है, जबकि वेस्टइंडीज को पारी की हार से बचने के लिए अभी भी 220 रन चाहिए।

भारतीय टीम ने आज सुबह कल के अपने स्कोर 5 विकेट पर 448 रन पर ही पारी घोषित कर दी। 286 रन से पिछड़ रही वेस्टइंडीज की टीम की दूसरी पारी में शुरुआत खराब रही। मोहम्मद सिराज ने तेगा नारायण चंद्रपॉल (08) को 12 के कुल स्कोर पर आउट कर भारत को पहली सफलता दिलाई। नीतिश रेड्डी ने स्क्वॉयर लेग पर चंद्रपॉल का बेहतरीन कैच पकड़ा।

इसके बाद रवीन्द्र जडेजा ने पहले जॉन कैंपबेल (14) और फिर ब्रैंडन किंग (05) को आउट कर वेस्टइंडीज का स्कोर 34 रन पर 3 विकेट कर दिया। कुलदीप यादव ने कप्तान रोस्टन चेज (01) को बोल्ड कर भारत को चौथी सफलता दिलाई। 46 के कुल स्कोर पर जडेजा ने साई होप (01) को आउट कर भारत को पांचवीं सफलता दिलाई। यहां से एलिक एथानेज (नाबाद 27) और जस्टिन ग्रीव्स (नाबाद 10) ने कोई और नुकसान नहीं होने दिया। वेस्टइंडीज ने लंच तक 5 विकेट पर 66 रन बना लिए हैं और भारत से अब भी 220 रन से पीछे है।

भारतीय टीम ने पहली पारी 5 विकेट पर 448 रन बनाकर घोषित की इससे पहले सलामी बल्लेबाज के.एल. राहुल, युवा विकेटकीपर-बल्लेबाज ध्रुव जुरेल और ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा के शतकों की बदौलत भारत ने दूसरे दिन का खेल खत्म होने तक 5 विकेट पर 448 रन बना लिए थे और आज तीसरे दिन सुबह इसी स्कोर पर पारी घोषित कर दी और पहली पारी के आधार पर 286 रनों की विशाल बढ़त हासिल की।

भारत की ओर से केएल राहुल ने 100, ध्रुव जुरेल ने 125 और रवींद्र जडेजा ने नाबाद 104* रनों की बेहतरीन शतकीय पारी खेली। वहीं, कप्तान शुभमन गिल ने भी 50 रनों की बेहतरीन अर्धशतकीय पारी खेली। वेस्टइंडीज की पहली पारी मात्र 162 रनों पर सिमट गई थी।

स्कोरकार्ड
वेस्टइंडीज (पहली पारी): 162, वेस्टइंडीज दूसरी पारी: 66/5
भारत (पहली पारी): 448/5 (पारी घोषित)।

## छत्तीसगढ़ के जशपुर में 11 अक्टूबर से 13 अक्टूबर तक राज्य स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन

**रायपुर,** (हि.स.)। जशपुर के कम्यूनिटी हॉल में 11 से 13 अक्टूबर तक राज्य स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता आयोजित होगी। यह आयोजन छत्तीसगढ़ स्थापना की रजत जयंती महोत्सव के तहत जिला शतरंज संघ जशपुर करेगा। प्रतियोगिता में 2.51 लाख रुपये से अधिक नकद पुरस्कार और ट्रॉफियां दी जाएंगी। इसमें अंडर-09, अंडर-11, अंडर-13, अंडर-15, वरिष्ठ और दिव्यांग वर्ग शामिल होंगे। सर्वश्रेष्ठ महिला, जशपुर निवासी और सरगुजा डिवीजन खिलाड़ी को भी सम्मानित किया जाएगा। उद्घाटन 11 अक्टूबर को सुबह 9:30 बजे और समापन 13 अक्टूबर को शाम 4 बजे होगा। पंजीकरण व अन्य जानकारी हेतु 7828697878 पर संपर्क करें।

## शुभमन गिल बने भारतीय टीम के वनडे कप्तान, ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए रोहित-कोहली की वापसी

**नई दिल्ली,** (हि.स.)। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने शुभमन गिल को रोहित शर्मा की जगह भारत की वनडे टीम का नया कप्तान नियुक्त किया है। गिल ऑस्ट्रेलिया में 19 अक्टूबर से शुरू होने वाली तीन मैचों की वनडे सीरीज में टीम का नेतृत्व करेंगे। 26 वर्षीय गिल अब टेस्ट और वनडे दोनों प्रारूपों में कप्तान और टी20 में उपकप्तान की भूमिका निभा रहे हैं।



**रोहित-कोहली की वापसी** ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे सीरीज में रोहित शर्मा और विराट कोहली लंबे समय बाद भारतीय टीम में वापसी कर रहे हैं। दोनों दिग्गजों ने मार्च 2025 में चैंपियंस ट्रॉफी के बाद से कोई अंतरराष्ट्रीय मैच नहीं खेला था। रोहित दिसंबर 2021 से वनडे कप्तान थे और उनके नेतृत्व में भारत 2023 एशिया कप जीता और विश्व कप के फाइनल तक पहुंचा।

**मुख्य खिलाड़ियों की अनुपस्थिति :** भारत की वनडे टीम से इस बार कई बड़े नाम बाहर रहेंगे। जसप्रीत बुमराह को आराम दिया गया है, जबकि हार्दिक पांड्या और ऋषभ पंत चोटिल होने के कारण उपलब्ध नहीं रहेंगे। रवींद्र जडेजा को भी टीम में शामिल नहीं किया गया है। टीम में युवा खिलाड़ियों को मौका दिया गया है, जिनमें ध्रुव जुरेल, यशस्वी जयसवाल और नितीश कुमार रेड्डी शामिल हैं।

उनका कप्तानी कार्यकाल चैंपियंस ट्रॉफी 2025 की जीत के साथ समाप्त हुआ। **टी20 सीरीज की तैयारी** वनडे सीरीज के बाद भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच 29 अक्टूबर से 8 नवंबर तक पांच टी20 मैच खेले जाएंगे। इस प्रारूप में सूर्यकुमार यादव कप्तान बने रहेंगे, जबकि शुभमन गिल उपकप्तान होंगे। जसप्रीत बुमराह की टी20 टीम में वापसी हुई है। इसके अलावा रिंकू सिंह, तिलक वर्मा, अभिषेक शर्मा और शिवम दुबे जैसे युवा खिलाड़ियों पर टीम की उम्मीदें टिकी होंगी।

## विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप : कियारा रोड्रिग्ज ने चौथी बार जीता लंबी कूद में स्वर्ण




**नई दिल्ली,** (हि.स.)। इक्वाडोर की कियारा रोड्रिग्ज ने विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025 में महिलाओं की लंबी कूद टी-47 स्पर्धा का स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रच दिया। उन्होंने पहले प्रयास में 6.29 मीटर की छलांग लगाकर चैंपियनशिप रिकॉर्ड अपने नाम किया। हंगरी की पेट्रा लुटेरान (5.98 मीटर) ने रजत और डेनमार्क की ब्योर्क नोएरेमार्क (5.84 मीटर) ने कांस्य पदक हासिल किया।

**पदक तालिका में भारत चौथे स्थान पर** : शनिवार को अमेरिका के माइकल ब्रैनिगन (1500 मीटर टी-20) और ईरान के अली बाजियारशूरिजेह (भाला फेंक) ने चैंपियनशिप रिकॉर्ड बनाया। अब तक 27 विश्व और 87 मीट रिकॉर्ड बन चुके हैं। पदक तालिका में ब्राजील पहले, चीन दूसरे और भारत 6 स्वर्ण, 5 रजत व 4 कांस्य के साथ चौथे स्थान पर है।

**भारतीय निमिषा का एशियाई रिकॉर्ड** : भारत की निमिषा सुरेश चक्कुंगलपरम्बिल चौथे स्थान पर रहीं। उन्होंने तीसरे दौर में 5.74 मीटर की छलांग के साथ एशियाई रिकॉर्ड बनाया, लेकिन पोडियम से चूक गईं। उनके आखिरी दो प्रयास फाउल और 5.45 मीटर पर खत्म हुए।

**अन्य भारतीय एथलीटों की चुनौती** : भारतीय खिलाड़ियों में दयावंती (डिस्कस थ्रो एफ64), दिलीप गावित (400 मीटर टी47), राहुल (ऊंची कूद टी63), पुष्पेंद्र सिंह और अजीत यादव (भाला फेंक) सहित सात पुरुष एथलीट पदक से मामूली अंतर से बाहर हो गए।

## भारत में शुरू हुई और यहीं थमी मार्कस रेम और स्टेफी नेरियस की 16 साल की जादुई साझेदारी

-मार्कस ने अपनी कोच के साथ जो यात्रा 2009 में भारत में शुरू की, वह अंततः भारत में ही समाप्त हुई




**नई दिल्ली,** (हि.स.)। मार्कस रेम ने वर्ल्ड पैरा एथलेटिक्स चैम्पियनशिप 2025 में 8.43 मीटर की लंबी कूद कर लगातार आठवां विश्व खिताब जीता। यह उपलब्धि केवल खेल का हिस्सा नहीं थी, बल्कि कोच स्टेफी नेरियस के साथ उनके 16 साल पुराने रिश्ते का भावुक समापन भी साबित हुई।

**सीमाओं को पार करने की प्रेरणा** : नेरियस की कोचिंग में रेम ने कृत्रिम पैर के बावजूद लंबी कूद की दुनिया में इतिहास रचा। उन्होंने 7 मीटर से शुरुआत कर 8.72 मीटर तक की छलांग लगाई, जो सक्षम खिलाड़ियों को भी चुनौती देती है। रेम ने स्वीकारा, "वह हमेशा मुझे मेरी सीमाओं से आगे ले जाती रहीं।"

**रिश्ते से बढ़कर साझेदारी** दोनों का संबंध कोच और खिलाड़ी से कहीं अधिक था। नेरियस ने उनके जीवन में परिवार जैसा स्थान बनाया। थकान हो या चोट, वह हर स्थिति में साथ खड़ी रहीं। रेम ने कहा, "उन्होंने मुझे सिर्फ एथलीट नहीं, इंसान के तौर पर भी बदला।" अब रेम डच प्रशिक्षण समूह से जुड़कर आगे बढ़ेंगे, लेकिन उनकी कहानी का अहम हिस्सा हमेशा नेरियस ही रहेंगी।

**भारत से शुरू हुई और भारत में खत्म हुई यात्रा :** सोलह साल पहले भारत में ही पहली विदेशी प्रतियोगिता के दौरान दोनों की साझेदारी की शुरुआत हुई थी। रेम उस समय हादसे के बाद नई पहचान खोज रहे थे और नेरियस ने उन्हें आत्मविश्वास दिया। अब भारत में ही यह अध्याय समाप्त हुआ, मानो जीवन ने कहानी को पूरा चक्र दे दिया।

## ग्रैंड शतरंज टूर फाइनल्स 2025 : प्रज्ञानानंद चौथे स्थान पर, कारुआना बने चैंपियन

**नई दिल्ली,** (हि.स.)। भारतीय ग्रैंडमास्टर आर. प्रज्ञानानंद 2025 ग्रैंड शतरंज टूर फ़ाइनल्स में अपना अभियान चौथे स्थान पर खत्म किया और 40,000 डॉलर की राशि अर्जित की। 20 वर्षीय इस खिलाड़ी को तीसरे स्थान के लिए हुए मैच में अनुभवी ग्रैंडमास्टर लेवोन अरोनियन के खिलाफ कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ा, जहां अर्मेनियाई स्टार ने लगातार तीन जीत के बाद तीन गेम शेष रहते जीत हासिल की। हार के बावजूद, प्रज्ञानानंद का एलीट चार-खिलाड़ियों के फ़ाइनल में पहुंचना उनके बेहतरीन प्रदर्शन को दर्शाता है, क्योंकि वे विश्व स्तरीय ग्रैंडमास्टर फ़ेबियानो कारूआना, ग्रैंडमास्टर मैक्सिम वचियर-लाग्रेव और अरोनियन जैसे दिग्गजों के साथ खड़े हुए।



शीर्ष तीन में जगह बनाकर, इन तीनों ने 2026 ग्रैंड शतरंज टूर में अपनी जगह पक्की कर ली। खिताब कारुआना के नाम रहा, जिन्होंने वाचियर-लाग्रेव से पहला गेम हारने के बाद शानदार वापसी की। अमेरिकी खिलाड़ी ने लगातार तीन जीत हासिल कर मैच पर कब्ज़ा जमा लिया। आखिरी गेम में वाचियर-लाग्रेव ने लगभग प्लेऑफ में जगह बना ली थी, लेकिन दबाव में एक बड़ी चूक ने कारुआना को खिताब और 150,000 डॉलर का शीर्ष पुरस्कार जीतने में मदद की। लाग्रेव को 100,000 डॉलर मिले, जबकि अरोनियन को 60,000 डॉलर मिले।

## बांग्लादेश ने दूसरे टी-20 में अफगानिस्तान को 2 विकेट से हराया, 3 मैचों की सीरीज़ में बनाई 2-0 की अजेय बढ़त

**शारजाह,** (हि.स.)। बांग्लादेश ने अफगानिस्तान को शुक्रवार देर रात खेले गए दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले में 2 विकेट से हराकर तीन मैचों की श्रृंखला में 2-0 की अजेय बढ़त बना ली। यह अफगानिस्तान की लगातार चौथी टी20 हार रही, जिनमें से तीन बांग्लादेश के खिलाफ आई हैं। अफगानिस्तान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 5 विकेट पर 147 रन बनाए। इब्राहिम जादरान ने 37 गेंदों पर 38 रन और रहमानुल्लाह गुरबाज ने 30 रन बनाए। अंत



में मोहम्मद नबी ने तेजतर्रार पारी खेली। बांग्लादेश की ओर से नासुम अहमद (2/25) और रिशाद हुसैन (2/45) ने महत्वपूर्ण विकेट झटके। लक्ष्य का पीछा करते हुए बांग्लादेश की शुरुआत बेहद खराब रही। टीम ने मात्र 24 रन पर तीन विकेट गंवा दिए। इसके बाद शमीम हुसैन (33) और जकर अली (32) ने 56 रनों की साझेदारी कर पारी को संभाला। जकर ने राशिद खान को चौका और छक्का जड़ा, लेकिन अगली गेंद पर आउट हो गए। शमीम भी जल्द ही चलते बने। अंतिम ओवरों में नुरुल हसन ने नबी पर लगातार दो छक्के लगाकर मैच का रुख पलट दिया। हालांकि ओमरजई (4/23) ने दो त्वरित विकेट लेकर रोमांच बढ़ाया। आखिरी 12 गेंदों पर 19 रन चाहिए थे, लेकिन नूर अहमद ने 17 रन लुटाए। शोरिफुल ने 19.1 ओवर में चौका लगाकर टीम को जीत दिलाई।